CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24° C
न्यूनतम : 08° C

मुरादाबाद, बुधवार 18 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 212 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 28 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में फिर बदलेगा मौसम, 22 तक बारिश और आंधी-तूफान के आसार पेज 2



आईपीएल 2026: युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर खेल टाइम्स



एपस्टीन फाइल्स : धन और प्रभाव में पीछे छूट गई मनुष्यता सम्पादकीय



ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प नाटो देश बोले: ये हमारी लड़ाई नहीं पेज 12

# हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी की मौत: IDF

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया है कि बीती रात ईरान में हुए हवाई हमले में अली लारीजानी की मौत हो गई है। इजरायली सेना ने ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को निशाना बनाकर यह हमला किया था।

लारीजानी ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी माने जाते थे। खामेनेई की मौत के बाद से वह ईरान के शासन में एक बहुत बड़ा चेहरा थे। इन दावों के बीच लारीजानी के दफ्तर ने कहा है कि वे थोड़ी देर में प्रेस को संबोधित कर जानकारी देंगे। इन हमलों में इजरायली सेना (आईडीएफ) ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी दावा किया है। सेना ने बताया कि सुलेमानी को एक टेंट कैंप में निशाना बनाया गया। बासिज फोर्स ने यह कैंप तब बनाया था जब इजरायल ने उनके पुराने मुख्यालयों को तबाह कर दिया था। इस हमले में सुलेमानी के साथ बासिज फोर्स के डिप्टी कमांडर और कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए हैं। बासिज फोर्स को ईरान में विरोध प्रदर्शनों को बेरहमी से कुचलने के लिए जाना जाता है। उन पर कई ईरानी नागरिकों की हत्या का आरोप भी थे।



**■ इजरायली सेना ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी किया दावा**

## बगदाद के अमेरिकी दूतावास और अन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले, क्षेत्र में तनाव बढ़ा

**बगदाद/वाशिंगटन।** इराक में मंगलवार तड़के ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला में बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास को एक बार फिर निशाना बनाया गया। इससे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। सीएनएन के अनुसार दूतावास परिसर से हवाई रक्षा प्रणालियों ने एक प्रक्षेप्य को बीच में ही रोक दिया, जिससे संभावित नुकसान टल गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इराक में अमेरिकी दूतावास, एक होटल और दक्षिण के एक तेल क्षेत्र सहित कई स्थानों को ड्रोन हमलों की श्रृंखला में निशाना बनाया गया। अनादोलु एजेंसी के अनुसार, इराक की सेना ने पुष्टि की है कि दक्षिण में स्थित मजनून तेल क्षेत्र पर भी हमला किया गया था। चार ड्रोनों ने अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाया। इराकी हवाई रक्षा प्रणालियों ने टकराने से पहले ही उन सभी को बीच में रोककर नष्ट कर दिया।

# ट्रम्प प्रशासन को लगा बड़ा झटका
## अमेरिकी आतंकरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को लेकर ट्रम्प प्रशासन को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने कहा कि वह ट्रम्प प्रशासन की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकते। केंट ने साफ कहा कि वह इस युद्ध के साथ अपनी अंतरात्मा के अनुसार खड़े नहीं रह सकते, इसलिए उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया। जो केंट ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि ईरान से अमेरिका को कोई तत्काल खतरा नहीं था। उनके मुताबिक यह युद्ध अमेरिका ने अपनी सुरक्षा की वजह से नहीं, बल्कि इजरायल और अमेरिका में उसके प्रभावशाली लाबी के दबाव में शुरू किया है। केंट ने कहा कि वह ऐसी नीति का समर्थन नहीं कर सकते -शेष पृष्ठ दो पर

**■ कहा: इजरायल के दबाव में किया ईरान पर हमला**

## ईरान ने कतर में अमेरिकी अड्डे, इजरायल में रक्षा ढांचे पर किया हमला

**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि ईरान ने कतर में एक अमेरिकी अड्डे और इजरायल में मिसाइल रक्षा ढांचे पर हमला किया है। फॉर्स समाचार एजेंसी न आईआरजीसी के हवाले से कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 का 57वां चरण कब्जे वाले क्षेत्रों के मध्य में स्थित लक्ष्यों के खिलाफ सफलतापूर्वक चलाया गया।

## 28वां रोज़ा
### सो हम खूब फरियाद सुनने वाले हैं



कुरआने-पाक के तेईसवें पारे की सूरह सफ्फात की पचहत्तरवीं आयत में अल्लाह का इरशाद है- और हमको नूह ने पुकारा सो हम खूब फरियाद सुनने वाले हैं। इस आयत की रोशनी में अठ्ठाईसवां रोज़ा बेहतर तौर पर समझा जा सकता है। गौरतलब बात यह है कि रमज़ान का यह आखिरी अशरा दोजख से निजात का है। अल्लाह की सबसे बड़ी खूबी यह है कि उसका कोई शरीक नहीं है और वो अपने बंदे की फरियाद सुनता है। जैसा कि मजकूर आयत में अल्लाह ने खुद फरमाया है सो हम खूब फरियाद करते हैं। यहां समझने-समझाने के लिहाज से बाद वाला कौल पहले देखना होगा, क्योंकि इसी कौल पर इबादत और रहमत के ताल्लुक का दारोमदार है।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 400 की मौत
## 250 घायल, तालिबान का आरोप, पाक सेना ने नशा मुक्ति सेंटर पर गिराए बम

काबुल, वार्ता

**पाकिस्तान ने** सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया। अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है। मीडिया की टीमें जब वहां पहुंची, तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में तब भी आग लगी हुई थी। करीब 30 से ज्यादा शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाले जा रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वहां बहुत ज्यादा मरीज थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है। अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान ने पाकिस्तानी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा काबुल में हाल ही में हुए हवाई हमलों से लोग दुखी हैं। इन हमलों में कई आम लोगों की जान चली गई। कुछ हमले घरों, -शेष पृष्ठ दो पर



**■ शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा: काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया**

## भारत ने की काबुल में अस्पताल पर पाक के हमले की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक अस्पताल पर पाकिस्तान के हमले को कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत सोमवार की रात काबुल के ओमिद नशा मुक्ति अस्पताल पर पाकिस्तान के बर्बर हवाई हमले की कड़ी निंदा करता है।

# पैटर्निटी लीव पर भी कानून बने: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में पितृत्व अवकाश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा है कि पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने पर विचार किया जाए। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि बच्चे का पालन-पोषण केवल मां की जिम्मेदारी नहीं है।

पिता की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है और शुरुआती समय में दोनों की मौजूदगी बच्चे के विकास के लिए जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक मामले की सुनवाई के दौरान की। अदालत ने उस नियम को असंवैधानिक ठहराया, जिसमें गोद लेने वाली महिला को तभी मातृत्व अवकाश मिलता था जब बच्चा तीन महीने से कम उम्र का हो। कोर्ट ने कहा कि गोद लेने वाली मां को भी 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए, चाहे बच्चे की उम्र कुछ भी -शेष पृष्ठ दो पर

**केंद्र सरकार को सलाह दी, कहा: पालन-पोषण सिर्फ मां की जिम्मेदारी नहीं, कानून बनाने की अपील**



## सीजेआई का सुझाव फैमिली कोर्ट में वकील-जज काले चोंगे न पहनें

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि फैमिली कोर्ट बच्चों के मन से मनोवैज्ञानिक डर को खत्म करें। इसके लिए कोर्ट के पारंपरिक कामकाज में कुछ बदलाव किए जाएं। उन्होंने पूछा कि क्या फैमिली कोर्ट में काले चोंगे होने चाहिए? सीजेआई ने कहा कि जब हम फैमिली कोर्ट के लिए एक नई सोच और अवधारणा बना रहे हैं, तो क्या इससे बच्चे के मन में कोई मनोवैज्ञानिक डर पैदा नहीं होगा? उन्होंने सुझाव दिया कि फैमिली कोर्ट में पीठासीन जज और वकील यूनिफॉर्म में नहीं आने चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने ये बातें दिल्ली के रोहिणी में एक फैमिली कोर्ट की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि फैमिली कोर्ट में आप सभी के लिए हमारे पीठासीन अधिकारी कोर्ट की पोशाक में नहीं बैठेंगे। बार के सदस्य भी काले और सफेद चोंगे में नहीं आएंगे। पुलिस अधिकारी भी वर्दी में नहीं आएंगे।



मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स
एक अनमोल रिश्ता
• ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
• LIFE TIME FREE SERVICE
KAJ
सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता



68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

# अब गुजरात में UCC की तैयारी

**गांधीनगर।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो सकता है। यूसीसी के लिए गठित समिति ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है।

समिति ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद अंतिम सिफारिशों सहित अपनी रिपोर्ट पेश की है। गुजरात सरकार इस रिपोर्ट पर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ चर्चा करेगी। यूसीसी से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा मौजूदा विधानसभा सत्र में ही की जाएगी। रिपोर्ट 23 मार्च को सदन में रखी जा सकती है, जबकि 24 मार्च को बिल पेश किए जाने की संभावना है, जो इस बजट सत्र का अंतिम दिन भी है। अगर यह बिल पास हो जाता है, उत्तराखंड के बाद यूसीसी लागू करने वाला गुजरात देश का दूसरा राज्य बन जाएगा।

**■ समिति ने सीएम भूपेंद्र पटेल को रिपोर्ट सौंपी, 24 मार्च को सदन में पेश हो सकता है विधेयक**

# हरियाणा में हाई वोल्टेज ड्रामे के बीच कांग्रेस ने जीती राज्यसभा की एक सीट

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 16 घंटे तक चले हाई-वोल्टेज चुनावी ड्रामे के बाद कांग्रेस पार्टी दो में से एक राज्यसभा सीट जीतने में सफल रही। इस जीत के साथ ही कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के कब्जे वाली एक सीट को प्रभावी रूप से अपने नाम कर लिया है।

सोमवार को हरियाणा, बिहार और ओडिशा की कुल 11 राज्यसभा सीटों पर हुए मतदान में से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और उसके समर्थित उम्मीदवारों ने नौ सीटों पर जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस और बीजू जनता दल के खाते में एक-एक सीट आई। हरियाणा में भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मवीर बौद्ध विजयी घोषित किए गए जबकि भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को हार का सामना करना पड़ा। हरियाणा में मतदान की प्रक्रिया विवादों से घिरी रही। दो कांग्रेस विधायकों के वोटों पर भाजपा की औपचारिक आपत्तियों के कारण मतगणना में देरी हुई और यह रात 10:25 बजे शुरू हुई और मंगलवार तड़के 1:30 बजे संपन्न हुई। राज्य मंत्री गौरव गौतम के अनुसार, यह चुनाव आंतरिक कलह और क्रॉस-वोटिंग के साए में रहा। उन्होंने बताया कि कुल चार वोट रद्द किए गए।

**■ राजग ने कुल 11 में से नौ सीटें जीती**

# बरेली में सास व साले का हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में सास और साले की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार भोर एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया। रहपुरा चौधरी गांव में सोमवार दोपहर आरोपी अफसर खान ने अपनी पत्नी साइमा, सास आसमा और साले आदिल पर चाकू से हमला किया।

हमले में सास और साले की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी साइमा गंभीर रूप से घायल हो गई और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की खोज शुरू की। सूचना मिली अफसर मुड़िया अहमदनगर के सहारा ग्राउंड में अवैध हथियार के साथ मौजूद है। अपनी पत्नी को मारने की कोशिश कर सकता है। पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण के लिए कई बार कहा कि लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अफसर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फायरिंग में दो पुलिसकर्मी, कांस्टेबल रूपेंद्र और कांस्टेबल अनुराग भी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया आरोपी के कब्जे से 32 बोर की पिस्तौल, घटना में इस्तेमाल की गई चाकू, चार लाइव कार्टेज और कुल 10 खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी अफसर का आपराधिक इतिहास लंबा है। 2009 में उसने अपने सगे मामा की हत्या की थी, जिसके लिए उसे आजीवन कारावास की सजा मिली थी। वह जमानत पर था। उसके खिलाफ चोरी का भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस अब उसके अन्य अपराधों की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार अफसर और साइमा की शादी लगभग नौ साल पहले हुई थी। पत्नी द्वारा ससुराल जाने से इन्कार करने पर सोमवार दोपहर पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें आरोपी अफसर खां ने वारदात कर दी।

**■ हत्यारोपी ने पत्नी सहित चार लोगों पर किया था चाकू से हमला**

## लोकसभा के आठ सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने आठ सदस्यों का निलंबन वापस लेने के प्रस्ताव को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया, जिससे उनका निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ध्यानाकर्षण सूचना 374 के खंड दो के तहत वह आठ सदस्यों के निलंबन को वापस लेने का प्रस्ताव रखते हैं। उन्होंने कहा कि निलंबित सदस्यों का निलंबन वापस लिया जाए।

# रिटायर्ड आईपीएस, डीजीपी व सैन्य अफसरों का राहुल को लेटर

**नई दिल्ली।** 204 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी, आईपीएस-आईएएस और वकीलों ने राहुल गांधी को ओपन लेटर लिखकर देश से माफी मांगने को कहा है। उन्होंने लिखा कि 12 मार्च को संसद परिसर में किया गया विरोध संसदीय नियमों और संसद की गरिमा के खिलाफ था।

ओपन लेटर में कहा गया कि संसद परिसर में प्रदर्शन या विरोध न करने को लेकर स्पीकर की ओर से पहले ही निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध किया। लेटर में आगे कहा कि राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध करते दिखाई दिए। यह संसदीय अधिकार और संसद की मर्यादा की अनदेखी है। संसद की सीढ़ियां राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं हैं। दरअसल, 12 मार्च को विपक्ष ने एलपीजी संकट को लेकर सकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस दौरान राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठे दिखाई दिए। वे वहां चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध कर रहे थे। विरोध के दौरान संसद परिसर की सीढ़ियों पर राहुल गांधी ने चाय और बिस्किट खाया। लेटर में कहा गया कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है और उसकी गरिमा हर समय बनी रहनी चाहिए। संसदीय परंपराओं के मुताबिक लोकसभा और राज्यसभा कक्ष ही नहीं, बल्कि संसद परिसर की सीढ़ियां, गलियारे और लॉबी भी उसी संस्था का हिस्सा हैं। इसलिए वहां भी सांसदों का आचरण उसी मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए। लेटर में कहा गया कि इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक चर्चा के स्तर को गिराती हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाती हैं। यह ओपन लेटर जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद ने जारी किया है। लेटर पर 204 लोगों ने साइन किए हैं। इनमें 116 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी और 84 पूर्व नौकरशाह शामिल हैं। इसके अलावा चार पूर्व राजदूत और चार सीनियर वकील भी सिग्नेचर करने वालों में शामिल हैं।



**■ कहा: संसद परिसर में आचरण नियमों के खिलाफ देश से माफी मांगें कांग्रेस नेता**

# लेखपाल रजत चौधरी सस्पैंड

## सरकारी सील क्षतिग्रस्त कर आरा मशीन संचालन का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा शासकीय आदेशों की अवहेलना एवं राजकीय भूमि पर अवैध गति. विधियों के संबंध में प्राप्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए कठोर कार्रवाई की गई है।

मालूम हो कि 15 नवम्बर, 2025 को जानी चौराहा क्षेत्र स्थित आरा मशीन (दिलावर एंड संस) को राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में सील किया गया था। संबंधित व्यक्तियों द्वारा बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के सील को क्षतिग्रस्त कर आरा मशीन का पुनः संचालन किया जाना पाया गया, जो कि शासकीय आदेशों की स्पष्ट अवहेलना मानते हुए इस मामले में कर्त्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों को समय से सूचना उपलब्ध न कराने के कारण संबंधित क्षेत्र के लेखपाल रजत चौधरी को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (आचरण) नियमावली के प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। प्रकरण की विभागीय जांच के लिए तहसीलदार, बिजनौर को जांच अधिकारी नामित किया गया है एवं संबंधित कानूनगो, नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। इस मामले में ही अवैध कृत्य में संलिप्त जावेद अहमद, इफ्तेखार हुसैन, मकसूद अहमद, इमरान अहमद एवं वकार, निवासी मौहल्ला चाहशीरीं, बी-24 के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी पंजीकृत किए जाने के लिए थाना कोतवाली शहर को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में हनीफ पुत्र शफीक अहमद मौहल्ला कस्साबान बिजनौर गाटा संख्या 3509 कब्रिस्तान की भूमि राजस्व अभिलेखों में अंकित पर निर्मित समस्त दुकानों पर तहस. ीलदार न्यायालय के अंतर्गत राजस्व संहिता की धारा 67 के अंतर्गत नोटिस निर्गत कर दिया है। जिसकी सुनवाई न्यायिक प्रकिया के अंतर्गत प्रचलित है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि राजकीय भूमि पर अतिक्रमण, अवैध संचालन अथवा शासकीय आदेशों की अवहेलना किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। ऐसे प्रकरणों में संलिप्त व्यक्तियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**कर्त्तव्य में घोर लपरवाही बरतने पर कार्यवाही**

## भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित

**बिजनौर।** भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के उपरांत जिला कार्यसमिति घोषित की है। अतुल मारवाड़ी, रजनी कालरा, जितेंद्र राजपूत, रवि चौधरी, माया पाल, नीरज विश्नोई, फूल सिंह चौधरी व तुषार गौड़ को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं नरेश भाटी, बलराज त्यागी व दिनेश सैनी को जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। विना. ेद राठी, शिखा गुप्ता, प्रभात यादव, तिलक राज सैनी, मिथलेश देवी, मोनिका शर्मा, केशव चौधरी व जयवीर पंचवाल जिला मंत्री बनाये गये हैं, जबकि देशबंधु को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इनके अलावा दीपक गर्ग मोनू, गोपाल धीमान, विक्रांत चौधरी, अन्नी त्यागी, अश्वनी शर्मा, प्रदीप कौशिक, संदीप तायल, राजकुमार प्रजापति, वीरेंद्र शर्मा, जुगनेश कुमार, कुलरंजन दीक्षित, सुधीर भुईयार, मनीषा सैनी, सविता प्रजापति, अजीत अग्रवाल, कुलदीप त्यागी, मनोज सिंह, दयानंद शर्मा, संजय चौहान, सौरभसिसौदिया, विजयपाल सिंह, मुकेश शर्मा, देशराज सिंह, रामौतार शर्मा, सोनम पाल, जितेंद्र गोयल, मनोज भटनागर, धर्मवीर चौहान, राघव शरण गोयल, नैपाल सिंह, डा. विनीत देवरा, अनिल शर्मा, योजना गुप्ता, अनिल सिंह, बलराम शर्मा, राजकुमार चौहान, दर्पण रावल, डा. दानवीर चौहान, संजीव त्यागी, श्रीमती मधु भूषण, पवन कुमार, सुनील राजपूत, शेखर चौधरी, आशीष अग्रवाल, राजीव राजपूत, ललित. कुमार, संजीव गुप्ता, नीरज शर्मा, उपासना आर्य, पूनम गोयल, धर्मेन्द्र प्रजापति, भूपेंद्र कुमार, राजकुमार, खेल सिंह राजपूत, संजीव कश्यप, विशेष कुमार, विकास गुप्ता, श्रीमती अंगज, राजीव त्यागी, सुनील सैनी, सुरेश चंद्र, धर्मेन्द्र जोशी, मोॉ. हत, दयाशंकर राणा, कुलवंत सिंह, अलीशा सिद्दीकी, आकांक्षा चौहान, मंजू चौधरी को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

### एक नजर

## तरावीह में कुरान-ए-करीम मुकम्मल



**सहसपुर।** स्थानीय मौहल्ला नई सराय मस्जिद उमर फारूक में हाफिज मौहम्मद आदिल ने (26वां रोजा) को तरावीह कुरान ए करीम मुकम्मल सुनाया। मस्जिद में कुरान ए करीम को सुनाया। हाफिज मौहम्मद आदिल ने और मस्जिद के इमाम मौलाना कारी मसरूर आलम ने कुरान ए पाक सुनकर गलतियों को दुरुस्त कराया। इस मौके पर मस्जिद के इमाम कारी मसरूर आलम ने अकीदतमंदों को सम्बोधित करते हुए कुरान ए करीम की अजमत और फायदे की अहमियत के बारे में बताया। इस रूहानी मजलिस में नई सराय वाली मस्जिद में अकीदतमंदों को खिताब करते हुए कारी मसरूर आलम ने कुरआन पाक की तिलावत (पढ़ने) के फायदे गिनाए तथा कुरआन की फजीलत पर बयान करते हुए कहा कि कुरआन आसमानी किताब है, जो सारी दुनिया को आपस में मोहब्बत और भाईचारा कायम करने का दर्स देता है। एक-दूसरे की मदद और हमदर्दी करने और हर गलत काम से बचने की हिदायत करता है। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि तरावीह पूरे महीने पढ़ी जाएगी और रमजान के बाद भी कुरान की तिलावत और नमाज कायम रखना आदि दीनी बातों पर रोशनी डाली। इस मौके पर हाफिज अनीस, सभासद सरफराज मेंबर, डॉ. मेराजुद्दीन अंसारी, हाफिज खतीब, हाफिज शाहनवाज अकरम, हाफिज फैजान अंसारी, अनीश मिस्त्री, हाजी निजामुद्दीन मितावली मस्जिद उमर फारूक आदि अकीदतमंद रहे और हाफिज मौहम्मद आदिल को दुआओं से नवाजा गया।

## हल्दौर में पांच को जिम्मेदारी

**हल्दौर।** उ.प्र. नगर विकास विभाग ने प्रदेश की नगर पालिकाओं के लिए नामित सभासदों की सूची जारी कर दी है। इसी क्रम में पालिका हल्दौर के लिए दीपक चौहान जानू, डा. यश चंद्रा, शाश्वत रस्तोगी, चरणजीत सिंह एवं कुसुम देवी को सभासद नामित किया गया है। नामित सभासदों को नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना, जल निकासी की समस्या का समाधान तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना प्रमुख रूप से शामिल रहेगा। सूची जारी होने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा नव-नामित सभासदों को शुभकामनाएं दीं। नगरवासियों ने उम्मीद जताई है कि सभी सभासद मिलकर नगर के विकास को नई गति देंगे और जनसमस्याओं के समाधान में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जताया शोक



**नहटौर।** ग्राम मुकर्रमपुर में 15 मार्च को एक गुलदार के हमले में पिंकी देवी की मासूम बेटी अदिति की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में वन विभाग और प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है। कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम मुकर्रमपुर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। नेताओं ने मृतक बच्ची की मां पिंकी देवी और परिवार को सांत्वना दी तथा अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व आईएएस अधिकारी आरके सिंह ने किया। इसमें ब्लॉक अध्यक्ष रतिराम, एससी विभाग के अध्यक्ष मास्टर रामपाल, नगर अध्यक्ष हिमांशु देवरा, महेश कुमार, जितेंद्र प्रधान, जितेंद्र सिंह, सुकेश कुमार, अंकित, मिथुन, विपुल और अक्षय सहित कई स्थानीय पदाधिकारी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने जंगली जानवरों के बढ़ते हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से कई मांगें कीं। उन्होंने पीड़ित परिवार को तत्काल उचित आर्थिक मुआवजा देने, क्षेत्र में हमलावर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाने और वन विभाग की गश्त बढ़ाने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। वरिष्ठ नेता आरके सिंह ने कहा, 'एक मां की गोद सूनी होना पूरे समाज के लिए दुखद है।

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर।** छह मार्च को रोहित पुत्र कृष्णवीर निवासी ग्राम रतनगढ़, थाना शिवालाकलां द्वारा थाने में तहरीर दी गई थी कि अभियुक्तगण अन्नु व भोलू उर्फ अरेन्द्र कुमार पुत्रगण अमरपाल, अश्वनी पुत्री शीशे निवासी ग्राम रतनगढ़, थाना शिवालाकलां द्वारा वादी के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया गया। तहरीर के आधार पर थाना शिवालाकलां में मुकदमा अपराध संख्या 35/26, धारा 118 (2), 115 (2), 352 बीएनएस पंजीकृत किया गया। आज थाना शिवालाकलां पुलिस द्वारा अभियुक्त भोलू उर्फ अरेन्द्र कुमार पुत्र अमरपाल निवासी ग्राम रतनगढ़, थाना शिवालाकला को गिरफ्तार किया गया है।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव को टीकाकरण

**स्योहारा।** किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. बीके स्नेही ने बताया कि भारत में सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा प्रमुख कैंसर है। इससे बचाव के लिए प्रदेश के 30 जनपदों सहित बिजनौर में भी जल्द ही एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा, जो प्रारंभिक रूप से तीन माह तक चलेगा। इसके बाद यह टीका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बुधवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत उन किशोरियों को टीका लगाया जाएगा, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है। लेकिन अभी 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है। वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसके लगने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के मामलों में कमी आने की उम्मीद है।

# बीस हजार का इनामी सुल्तान गिरफ्तार

## नगीना पुलिस की बड़ी कामयाबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** लंबे समय से हत्या के मामले में फरार चल रहे ईनामी अपराधी सुल्तान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार 23/24 अक्टूबर 2025 की रात का है। नहटौर निवासी नजाकत ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उसका परिचित माजिद अहमद उर्फ बंटी और उसका साथी सुल्तान, उसकी पत्नी को ऑल्टो कार में अपने साथ ले गए थे। अगले दिन 24 अक्टूबर को महिला का शव नगीना क्षेत्र के ग्राम जीतपुर पलड़ी में सड़क किनारे बरामद हुआ था।पुलिस ने इस संबंध में हत्या (धारा 103(1) बीएनएस और साक्ष्य मिटाने धारा 238(1) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मुख्य अभियुक्त माजिद उर्फ बंटी को पुलिस पहले ही आला-ए-कत्ल (चाकू) और घटना में प्रयुक्त कार के साथ जेल भेज चुकी थी, लेकिन सुल्तान तभी से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी अवनीत ने बताया कि एसपी के निर्देशानुसार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नगीना पर तैनात उपनिरीक्षक अजीत कुमार और उनकी टीम ने सटीक सूचना के आधार पर फरार चल रहे सुल्तान को दबोच लिया। सुल्तान पुत्र इकबाल अहमद चांदपुर के मौहल्ला जमाईपुरा का निवासी है। सुल्तान पर 20 हजार का इनाम घोषित किया था।

गिरफ्तार अभियुक्त सुल्तान कोई साधारण अपराधी नहीं है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उस पर पहले से ही 13 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिनमें गौवध अधि. नियम और पशु क्रूरता के कई मामले, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस (नशीले पदार्थ) के मुकदमे, धोखाधड़ी, मारपीट और मुस्लिम विवाह अधिनियम के उल्लंघन के केस शामिल हैं।

# आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक

## पश्चिमी यूपी प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** आजाद समाज पार्टी की मुरादाबाद मंडल की समीक्षा बैठक नगर के एक बैंकट हाल में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी रविन्द्र भाटी, पश्चिम के जोन प्रभारी गौहर इकबाल का आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।



प्राप्त समाचार के अनुसार पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी रविन्द्र भाटी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का हर एक पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान करें। क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। अगर पार्टी का कार्यकर्ता मजबूत होगा, तो समझो पार्टी मजबूत होगी। इसलिए कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान करें। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आने वाला कल आजाद पार्टी का हो गया। विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी की सरकार बनेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर आजाद होंगे। आजाद समाज पार्टी सभी वर्गों के लोगों को सम्मान देने का काम करती है। गौहर इकबाल ने कहा कि पार्टी के हर एक पदाधिकारी से बूथ केमटी को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता केंद्र व प्रदेश की सरकार से तंग आ चुकी है। अब प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। क्योंकि भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है। नौजवान युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। किसान परेशान हाल है। भाजपा सरकार में अपराधी खुलेआम अपराध कर रहे हैं। भाजपा सरकार दलित मुसलमानों के साथ बदले की भावनाओं से काम कर रही है। भाजपा सरकार हिन्दू-मुसलमान के बीच नफरत फैला कर राज करना चाहती है। आजाद समाज पार्टी की सरकार में प्रदेश में कानून का राज होगा। किसी भी अधिकारी की हिम्मत नहीं हो सकती कि जनता का उत्पीड़न कर लें। हर विभाग में बैठे अधिकारी जनता का सम्मान करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आठ सालों में हिन्दू-मुसलमान के नाम पर बांटने का काम किया है। अब प्रदेश की जनता ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। कार्यकर्ताओं से अपील की है कि भाईचारे को मजबूत करने की जरूरत है। डोर टू डोर जाकर पार्टी की नीतियों के बारे में प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता को उदास होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। पार्टी में उतार चढ़ाव आता रहता है। आने वाले विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी का परचम लहराएगा।

इस मौके पर डीपी सिंह, पुष्पेंद्र राणा, रमेश कुमार, आरिफ मलिक, मौलाना आतिक, जिला अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार, चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, पूर्व चेयरमैन शहजाद अहमद, देवेंद्र वैसला, दीपक कुमार, डॉ. शीशपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनवर हुसैन, पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ने किया। अध्यक्षता डीपी सिंह ने की।

### एक नजर

## अवैध निर्माण ध्वस्त कराया



**धामपुर।** मौहल्ला बंदूकचियान निवासी सिराज चौधरी द्वारा बिना नक्शा पास कराए मकान का निर्माण कराया जा रहा था। इस पर विनियमित क्षेत्र विभाग ने नियमानुसार कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम धामपुर ने अवैध निर्माण को हटाने के लिए ध्वस्तीकरण आदेश जारी कर दिया। प्रशासन की ओर से संबंधित व्यक्ति को 24 फरवरी 2026 तथा 10 मार्च 2026 को लिखित रूप से स्वयं निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए, किंतु इसके बावजूद निर्माण यथावत बना रहा। इसके बाद बुधवार को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग और विनियमित क्षेत्र की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंच कर बुलडोजर से अवैध निर्माण को हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार धामपुर की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। बताया गया कि यह कार्रवाई हुसैनपुर क्षेत्र स्थित मुस्लिम कॉलोनी, बगदाद अंसार रोड के निकट की गई। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद आसपास के क्षेत्रों में भी अवैध निर्माण कराने वालों में भय का माहौल देखा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नगर में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण कार्य करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर लें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## गन्ना छीलने गई युवती गायब

**बिजनौर।** चांदपुर थाना क्षेत्र में घर से गन्ना छीलने जंगल गई एक युवती लापता हो गई। युवती के पिता ने गांव के ही एक युवक पर उसकी पुत्री को ले जाने का शक जताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री गन्ना छीलने जंगल गई थी, जब कुछ देर के बाद वह जंगल पहुंचा तो वहां पर वह नहीं थी, गन्ना छीलने के लिए वह जो कपड़े पहनकर आई थी, वह वहां पड़े हुए थे, उन्हें शक है कि उनकी पुत्री को गांव का ही अंकुल ले गया है, क्योंकि उसकी पुत्री से वे फोन पर बातचीत करता था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# आंधी में गिरे पेड़ उठा ले गए माफिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** दो दिन पूर्व आई तेज़ आंधी के कारण बड़ी संख्या में जहां तहां मूल्यवान पेड़ उखड़ और टूट कर गिर गए थे। वन विभाग ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। दिन निकलने से पहले ही कुछ लकड़ी माफिया विभिन्न स्थानों पर पहुंच गए और गिरे हुए पेड़ों को पेट्रोल चालित मशीनों से काट कर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर ले जाने लगे। वाबपुरा और रसूलपुर आबाद मार्ग सहित कई स्थानों से गिरे हुए विशाल पेड़ उठाए गए। हजारों कुंतल लकड़ी उठाई गई, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार वन विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से सरकारी प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए लकड़ी को सीधे नगर की आरा मशीनों पर बेच दिया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि वन विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाती तो गिरे पेड़ों की लकड़ी सरकारी प्रक्रिया के तहत नीलाम की जाती, जिससे सरकार को राजस्व प्राप्त हो सकता था।



ग्राम सलावत नगर निवासी अकील अहमद पुत्र सगीर अहमद ने बताया कि उसके खेत में आंधी से गिरे कीकर के पेड़ को जड़ सहित उठा ले गए। मुख्य नारायणपुर माइनर स्थित सिंचाई विभाग की भूमि से भी लकड़ी चोरी का मामला सामना आया है। सबूत मिटाने के लिए जेसीबी द्वारा उसकी जड़ भी उखाड़ ली घटना को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। सिंचाई विभाग के जिलेदार ओमप्रकाश ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना रेहड़ में तहरीर दे दी गई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में वन विभाग के उच्च अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

# धामपुर में सामूहिक रोज़ा इफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रमज़ान के पवित्र महीने में धामपुर के मन्नत बैंकट हॉल में आयोजित सामूहिक रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में आपसी भाईचारे और सौहार्द की खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। इस आयोजन में विभिन्न धर्मों और वर्गों के लोगों ने एक साथ एक ही दस्तरखान पर बैठकर रोज़ा इफ्तार किया और सामाजिक एकता का संद. ेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन आजाद समाज पार्टी के जिला पंचायत सदस्य एवं नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिनिधि विवेक सेन द्वारा किया गया। इससे पूर्व शेरकोट में भी इसी प्रकार का आयोजन किया जा चुका है। जिसके बाद धामपुर में इस पहल की दूसरी कड़ी के रूप में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोज़ेदारों के साथ-साथ हिंदू, मुस्लिम सहित विभिन्न समुदायों के लोग



**गंगा-जमुनी तहजीब की दिखी मिसाल**

शामिल हुए। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने मिलकर रोज़ा इफ्तार किया। जैसे ही इफ्तार का समय हुआ। रोज़ेदारों ने खजूर और पानी के साथ रोज़ा खोला। जिसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से भोजन किया।

इस दौरान पूरे माहौल में आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द की झलक साफ दिखाई दी। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि सभी लोग एक साथ बैठकर एक ही दस्तरखान पर इफ्तार करते नजर आए। जिसने गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के आयोजक विवेक सेन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि धामपुर और शेरकोट की धरती हमेशा से आपसी सौहार्द की मिसाल रही है और इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

मौजूद लोगों ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने का काम करते हैं और लोगों के बीच आपसी विश्वास को बढ़ाते हैं।

कुल मिलाकर धामपुर में आयोजित यह सामूहिक रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का एक प्रेरणादायक उदाहरण भी साबित हुआ।

इस दौरान शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद कमर, परवेज पासी नगीना, प्रदेश सचिव साहिल मेहरा, रिंकू, प्रदीप, पप्पू, लवली कुमार, अतुल कुमार, परविंदर कुमार, जूहेब मलिक, सुहैल डिजाइनर, डा. कमाल अहमद, सलमान फरीदी, नसीम सलमानी, एजाज धामपुरी सलमान अहमद, हाजी मुंशी नसीम अंसारी, सतीश कुमार नौशाद सलमानी, पप्पू मंसूरी, डा. अजहर अंसारी आदि मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प प्रशासन...** जिसमें बिना स्पष्ट खतरे के युद्ध छेड़ा जाए। जो केंट ने कहा कि ईरान ने अमेरिका के लिए कोई तत्काल या प्रत्यक्ष खतरा पैदा नहीं किया था। उनके मुताबिक हालात ऐसे नहीं थे कि युद्ध की जरूरत पड़ती। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्ष में अमेरिका की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। केंट ने यह भी कहा कि युद्ध का फैसला दबाव और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण लिया गया। जो केंट अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक थे। इस एजेंसी की जिम्मेदारी दुनिया भर में आतंकवादी खतरों का विश्लेषण करना और उनसे निपटने की रणनीति बनाना होती है। केंट को जुलाई में सीनेट में 52-44 वोट से इस पद के लिए मंजूरी मिली थी। इससे पहले वह राजनीति में भी सक्रिय रहे और वाशिंगटन राज्य से कांग्रेस चुनाव भी लड़ चुके हैं। जो केंट का लंबा सैन्य और खुफिया अनुभव रहा है। वह अमेरिकी सेना में ग्रीन बेरेट कमांडो के रूप में काम कर चुके हैं और 11 बार अलग-अलग मिशनों में तैनात रहे हैं। सेना छोड़ने के बाद उन्होंने सीआईए के साथ भी काम किया। इसके बाद वह राजनीति में आए और बाद में ट्रम्प प्रशासन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली। जो केंट का इस्तीफा ऐसे समय आया है जब अमेरिका और इजरायल की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को लेकर वैश्विक स्तर पर बहस जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि आतंकवाद विरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस तरह इस्तीफा देना ट्रम्प प्रशासन के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक दबाव बढ़ा सकता है। इससे अमेरिका की ईरान नीति पर नए सवाल खड़े हो सकते हैं।

**पाकिस्तान की...** स्कूलों और अस्पतालों के आसपास भी हुए। आम लोगों के इलाकों पर हमला करना अंतर्राष्ट्रीय कानून के हिसाब से युद्ध अपराध माना जाता है, चाहे वह जानबूझकर किया गया हो या गलती से। खासकर रमजान के पवित्र महीने के दौरान ऐसी घटना से लोगों में और ज्यादा दुख और गुस्सा है। लोगों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और मानवाधिकार संगठनों से मांग की है कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और जो भी जिम्मेदार हो उसे सजा दी जाए। पाकिस्तान ने रविवार रातभर भी कंधार प्रांत में एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया था। पाकिस्तान ने यह कार्रवाई आपरेशन 'गजब -लिल-हक' के तहत की। इसके जवाब में अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के सैन्य कैंप पर हमला किया। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के मुता. बिक, हमले में उन ठिकानों को निशाना बनाया गया जिनका इस्तेमाल पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) जैसे संगठन सीमा पार हमलों की तैयारी के लिए करते थे।

**पितृत्व अवकाश...** हो। अदालत ने कहा कि बच्चे की देखभाल और भावनात्मक विकास में माता-पिता दोनों की भूमिका अहम होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चे के शुरुआती महीने और साल उसके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इसी समय बच्चे और माता-पिता के बीच भावनात्मक संबंध मजबूत होते हैं। अदालत ने कहा कि अगर पिता को इस समय बच्चे के साथ रहने का मौका नहीं मिलता, तो बच्चे और पिता दोनों इस महत्वपूर्ण अनुभव से वंचित रह जाते हैं। इसलिए पितृत्व अवकाश की व्यवस्था होना जरूरी है। अदालत ने कहा कि यह सही है कि मां बच्चे के विकास में केंद्रीय भूमिका निभाती है, लेकिन पिता की भूमिका को नजरअंदाज करना भी उचित नहीं है। पिता का सहयोग मां के लिए भी जरूरी होता है, खासकर बच्चे के जन्म या गोद लेने के शुरुआती समय में। अदालत ने कहा कि पितृत्व अवकाश से पिता बच्चे की देखभाल में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं और परिवार की जिम्मेदारियां साझा कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पितृत्व अवकाश की व्यवस्था से समाज में पारंपरिक सोच भी बदलेगी। इससे यह धारणा कमजोर होगी कि बच्चों की देखभाल केवल महिलाओं की जिम्मेदारी है। अदालत ने कहा कि अगर पिता को भी अवकाश मिलेगा तो परिवार और कार्यस्थल दोनों जगह लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और माता-पिता दोनों की भूमिका संतुलित होगी। अदालत ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने पर विचार करे। कोर्ट ने कहा कि इस अवकाश की अवधि ऐसी होनी चाहिए जो बच्चे और माता-पिता दोनों की जरूरतों के अनुरूप हो। इससे पिता भी बच्चे के शुरुआती विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे और परिवार को बेहतर समर्थन मिलेगा।

# राज्यसभा चुनाव में हरियाणा में भाजपा के हर हथकंडे पर फिरा पानी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

**क्रॉस वोटिंग के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी जीता**

कांग्रेस ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या के सभी हथकंडे आजमाए, लेकिन पार्टी विधायकों तथा नेताओं की सतर्कता के कारण भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया और कुछ क्रॉस वोटिंग कराने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की शानदार जीत हुई।

कांग्रेस कार्य समिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य तथा पार्टी सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा हाईकमान हर कीमत पर हरियाणा से राज्यसभा की सीट हासिल करना चाह रहा था। भाजपा ने इसके लिए क्रॉस वोटिंग कराने के सभी हथकंडे अपनाने की कोशिश की। यहां तक कि गुजरात के उपमुख्यमंत्री को हरियाणा में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा लेकिन कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया। हुड्डा ने हरियाणा में राज्यसभा चुनाव में करमवीर बौद्ध की जीत के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित पूरे शीर्ष नेतृत्व बधाई दी और कहा कि हरियाणा में रात में अंधेरे में भाजपा ने जिस तरह से लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की, उससे साफ हो गया कि भाजपा का लो. कतंत्र पर विश्वास नहीं है। भाजपा सिर्फ सत्ता हासिल करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के विधायकों और सजग कार्यकर्ताओं ने लूट नहीं होने दी और सामाजिक न्याय के लिए काम करने वाले करमवीर बौद्ध को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में भाजपा की योजना खरीद- फरोख्त से संख्या हासिल करने की थी, लेकिन जब ये योजना फेल हो गई, तो पार्टी ने अपनी बी टीम इनेलो को सक्रिया किया, जिसने चुनाव के दिन तक अपना रूख साफ नहीं किया।

उत्तर रेलवे
ई-नीलामी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, बैटरी ऑपरेट व्हीकल, एटीएम, रेल कोच रेस्टोरेंट, पूजा सामग्री काउंटर, कीओस्क & कैंटीन के ठेकों को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 01.04.2026 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद
894/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पाबंदियों के बीच कश्मीर में मना शब-ए-कद्र

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में शब-ए-कद्र बेहद अकीदत और जज्बे के साथ मनाई गई। इस दौरान हजारों की तादाद में जायरीन रात भर इबादत करने के लिए मस्जिदों और दरगाहों में उमड़ पड़े।

आवश्यकता है
लोकमणि मैमोरियल (पी.जी.) कालेज
(सम्बद्ध गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद)
लोकमणि मैमोरियल पी.जी. कालेज कादराबाद खुर्द, स्योहारा (बिजनौर)
यू.जी.सी. अर्हताधारी शिक्षकों की आवश्यकता है- बी.एड., डी.एल.एड., हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान, इतिहास, राजनीति-विज्ञान, वाणिज्य, बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी. एस-सी. कम्प्यूटर साइंस, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, औद्योगिक रसायन, भौतिक विज्ञान, माइक्रोबॉयलाजी, गृह विज्ञान। वेतन यू.जी.सी. मानकानुसार
आवेदन की अन्तिम तिथि 31 मार्च 2026
सम्पर्क सूत्र- डॉ. ए.के. मिश्र
9412449270, 9368126005
ईमेल- lokmanipgcollege733@gmail.com
arunkumarmishra870@gmail.com

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद



28वां रोजा वक्त इफ्तार 18 मार्च शाम 6:30
29वां रोजा वक्त सहरी 19 मार्च सुबह 4:59

# मंडावर में युवती ने लगाई फांसी

## पारिवारिक कलह के चलते उठाया खतरनाक कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** पारिवारिक विवाद के चलते युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने लाश को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम चाहड़वाला निवासी चतरपाल की पुत्री आरजू (17 वर्ष) कल सुबह अपनी मां और भाई के साथ गंगा के दूसरी तरफ खेत में गन्ना छिलने के लिए गयी हुई थी। इस बीच उसका भाई शाम लगभग पांच बजे उसे घर पर छोड़ कर वापस फिर जंगल चला गया था। इस बीच आरजू ने देर शाम अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर कमरे में लगे लोहे के कुंडे में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। इस दौरान घर के बाहर उसकी छोटी बहन खेल रही थी। बहुत देर तक जब अंदर से आरजू ने दरवाजा नहीं खोला, तो बाहर मौजूद उसकी छोटी बहन ने परेशान होकर शोर मचा दिया। शोर-शराबे की आवाज सुनकर ग्राम के काफी लोग वहां पर इकट्ठा हो गए। उन्होंने भी आरजू को आवाज लगाई। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। जिससे ग्रामीण समझ गए कि अंदर कुछ अनहोनी हो चुकी है। इसके बाद उन्होंने बामुश्किल कमरे का दरवाजा तोड़ा। उन्होंने अंदर जा कर देखा, तो वह फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। इतने में परिजन भी वहां आ गए। उनके पैरों तले से जमीन निकल गई। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरजू के द्वारा आत्महत्या करने का कारण पारिवारिक कलह को माना जा रहा है। थाना प्रभारी सुमित राठी ने भी बताया कि फांसी लगाने का कारण पारिवारिक कलह को माना जा रहा है।

## मोबाइल लेने के लिए युवती ने खाना छोड़ा

**नूरपुर।** स्थानीय एक मौहल्ले की निवासी युवती को उसके भाई ने मोबाइल पर किसी युवक से बात करते हुए पकड़ लिया था। उसने युवती की पिटाई कर मोबाइल छीन लिया। इसके बाद युवती ने घर में हंगामा खड़ा कर दिया। उसने कहा कि भाभी भी किसी से बात करती है और उसका भी मोबाइल लेकर जांच करो। जिस पर घर में झगड़ा हो गया। युवती अपना मोबाइल वापस लेने की जिद पर अड़ी हुई थी। उसने खाना भी छोड़ दिया। बाद में अन्य परिजनों के हस्तक्षेप पर इस शर्त पर उसे मोबाइल वापस किया गया कि ननंद व भाभी किसी अन्य व्यक्ति से मोबाइल पर बात नहीं करेंगी और मोबाइल का लॉक भी नहीं लगाएंगी।

## बिजनौर की ईदगाह में नमाज सुबह आठ बजे



### सरकार की गाइड लाइन का ख्याल रखने का आह्वान

**बिजनौर।** शहर काजी बिजनौर काजी माजिद अली ने बताया कि ईदगाह में ईद की नमाज सुबह ठीक आठ बजे अदा की जाएगी। शहर काजी ने तमाम मुसलमानों से गुजारिश की है कि वह वक्त का ख्याल रखते हुए ठीक समय पर ईदगाह में पहुंच कर नमाज अदा करें और सरकार की गाइडलाइन का ख्याल करते हुए कोई भी बाहर सड़क पर नमाज न अदा करें। ईदगाह के बराबर में जो बाग है, उसमें नमाज का इंतजाम किया गया है। अगर ईदगाह भर जाए, तो उस बाग में लोग चले जाए। किसी भी हालत में सड़क पर कोई भी नमाज न पढ़े।

## कांशीराम कॉलोनी में अय्याशी व नशाखोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्थानीय कांशीराम कॉलोनी में अनैतिक कार्य खुल कर हो रहे है। यहां पर नशाखोरी काफी ज्यादा हो रही है। बड़े ही नहीं, बल्कि छोटी उम्र के बच्चे भी नशा करते हुए देखे जा सकते हैं। सिगरेट व बीड़ी पीना तो आम है। यहां पर मादक पदार्थ भी आसानी के साथ उपलब्ध है। युवकों के द्वारा टोली बना कर नशाखोरी की जाती है। यह आपस में गाली-गलौच करते रहते हैं। कॉलोनी में संदिग्ध चरित्र की महिलाओं व युवतियों का आना-जाना लगा रहता है। जिससे कॉलोनी में रहने वाले शरीफ परिवारों के सदस्य परेशान हैं। उन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। कॉलोनी के काफी अच्छे परिवार दूसरी जगह घर बनाने के लिए प्रयासरत है।

## एक नजर

### लहूलुहान हालत में मिला बच्चा

**बिजनौर।** बच्चे के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्थानीय मौहल्ला मिर्दगान निवासी उजमा पत्नी शादाब वर्तमान में कांशीराम कॉलोनी में रहती है। महिला का आरोप है कि उसका सात वर्षीय बेटा मौहम्मद साद घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान कुछ लोग नकाब पहन कर आए और उसे उठाकर ले गए। विरोध करने पर आरोपियों ने बच्चे पर चाकू से कई जगह वार कर दिये। महिला का कहना है कि जब बच्चा देर तक घर नहीं लौटा, तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान कॉलोनी के कुछ लोगों ने बताया कि उनका बेटा कब्रिस्तान के पास लहूलुहान हालत में पड़ा है। पीड़ित महिला ने दानिश चिकना, अकबर, गुडिया, नवील, फरमान कड़वा और सोनू मुल्ला पर बेटे को उठा कर ले जाने और हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि वह घटना की तहरीर लेकर शहर कोतवाली गई थी, लेकिन पुलिस ने न तो उसकी रिपोर्ट दर्ज की और न ही बच्चे का मेडिकल कराया। महिला ने एसपी से प्रार्थना-पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

### भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना



**बिजनौर।** वादाखिलापी के खिलाप भाकियू टिकैत ने आज बरूकी के पास नेशनल हाईवे के डिपो पर तालाबंदी करते हुऐ अनिश्चितकालीन धरना देने की घोषणा कर दी। बरूकी में ओवर ब्रिज के नीचे दोनों साइड में पुलिया बनाने के लिए पूर्व में प्रशासन और नेशनल हाईवे के अधिकारियों से सहमति बनी थी। लेकिन इस पर अमल नहीं हुआ। पुलिया निर्माण का कार्य आज तक नहीं हुआ। जिससे नाराज जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान आज धरने पर पहुंचे और सारे प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए और वादा खिलाफी के खिलाफ 30 मार्च को धरना स्थल पर जिला स्तरीय महापंचायत की घोषणा की। धरने पर महासचिव मुकेश कुमार, डॉ. विजय चौधरी, विकार अहमद, विनीत मौर्य, रजनीश अहलावत, संदीप त्यागी, तिलकराम खोबे, आशू चौधरी, नरपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, कर्मवीर सिंह, बृजेश कुमार, अमरदीप सिंह, माजिद प्रधान, सौरभ, रवि कुमार, मोनवीर मोंटी, चौधरी राजीव कुमार, डॉ. शशि आदि मौजूद रहे।

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम, कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19 बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20

आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
चुनाव चिन्ह केतली
विधानसभा क्षेत्र -19 बढ़ापुर से
विधायक पद के सम्भावित उम्मीदवार
मौ० सलमान
की जानिब से
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
मा. एड. चन्द्रशेखर आज़ाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष/सांसद लोकसभा-5, नगीना
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
मौ० सलमान
कार्यकर्ता
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

# सर्राफ से लूट के चार आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** ग्राम सराय के पास लूट की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ कर चालान कर दिया।

ग्राम मंगोलपुरा निवासी अमीनुद्दीन की कोतवाली देहात में लकी ज्वेलर्स के नाम से सर्राफा की दुकान है। 12 मार्च को जब वह घर लौट रहे थे तब अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उनका बैग लूट लिया था। पुलिस ने घटना में शामिल आसिफ पुत्र फखरुद्दीन निवासी ग्राम कंभोर थाना कोतवाली शहर, जावेद अली पुत्र अंसार अली निवासी ग्राम पाडला थाना चांदपुर, महफूज अली पुत्र मौहम्मद यामीन निवासी ग्राम फुलसंदा थाना नहटौर तथा प्रद्युम्न उर्फ गोलू पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी ग्राम झलरी थाना कोतवाली शहर को चंदुपुरा नहर पटरी से गौशाला के पास ग्राम लल्लावाला मार्ग से गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो अवैध बाइक, तीन तमंचे, तीन जिंदा कारतूस तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने लकी ज्वैलर्स के स्वामी अमीनुद्दीन की कई दिन तक रेकी की लेकिन जब उन्होंने लूट की घटना को अंजाम दिया तब बैग में केवल चाबी और कागजात ही मिले जिसे उन्होंने झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने चारों अभियुक्तों का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष प्रवेज कुमार, उप निरीक्षक अनिल कुमार, अनु कुमार आदि शामिल रहे।

# 1088 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर

## आईटीआई परिसर में रोजगार मेला एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला सेवायोजन कार्यालय, आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन द्वारा संयुक्त रूप से आज सुबह दस बजे आईटीआई परिसर में वृहद रोजगार मेला एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में तथा आईटीआई के प्रधान सहायक राकेश शर्मा के संचालन में किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि एवं सीडीओ रणविजय सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला सेवायोजन अधिकारी विशाल राठी, नोडल अधिकारी मंजुल मयंक, आईटीआई नजीबाबाद के प्रधानाचार्य आंचल कुमार, डीसी मनरेगा राम बहाल सिंह यादव, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार तथा पॉलिटेक्निक बिजनौर के प्रधानाचार्य मौहम्मद आरिफ खान सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। रोजगार मेले में लगभग 40 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। 2762 अभ्यर्थियों में से 1088 युवाओं का चयन किया गया। जिन्हें मुख्य अतिथि एवं डीएम द्वारा मौके पर ही जॉब ऑफर लेटर वितरित



किए गए। इस दौरान आईटीआई बिजनौर की छात्रा कुमारी तृप्ति, पुत्री नरेश कुमार, को हाल ही में प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता में लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उद्योग विभाग द्वारा संचालित वीएसएसवाई टेलर योजना के अंतर्गत कीर्ति, काजल, माया, संजू एवं पूनम को सिलाई मशीन एवं टेलर टूल किट वितरित किए गए। वहीं मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत मेनाक्षी, संगीता एवं राहुल को पांच लाख रुपए के ऋण के चेक प्रदान किए गए। चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें रोजगार मिशन एवं मुख्यमंत्री युवा योजना प्रमुख हैं। उन्होंने युवाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। डीएम जसजीत कौर ने कहा कि पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को (पिंक बूथ) के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास सराहनीय है। भविष्य में भी इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन कर महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पंकज चौधरी, कपिल पराशर, जीवन सिंह, आशा, एकता, अमर कांत, संजय कुमार, रोहिताश पांडेय, मार्कण्डेय चौरसिया, दीपक गुप्ता, प्रह्लाद सिंह, मौहम्मद फुरकान, राकेश रवि, सतेंद्र कुमार, शिवाली चहल, अभय कुमार श्रीवास्तव, रविंद्र कुमार आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर एवं भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## एक नजर

### हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिरा

**पैजनिया।** बीती शाम करीब साढ़े सात बजे नूरपुर हाईवे के किनारे जय राम सैनी के घर के सामने हाई टेंशन लाइन का तार टूट कर उसके भाई जागेश सैनी के घर के बाहर खड़े ट्रिपलर पर गिर गया। जिससे ट्रिपल में चिंगारी निकल गई और वहां खड़े लोगों में भगदड़ मच गई। इसके अलावा तार का एक-एक हिस्सा टूटकर तालाब में गिर गया। जिससे मछलियां तड़प उठी। जयराम सैनी ने आरोप लगाया कि बिजली घर के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मिली भगत से प्राथमिक विद्यालय से केबिल डालकर उनके घर तक ही छोड़ दिया गया और आगे कमजोर लाइन लगा दी गई। जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। उन्होंने केबिल को आगे तक लगाने की मांग की है। जयराम सैनी का कहना है कि यदि यह हादसा दिन में होता, तो बराबर में प्राथमिक विद्यालय में जान माल का नुकसान हो सकता था। इस संबंध में जेई मनोज कुमार ने बताया कि रात में तार को जुड़वा दिया गया है।

### आर्य समाज मंदिर में स्वागत समारोह



**चांदपुर।** शासन से नामित पालिका सभासदों का चांदपुर में आर्यसमाज मंदिर में आर्यसमाज द्वारा जोरदार स्वागत किया गया तथा नामित सभासदों से नगर के विकास में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की। नामित सभासद सुधीर कुमार अग्रवाल ने कहा कि वे भी अपने स्तर से नगर के विकास में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। इस मौके पर आर्यसमाज पहुंचे नामित सभासद सुधीर अग्रवाल फूलों की मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक कमलेश सैनी, भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक कुमार नेता, सुरेंद्र खन्ना, त्यागी बर्तन वाले, अफजल फारूकी, पल्लव अग्रवाल आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि शासन द्वारा पालिका के लिए पांच सभासदों को नामित किया है। जिनमें बाबूराम जोशी, जगदीश गिरी, सुधीर अग्रवाल, संगीता सैनी, शैलेंद्र चौधरी उर्फ बब्बू को शासन द्वारा नामि किया गया है।

### बीस आवारा कुत्तों का चालान



**नहटौर।** पालिका प्रशासन ने शहर में बढ़ते आवारा और खूंखार कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है। पालिका की टीम ने विभिन्न वार्डों में घेराबंदी कर लगभग 20 आवारा कुत्तों को पकड़ा। सघन अभियान आज दोपहर करीब दो बजे वार्ड नंबर तीन, पांच और अन्य क्षेत्रों में चलाया गया। इस कार्रवाई में पालिका टीम के साथ (आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट) के सदस्यों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। पिछले कुछ दिनों से इन खूंखार कुत्तों के हमलों से कई लोग घायल हो चुके थे, जिसके बाद स्थानीय निवासियों में काफी डर का माहौल था। नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। पालिका ईओ ओम गिरी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### तालाब को कब्जा मुक्त कराया



**स्योहारा।** पालिका द्वारा वार्ड संख्या 21 के मौहल्ला शेखान में स्थित तालाब की भूमि को अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया गया। पालिका टीम ने राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से मौके पर पहुंच कर तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई की। पालिका ईओ बिजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि तालाब और अन्य सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। पालिका द्वारा ऐसे कब्जों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। तालाब को पूरी तरह कब्जा मुक्त कराकर उसका संरक्षण कराया जाएगा। वहीं इस कार्रवाई से अवैध कब्जाधारकों में हड़कंप मच गया। पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वह सरकारी भूमि पर कब्जा न करें और यदि कहीं अतिक्रमण है, तो उसे स्वयं हटाकर प्रशासन का सहयोग करें।

### पूर्व सैनिकों को सुरक्षा की जिम्मेदारी



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम द्वारा जिले के अंतर्गत बिजनौर, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, चांदपुर पर उप निबंधक कार्यालय में पूर्व सैनिकों को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई। प्रत्येक उप निबंधक कार्यालय में तीन-तीन पूर्व सैनिक तैनात रहेंगे। कल 15 पूर्व सैनिकों को सहायक महाप्रबंधक उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम मेरठ के द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। उप महा निरीक्षक निबंधक आशुतोष जोशी ने सभी पूर्व सैनिकों का स्वागत कर बधाई दी। उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम मेरठ से कोऑर्डिनेटर देवेंद्र सिंह एवं सुपरवाइजर वीरेंद्र कुमार बिष्ट उपस्थित रहे।

### ब्लॉक व पालिका का निरीक्षण टला

**चांदपुर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा ब्लाक जलीलपुर व पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया जाना था, जो किंही कारणों से अगली तिथि के लिए टल गया। इस दौरान लापरवाह अधिकारियों की सांसे अटकी हुई थी, लेकिन उन्होंने भी शायद अब राहत की सांस ली होगी और इस बीच कुछ कमियां पूरी करने का मौका भी मिल गया। देर शाम समाचार दिए जाने तक डीएम के अचानक पहुंचने को लेकर पालिका कार्यालय में बेहतर व्यवस्था बनाई हुई थी और अधिकारी व कर्मचारी पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दे रहे थे।

## एक नजर

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**हल्दौर।** आगामी नवरात्रि, रमजान और ईद-उल-अजहा के मद्देनजर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह की अध्यक्षता में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी नागरिकों से त्योहारों को आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से बचें। ऐसी कोई भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ-साथ नियमित गश्त भी बढ़ाई जाएगी। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान विभिन्न मस्जिदों के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जितेन्द्र राजपूत बने जिला उपाध्यक्ष



**मंडावर।** जितेन्द्र राजपूत को भाजपा संगठन के प्रति निष्ठा व मेहनत का परिणाम मिला है। अपनी मेहनत और दूसरों की सेवा तथा भाजपा संगठन के प्रति निष्ठा आखिरकार रंग ला ही गई। जिसमें संगठन ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष का पद देकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इससे पहले भी उन्होंने पार्टी में और पदों पर रहकर भी अच्छे कार्यों को किया है, जो निम्न प्रकार है बिजनौर विधानसभा भाजपा मंडावर मंडल के ग्राम रानीपुर निवासी जितेंद्र राजपूत वर्ष 2002 से ही भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्य रहे हैं। 2002 में अपने बूथ रानीपुर से बूथ अध्यक्ष रहे। वर्ष 2003 से 2006 तक मौहम्मदपुर देवमल मंडल के युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रहे। कई वर्षों तक लगातार विधानसभा प्रभारी रहे हैं। वर्ष 2017 से 2020 तक जिला मंत्री रहे हैं। भाजपा नेतृत्व द्वारा वर्ष 2018 में सदस्यता अभियान का जिला सहसंयोजक बनाया गया। वर्ष 2019 में बूथ समिति का जिला सहसंयोजक बनाया गया। वर्ष 2020 से जिला संयोजक नमामि गंगे के नाते पार्टी में कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2022 में बिजनौर विधानसभा से विधानसभा संयोजक बनाया गया। वर्ष 2024 में मीरापुर विधानसभा पर हुए उपचुनाव में शक्ति केंद्र पालक के रूप में कार्य किया। वर्ष 2025 में वर्धमान डिग्री कॉलेज में होने वाली एकता पदयात्रा में विधानसभा संयोजक के नाते अहम भूमिका निभाई। वहीं सामाजिक कार्यों में भी हमेशा आगे बढ़-चढ़कर कार्य करते रहे हैं। आज भाजपा बिजनौर की कार्यकारिणी घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। सोशल मीडिया पर जितेंद्र राजपूत को शुभकामनाएं दी गई तथा पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया गया। वहीं जितेन्द्र राजपूत ने भी भाजपा संगठन का आभार व्यक्त किया है।

### बसपा नेता इफ्तेखार ने कराया इफ्तार



**स्योहारा।** रमज़ान के मुकद्दस महीने के मौके पर मौहल्ला शेखान स्थित मस्जिद में बसपा नेता इफ्तेखार चौधरी द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इफ्तार कार्यक्रम में मौहल्ले के तमाम लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे और सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के माहौल में रोजा इफ्तार किया। मगरिब की अज़ान होते ही रोजेदारों ने खजूर, फल और शरबत के साथ रोजा खोला। इसके बाद सभी ने मिलकर नमाज़ अदा की और अल्लाह की बारगाह में मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी। इफ्तार के लिए मस्जिद में विशेष व्यवस्था की गई थी। जिससे रोजेदारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बसपा नेता इफ्तेखार चौधरी ने कहा कि रमज़ान का पाक महीना सब्र, इबादत और इंसानियत का पैगाम देता है। इस महीने में जरुरतमंदों की मदद करना और लोगों को एक साथ बैठाकर इफ्तार कराना बहुत बड़ा सवाब का काम है। उन्होंने कहा कि समाज में भाईचारा और मौहब्बत बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। मौहल्ले के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की और एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने इफ्तेखार चौधरी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी मेल-जोल और भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और धार्मिक माहौल में संपन्न हुआ। इस मौके पर शमी मास्टर, सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी, अली अहमद, पत्रकार इकबाल अंसारी आदि मौजूद रहे।

# एक ही मंच पर फेरे और निकाह

## धामपुर में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्थानीय विवाह मंडप में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एक अनोखा और भावनात्मक दृश्य देखने को मिला, जहां एक ही मंच पर हिंदू और मुस्लिम समुदाय के जोड़े अपने-अपने रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह के पवित्र बंधन में बंधते नजर आए। एक ओर वैदिक मंत्रों के बीच सात फेरे लिए गए, तो दूसरी ओर 'कबूल है' की गूंज के साथ निकाह की रस्म अदा की गई। यह आयोजन क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक समरसता की शानदार मिसाल बनकर सामने आया।



मुख्य अतिथि विधायक अशोक राणा ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके साथ ब्लॉक प्रमुख क्षमता हेमलता चौहान एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने नवदंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए इस योजना की सराहना की।

इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में धामपुर ब्लॉक के कुल 240 हिंदू और 75 मुस्लिम जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी शादियां पूरी गरिमा और धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार सम्पन्न कराई गई। जिसमें दोनों समुदायों के परिवारजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सरकार की ओर से प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को लगभग एक लाख रुपए का सहयोग प्रदान किया गया। जिसमें 50 हजार रुपए नगद तथा शेष राशि के रूप में आवश्यक घरेलू उपयोग का सामान दिया गया। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिली और उनके बच्चों की शादी का सपना साकार हो सका।

कार्यक्रम के सफल संचालन में खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद सहित धामपुर ब्लॉक के सभी सचिवों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

यह आयोजन न केवल सरकारी योजना की सफलता को दर्शाता है, बल्कि यह भी संदेश देता है कि विभिन्न धर्मों और परंपराओं के बावजूद समाज में एकता, भाईचारा और आपसी सम्मान की भावना आज भी मजबूत है।

# मोती मस्जिद में कुरान-ए-करीम मुकम्मल

## मौलाना तसलीम अहमद ने देश में अमन-चैन के लिए दुआ कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** स्थानीय मौहल्ला अफगानान निवासी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र के पत्रकार अकरम अंसारी के छोटे पुत्र हाफिज शाहनवाज अकरम (17 वर्ष) ने अपनी पहली मेहराब (तरावीह) सहसपुर के मौहल्ला चौधरियान में स्थित मोती मस्जिद में रविवार की रात 25वां रोजा को तरावीह कुरान ए करीम मुकम्मल सुनाया।



सहसपुर की मोती मस्जिद में हाफिज शाहनवाज अकरम ने कुरान ए करीम को सुनाया और मोती मस्जिद के इमाम मौलाना तसलीम अहमद ने कुरान ए पाक सुनकर गलतियों को दुरुस्त कराया। इस मौके पर मोती मस्जिद के इमाम मौलाना तसलीम अहमद ने अकीदतमंदों को सम्बोधित करते हुए कुरान ए करीम की अजमत और फायदे की अहमियत के बारे में बताया। इस रूहानी मजलिस में मोती मस्जिद में अकीदतमंदों को खिताब करते हुए मौलाना तसलीम अहमद ने कुरआन पाक की तिलावत (पढ़ने) के फायदे गिनाए तथा कुरान की फजीलत पर बयान करते हुए कहा कि कुरान आसमानी किताब है, जो सारी दुनिया को आपस में मौहब्बत और भाईचारा कायम करने का दर्स देता है। एक-दूसरे की मदद और हमदर्दी करने और हर गलत काम से बचने की हिदायत करता है। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि तरावीह पूरे महीने पढ़ी जाएगी और रमजान के बाद भी कुरान की तिलावत और नमाज कायम रखना और हर बुरे काम नशाखोरी, शराब नोशी सभी तरह के जरायम से बचकर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां-बाप अपनी औलाद का स्वयं ख्याल रखें। ज्यादा देर रात बाहर जाने पर रोक लगाई। वेवजह बाहर न घूमें। वक्त बड़ी अनमोल चीज है। इसकी अहमियत समझे। मौलाना तसलीम ने बताया कि हर दिन अलविदा है। इसीलिए हमें वक्त की अहमियत वक्त की कदर करनी चाहिए। अपने हम वतनी (भारतीय) भाइयों से आपस में मौहब्बत, प्यार और खुलूस से पेश आओ, सभी के मजहबों का एहतराम करो। हमें किसी भी धर्म की निंदा नहीं करनी चाहिए। इसी प्रकार आपस में भाईचारा कायम रहेगा। बयान के बाद सभी के हाथ दुआ के लिए उठे, मौलाना तसलीम अहमद ने पूरी दुनिया में अमन शांति कायम करने, आपसी भाईचारा मौहब्बत बनाए रखने, गुनाहों की माफी, गुनाहों से बचने के लिए, मां-बाप की इज्जत एहतराम करने के लिए अल्लाह की बारगाह में दुआ कराई।

इस मौके पर हाजी अलाउद्दीन, कारी वहाजुद्दीन (उस्ताद मदरसा माआरिफ उल उलूम), हाफिज जिशान अंसारी, परवेज आलम, एड. जीशान ए आलम, डॉ. मेराजुद्दीन अंसारी, मास्टर युसूफ, हाजी युनुस, बाबू भाई, शादाब सहसपुरी, मुनव्वर सहसपुरी, शमीम अहमद, हाजी अय्यूब, हाजी याकूब, मौहम्मद फैसल आदि अकीदतमंद रहे और हाफिज शाहनवाज अकरम को दुआओं से नवाजा गया।

# मौहम्मद जैद ने ईरान दूतावास में श्रद्धांजलि दी

## दिवंगत सर्वोच्च नेता को शोक संवेदना, भारत-ईरान संबंधों पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर के अब्दुल रज़्ज़ाक फाउंडेशन के चेयरमैन शेख़ मौहम्मद ज़ैद की ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि से अहम मुलाक़ात कर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि के साथ भारत-ईरान संबंधों पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा की।

प्राप्त समाचार के अनुसार दिल्ली स्थित ईरान कल्चर हाउस एवं ईरानी दूतावास में ईरान के सर्वोच्च नेता के भारत स्थित प्रतिनिधि आयतुल्लाह डा. अब्दुल मजीद हकीम इलाही से एक महत्वपूर्ण मुलाक़ात की। यह मुलाकात मौहम्मद ज़ैद द्वारा व्यक्तिगत रूप से की गई। जिसमें उन्होंने ईरान-इजरायल युद्ध में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता को शोक संवेदनाएं और विचार अत्यंत सम्मान के साथ प्रस्तुत किए। इस मौके पर शेख मौहम्मद जैद ने ईरान के सर्वोच्च नेता स्व. आयतुल्लाह अली खामेनेई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने आयतुल्लाह हकीम इलाही के साथ इस दुखद क्षण में अपने जज्बात साझा किए और दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए दुआ की। साथ ही उनके परिवार, अनुयायियों और समस्त ईरानी जनता के लिए सब्र, हिम्मत और अमन की प्रार्थना की। मुलाक़ात के दौरान भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक और मजबूत होते संबंधों पर भी सार्थक चर्चा हुई। मौहम्मद जैद ने विशेष रूप से भारत को ईरान की ओर से गैस आपूर्ति (दो शिपमेंट) के लिए आभार व्यक्त किया और इसे दोनों देशों के बीच







बढ़ते भरोसे, सहयोग और कूटनीतिक संबंधों का प्रतीक बताया। यह मुलाक़ात न केवल एक श्रद्धांजलि का अवसर रही, बल्कि भारत और ईरान के बीच आपसी भाईचारे, सहयोग और संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुई।

## खोया पाया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल परीक्षा सन् 2000 की सनद कही खो गई है। जिसका अनुक्रमांक 0813496 है। यदि किसी व्यक्ति को मिले, तो मेरे निम्न पते पर पहुंचाने का कष्ट करें।

**जानिब नसीम पुत्र नसीमुद्दीन निवासी मौहल्ला मिल्कियान, कस्बा व थाना स्योहारा, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश**

# डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की

## डी और सी रैंक पाने वाले अधिकारियों को निगेटिव कमेंट देने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड, सीएमआईएस पोर्टल पर अंकित निर्माण कार्यों एवं PLFS/ASUSE सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



डीएम द्वारा सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, निर्माण कार्यों सहित सभी प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान डी एवं सी रैंक प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीओ को निर्देश दिए कि विभागीय अधिक. ारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दें। उन्होंने बी रैंक प्राप्त करने वाले विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि उनके द्वारा कार्य की प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं लाया जाता है, तो उनको भी प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड सीधे योजनाओं की निगरानी का डिजिटल टूल है। डैशबोर्ड पर हर जिले की योजनाएं रियल टाइम ट्रैक होती हैं, जिससे रैंकिंग तय होती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रैंकिंग में किसी भी अवस्था में गिरावट नहीं आनी चाहिए, सभी अधिकारी रैंकिंग बढ़ाने का प्रयास जारी रखें तथा इस अहम कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई कदापि न बरतें।

उन्होंने विकास कार्यों में प्रगति लाने एवं शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक एवं न्यूनतम स्तर पर लाने के दृष्टिगत निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआईएस की समीक्षा बैठक प्रति माह दो बार आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण गंभीर एवं सजग रहे और किसी भी स्तर पर कार्य की प्रकृति को प्रभावित न होने दें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की योजनाओं के बिंदुओं पर ए प्लस प्राप्त हुआ है, विभागीय अधिकारी कार्य की प्रगति बनाए रखें तथा कम प्रगति वाले विभाग निर्धारित बिंदुओं पर फोकस कर विभागीय अधिकारी कार्य की प्रगति में अपेक्षित तेजी लाकर रैंकिंग को मानक के अनुरूप लाना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान कृषि सम्मान निधि, शहरी विद्युत सप्लाई, पीएम एवं सीएम आवास योजना, पंचायत राज, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य विभागों की रैंकिंग कम पाए जाने पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया की पुरी गंभीरता और तेजी के साथ विभागीय कार्यों में प्रगति लाते हुए रैंकिंग बढ़ाएं इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके अलावा डीएम द्वारा सीएमआईएस, विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं जो अपूर्ण है, उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें और जो पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें।

डीएम द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों सड़क निर्माण, पुल निर्माण में पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति, कृषि, सिंचाई, लोनिवि सहित अन्य विभागों की कार्यो की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनपद को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने के लिए अपेक्षित प्रयास करें और सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित करें।

सांख्यिकी विभाग द्वारा संचालित पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (PLFS)और एनुअल सर्वे ऑफ अनइनकॉर्पोरेटेड सेक्टर एंटरप्राइजेज (ASUSE) की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि ये सर्वेक्षण नीति निर्धारण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने प्रगणकों (Enumerator) को निर्देशित किया कि डेटा संग्रह में शुद्धता सुनिश्चित करें और फील्ड कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सर्वेक्षण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि फील्ड स्तर पर कार्य कर रही टीमों के साथ समन्वय बनाकर सर्वेक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करें।

इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, उपायुक्त मनरेगा आरबी यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# विवेक सेन ने कराया रोजा इफ्तार

## हजारों लोगों ने की शिरकत, आपसी भाईचारे को बताया हिंदुस्तान की पहचान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** आजाद समाज पार्टी के धामपुर विधानसभा के संभावित उम्मीदवार व सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन द्वारा नगर में विशाल रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

सोमवार को नगर के एक बैंकट हॉल में आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए और एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया। कार्यक्रम के दौरान आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया गया।

मीडिया से बातचीत करते हुए विवेक सेन ने कहा कि रोजा इफ्तार कराने का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक-दूसरे से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आज एक ही स्थान पर हिंदू और मुसलमान साथ बैठकर रोजा इफ्तार कर रहे हैं, यही हिंदुस्तान की असली तस्वीर है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां सत्ता और वोटों की खातिर भाई को भाई से लड़ाने का काम कर रही हैं, इसलिए समाज को ऐसी ताकतों से दूर रहने की जरुत है। इस अवसर पर मौलाना अतीब उर्रहमान, साहिल मेहरा, दीपक कुमार, राजा अंसारी, गोहर इकबाल, सरदार करनवीर, राजेश सैनी, राकेश कुमार, बब्लू वाल्मीकि, प्रदीप, छोटे सिंह, इरफान अहमद, शादाब, सभासद राजेश सिंह, सुखवीर सिंह, परवेंद्र कुमार, लवली सिंह, बंटी भाई, अदनान अहमद एड., नगर अध्यक्ष शलम, शमाईल, रिजवान उर्फ सोनू, सुखवीर जिसौंदिया, मोनू, हैदर, अलतमस, राजा, उजैर, आयान, अनस, रहबर, शादाब पप्पू, शहजाद खान, फहद, शमशाद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पीएम मोदी व डोनाल्ड ट्रम्प की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने पर मुकदमा दर्ज

**चांदपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रपति अमेरिका डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो एआई के माध्यम से अर्द्धनग्न कर साथ में 03 महिलाओं के फोटो लगाकर अपने मोबाइल से व्हाट्सऐप ग्रुप में वायरल कर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता व सौहार्द बिगाड़ने का अपराध करने के आरोप में स्थानीय पुलिस ने गांव खानपुर निवासी शमीम अहमद पुत्र बुंदू के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है।

# कुरान मुकम्मल होने पर इल्मी मजलिस

## कुरान करीम को सीखने और सिखाने की अहमियत को बयान किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** जामा मस्जिद में मुफ्ती अमानुर्रब की तकमील-ए-कुरान मुकम्मल होने पर एक रुहानी और इल्मी मजलिस का आयोजन किया गया। इस मौके पर हज़रत मौलाना मजाहिरुल हक (खलीफा हज़रत मौलाना शाह अबरारुल हक रहमतुल्लाहि अलैह) ने खिताब फरमाते हुए देश के अमनो-अमान के लिए दुआ कराई।



प्राप्त समाचार के अनुसार नगर की जामा मस्जिद में बीती देर रात तरावीह पूरी होने पर आयोजित प्रोग्राम में हज़रत मौलाना ने दीन-ए-इस्लाम के कुरान वह हदीस पर रोशनी डालते हुए और खास तौर पर कुरान करीम को सीखने और सिखाने की अहमियत को बयान किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में यह अफसोस की बात है कि बहुत से नौजवान कुरान और हदीस की तालीम से दूर होते जा रहे हैं। यहां तक कि नमाज में पढ़ी जाने वाली छोटी-छोटी सूरतें भी कई लोगों को याद नहीं होतीं, और अगर याद होती भी हैं, तो उनका सही तरीका नहीं होता। जिससे कुरान मजीद गलत पढ़ा जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कुरान करीम अल्लाह तआला की आखिरी किताब है, जो इंसानियत की हिदायत के लिए नाज़िल की गई है। कुरान में इरशाद है कि 'बेशक यह कुरान उस रास्ते की तरफ रहनुमाई करता है जो सबसे सीधा और बेहतरीन है साथ ही नबी-ए-करीम की हदीस का हवाला देते हुए बताया कि 'तुममें सबसे बेहतर वह शख्स है जो कुरान सीखे और सिखाए।

एक हदीस के अनुसार, जो व्यक्ति कुरान पढ़ता है और उसमें माहिर है वह फरिश्तों के साथ होगा, और जो कठिनाई के साथ पढ़ता है उसे दोगुना सवाब मिलता है।

मौलाना ने कहा कि कुरान को सही मखारिज और तजवीद के साथ पढ़ना बेहद जरुरी है। इसके लिए हर मुसलमान को चाहिए कि वह अपनी मस्जिद के इमाम या किसी कारी साहब से कुरान सीखें, ताकि अल्लाह के कलाम को सही तरीके से पढ़ा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कुरान सिर्फ पढ़ने की किताब नहीं, बल्कि पूरी जिंदगी का मुकम्मल निजाम है। जब तक हम इसकी तालीमात को समझकर उन पर अमल नहीं करेंगे, तब तक असली कामयाबी हासिल नहीं हो सकती। अल्लाह तआला से दुआ की गई कि वह सभी को कुरान करीम को सही तरीके से सीखने, समझने और उस पर अमल करने की तौफीक अता फरमाए। आखिर में हजरत ने अमन और शांति भाईचारे के लिए दुआ कराई।

इस दौरान शहर इमाम मुफ्ती अमानुर्रब साहब, अफसर खान, पूर्व सभासद अब्दुल रऊफ ठेकेदार, मास्टर नजाकत, काजी शमीम, डा. महमूद, गुफरान राजा, पूर्व सभासद अफजाल अहमद बबलू कप्तान, इरशाद सभासद, अशरफ, सभासद सलीम खान, शरीफ अहमद छोटा, मौहम्मद सलमान, सब्बू खान, हाजी मतलब अहमद, मौलाना जरीफ, मौहम्मद जीशान, हाजी सलीम खान, गुड्डू खान आदि जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### भाकियू ने सौंपा पत्र



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन की आवश्यक बैठक तहसील प्रांगण में संपन्न हुई। जिसमें उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह को किसानों से संबंधित अंश संशोधन करवाने और दाखिल खारिज किसान वारीशान की समस्याओं को लेकर पत्र सौंपा गया। बैठक की अध्यक्षता देवदत्त शर्मा, तहसील अध्यक्ष किसान यूनियन के द्वारा की गई। बैठक का संचालन जयप्रकाश राजपूत द्वारा किया गया। इस दौरान चौधरी नरदेव सिंह, चौधरी हुकुम सिंह, राम अवतार सिंह, चौधरी शिवपाल सिंह, चौधरी प्रमोद कुमार, सोनू चौधरी, प्रेम कुमार, बंटी कुमार आदि किसान भाई उपस्थित रहे।

### ईदगाह का निरीक्षण किया



**नजीबाबाद।** उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने हर्षवाड़ा ईदगाह का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण ईद पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का जायजा लेने के लिए किया गया। अधिकारियों ने ईदगाह परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम खां और नगर पालिका के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। ईद के दिन हर्षवाड़ा ईदगाह में हजारों की संख्या में नमाजी नमाज अदा करने आते हैं। जिसके लिए सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

### गजेंद्र सिंह टिकैत बने तहसील अध्यक्ष



**स्योहारा।** ग्राम जट नंगला निवासी चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत को भारतीय किसान यूनियन में पदोन्नति देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष से तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके तहसील अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के किसानों और कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत लंबे समय से किसान हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं और संगठन में उनकी सक्रियता व मेहनत को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उनके स्थान पर ग्राम मेवा नवादा निवासी अश्वनी कुमार को भारतीय किसान यूनियन का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है संगठन द्वारा नई जिम्मेदारी मिलने पर दोनों पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं ने बधाई दी और किसानों के हित में मजबूती से काम करने की उम्मीद जताई। इस संबंध में जानकारी देते हुए नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाकियू हमेशा किसानों के अधिकारों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी किसानों की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा

# 27वीं शबे कद्र पर तरावीह में कई मस्जिदों में कुरान मुकम्मल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रमज़ान के मुबारक माह के 27वीं शबे कद्र के मौके पर नगर की कई मस्जिदों में तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला मिलकियान की मिरासियान मस्जिद हाजी वाली मस्जिद और पालिका के सामने स्थित ज़ीनत मस्जिद में विशेष दुआ कराई गई और लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। बीती रात मिरासियान मस्जिद में कारी हुजैफा ने तरावीह में कुरान शरीफ सुनाया। इस मौके पर उलेमाओं ने दुआ कराई और बच्चों के वालिद जाकिर हुसैन बैटरी वालों को मुबारकबाद दी वहीं हाजी वाली मस्जिद में हाफिज अब्दुल्ला मंसूरी ने कुरआन मुकम्मल सुनाया जबकि मुफ्ती उबैद ने क़ुरआन सुना इस अवसर पर लोगों ने हाफिज अब्दुल्ला के वालिद जकीउल्ला मंसूरी को भी मुबारकबाद दी इसी तरह पालिका के सामने स्थित जीनत मस्जिद में कारी बशर पुत्र हाफिज इरशाद ने तरावीह में कुरान मुकम्मल किया। कुरान मुकम्मल होने पर उलेमाओं ने सामूहिक दुआ कराई और कहा कि किसी घर से हाफिज-ए-कुरान का तैयार होना वालिदैन के लिए बड़े फख्र और नेमत की बात है।

इस मौके पर मुफ्ती अली हसन, मुफ्ती सदाकत अंसारी, हाजी अनवर जमाल, डा. दानिश कमाल, उबैद अख्तर, सुहैल जफर, अतीक, इंजी. हाजी मतलूब, हाजी उबैदुर्रहमान नौशा, डा. तफ्फजुल, मुफिजुर्रहमान, रईस ठेकेदार, अनीसुल हई, अमन अख्तर, हाजी नवाबुद्दीन, मास्टर खुर्शीद, कासिम सलमानी, अमजद अहमद, अलीम अहमद, दानिश इकबाल, सुबहान रबी, जमाल अहमद, नवेदुर्रहमान, रईस, अमीन, फहीम अहमद, हाजी पप्पू, हाजी गुड्डू, अज़हर अहमद, नैय्यर चौधरी, साजिद अहमद, जुनैद, आरिफ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में रमीज़ अहमद के नेतृत्व में गुड्डू, मौहम्मद बब्लू, मौहम्मद शान, समी दानी आमिर, असलम और माजू ने हाजी वाली मस्जिद में मौजूद लोगों को शीरनी वितरित की। वहीं सुबहान रबी स्थानीय सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं और धार्मिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

## एक नजर

### शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना



**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी में आयोजित किए गए बाबा खाटू श्याम जी के 144 वे दरबार तथा विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने हाजिरी लगाते हुए श्याम बाबा के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न भजनों के सामूहिक उच्चारण तथा पारंपरिक जयकारो की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम स्थल को श्रद्धा भावना से परिपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया श्याम बाबा के चरणों से सभी सनातन परिवारों में शांति, खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की कामना की। पूजन कार्यक्रम पंडित अमित कुमार वशिष्ठ एवं पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने बाबा के दरबार में माथा टेकने और अपनी हाजिरी लगाने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को मोर पंखी के माध्यम से आशीर्वाद प्रदान करते हुए तथा उनके मस्तक पर तिलक लगाते हुए श्याम बाबा के चरणों से यह प्रार्थना की।

### तुषार गौड बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष



**शिवाला कलां।** नूरपुर ब्लॉक के गांव शिवाला कलां निवासी तुषार गौड़ को भारतीय जनता पार्टी जनपद बिजनौर का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। तुषार गौड के जिला उपाध्यक्ष बनने से उनके मित्रों एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। इससे पहले तुषार गौड़ भारतीय जनता पार्टी गौतमबुद्धनगर मे लोकसभा विस्तारक उसके उपरान्त हाथरस लोकसभा विस्तारक रह चुके है। जिला उपाध्यक्ष बनने पर तुषार गौड ने कहा पार्टी ने उन्हे जो जिम्मेदारी दी है वह पूर्ण निष्ठा एवं निस्वार्थ भाव से पार्टी के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने लखनऊ प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल से मिलकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

### छह वर्ष के बच्चे ने रखा रोजा



**अफजलगढ़।** मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं, जिनके सपनों में जान होती है। सिर्फ परों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। ऐसा ही हिम्मतवाला कारनामा एक छह वर्ष के बच्चे ने रोजा रख अन्जाम दिया।

### भाकियू की पंचायत का आयोजन



**बुंदकी।** भाकियू की पंचायत का आयोजन नगीना गन्ना समिति के प्रांगण में किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. धर्मवीर सिंह ने की तथा संच. ालन वीरेंद्र सिंह ने किया। पंचायत में किसानों की समस्याओं हो हल कराने की मांग उठाई गई। गन्ना समिति में किसानों को खाद के साथ अतिरिक्त दवाइयां दी जा रही है। जिसे किसान लेना नहीं चाहते, उसे किसानों को न दिया जाए। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के घर जाकर जबरदस्ती न लगाए जाए। बिजली के बिलों, जर्जर तारों, फूके ट्रांसफार्मरों की समस्या का तुरंत समाधान किया किया जाए। आवारा पशुओं को पड़कर गौशाला छुड़वाया जाए। पंचायत में तेजपाल सिंह, सोमवीर सिंह, मूलचंद सिंह, तेजपाल सिंह, पुखराज सिंह, कपिल कुमार, ओम प्रकाश सिंह, राजवीर सिंह आदि रहे।

### नाले में मिला बुजुर्ग का शव



**स्योहारा।** पास नाले में बुजुर्ग की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने लाश को नाले से बाहर निकलवा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मृतक की पहचान ग्राम मंदोरी निवासी रामकुमार (65 वर्ष) पुत्र सत्तू सिंह के रूप में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार द्वारा सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नागरिकों के अनुसार रामलीला ग्राउंड के पास नाले में लाश मिली है, वहां सरकारी शराब का ठेका स्थित है। साथ ही आसपास कई ठेले वाले भी बड़ी संख्या में लोगों को खुलेआम शराब पिलाते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस स्थान पर शाम होते ही शराब पीने वालों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है और देर रात तक लोगों की भीड़ लगी रहती है। कई बार नशे में धुत लोगों के कारण यहां अव्यवस्था की स्थिति भी बन जाती है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि रामकुमार की मौत किन परिस्थितियों में हुई कुछ लोग आशंका जता रहे हैं कि वह नाले में कैसे गिरे यह जांच का विषय है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

सलमान अलीमुद्दीन

युवा समाजसेवी

ग्राम मानियावाला

ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

आकिब यूनुस एड.

युवा भाजपा नेता

बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई

मूल निवासी भीम सिंह

जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।

विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।

भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।

Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी

( ठेकेदार )

संभावित प्रत्याशी

प्रधान पद

राजा का ताजपुर



# नमाजियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्ष कराएं या दें अनुमति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने ईदुल फितर के दिन ईदगाह व शाही जामा मस्जिद पर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराये जाने की मांग डीआईजी को ज्ञापन सौंपकर की।

### 0 सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने डीआईजी को ज्ञापन देकर की मांग

कोतवाली का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में पहुंचे पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज सिंह को सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खां ने ज्ञापन सौंपकर कहा कि देश व उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। सावन के माह में उत्तर प्रदेश सरकार हिन्दू भाईयो (कावड़ियो/शिव भक्तो) पर हर वर्ष हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाती है। जबकि सरकार का नारा है कि सबका साथ सबका विकास एंव सबका विश्वास। हम भी सरकार से यह उम्मीद करते है कि सरकार हमारे भी धर्म का सम्मान करते हुये वर्तमान में चल रहे माह रमजान के मुबारक माह में मुस्लिम समुदाय के लोग भी एक माह रोजे रख कर खुदा की इबादत करते हैं तथा एक माह पूर्ण होने के बाद ईद का पाक पर्व/त्यौहार मनाया जाता है जिस पर मुस्लिम समुदाय के लोग भी सरकार व प्रशासन से आने वाली ईद पर सम्भल की शाही जामा मस्जिद व ईदुल फितर के दिन ही सम्भल ईदगाह पर शासन के खर्च पर ही हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की मांग करते है तथा अगर शासन/प्रशासन द्वारा यह कार्य अपने खर्चे पर नहीं कराया जाता है तो हम स्वयं के खर्चे पर हैलीकॉप्टर से पुष्पा वर्षा कराने एंव खर्च उठाने को तैयार है जिसकी हम आपसे अनुमति चाहते है। ज्ञापन में ईदुल फितर के दिन हैलीकॉप्टर से पुष्पा वर्षा कराने या अनुमति प्रदान करने की मांग की। ज्ञापन देने वालो में जाहिद खाँ मियाँ असलम मोनिस आरिफ खाँ मोहम्मद शान गुलाम मुस्तुफा आदि मौजूद रहे। बता दें सपा नेता इससे पूर्व डीएम व कप्तान को पत्र देकर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करने की मांग कर चुके हैं।



सम्भल- ईद पर हेलीकॉप्टर से पूष्पवर्षा की अनुमति की मांग को डीआईजी को पत्र देते सपा नेता।

# शान को 33 साल की सेवा में मिला नामित सभासद का इनाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कहावत है कि मेहनतों का सिला देर से ही सही मिलता ज़रूर है। सबका साथ सबका विकास और सबका



साथ लेकर चलने वाली सत्तारूढ़ पार्टी में रहकर 33 सालों से सेवा करते आ रहे सय्यद शान अली को प्रदेश सरकार ने सभासद नामित कर दिया है।

नगर के मौहल्ला चौधरी सराय निवासी सय्यद शान अली ऐंसे समय में भाजपा का दामन थामा था जब देश हो या प्रदेश कोई नामलेवा नहीं होता था। ऐंसे समय में पार्टी का झंडा लेकर चले सय्यद शान अली ने आज तक जुड़े रहे। पार्टी का समय चाहें कितना ही बुरा अथवा अच्छा रहा है। इस दौरान कितनों ने ही पार्टी का सझथ छोड़ा परन्तु सय्यद शान अली तनिक भी नहीं डगमगाए और पार्टी के उत्थान व मजबूती के लिए कदम ताल करते रहे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ जम्मू कशमीर आन्दोलन में जेल में रहे जबकि बाबरी मस्जिद राम जन्म भूमि राम मंदिर को लेकर चले आन्दोलन के दौरान ऐंसे-ऐंसे चेहरे पार्टी छोड़कर दूसरे दलों में ख्ले गए मगर शान फिर भी पार्टी से अलग नहीं हुए। प्रदेश में दूसरी बार और देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद कई ऐंसे चेहरे जो कुछ न होते हुए भी उच्च पदों को पाने में कामयाब हुए, लेकिन शान इससे विचलित नहीं हुए। अब प्रदेश सरकार ने देर से ही सही सय्यद शान अली को अधिक न सही नगर पालिका परिषद का सभासद नामित कर पार्टी में 33 साल की गई सेवाओं का इनाम दिया है।

# निरीक्षण में डीआईजी को सब मिला ओके

### 0अभिलेखों का रख-रखाव दस्तावेज प्रबंधन मिला अच्छा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** वार्षिक निरीक्षण को पहुंचे डीआईजी मुरादाबाद ने पुलिस व्यवस्था, रिकार्ड मेंटेनेंस और कानून-व्यवस्था पर संतोष जताया है।

दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण के दूसरे दिन पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज सदर कोतवाली का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक ने कोतवाली के बैरक, हवालात और शास्त्रागार के अलावा कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके अलावा साफ-सफाई और दस्तावेज प्रबंधन अच्छा मिला। सी के साथ जीडी स्टोर, मेस, बैरक और एमटी सेक्शन समेत सभी शाखाओं का निरीक्षण किया गया, जहां रजिस्टरों का रखरखाव और सफ़-सफ़ाई संतोषजनक मिली। जबकि मालखाने में खड़ी सीज व लावारिस गाड़ियों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। बीट कांस्टेबलों की सक्रियता, मिशन शक्ति और साइबर हेल्प डेस्क के कार्यों की डीआईजी ने सराहना की। डीआईजी ने बताया कि एक्स एप्प के जरिए अपराधियों का डिजिटल डाटा, फोटो और सत्यापन तेजी से किया जा रहा है, जिससे पुलिसिंग और मजबूत होगी।



सम्भल-कासेतवालीक` निरीक्षण मकें अभिलेखों की जांच करते डीआईजी मुनिराज।।

आगामी ईद पर्व को लेकर उन्होंने सभी थाना स्तर पर पीस कमेटी की बैठकें कराने, आपसी संवाद बनाए रखने और पारंपरिक तरीके से त्योहार मनाने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों से शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण माहौल में ईद मनाने की अपील की। निरीक्षण में सबकुछ संतोष जनक पाये जाने पर कोतवाली पुलिस ने भी राहत की सांस ली। इसी के साथ डीआईजी ने कुछ कमियों को सुधारने के भी निर्देश दिए। तत्पश्चात प्रभारी निरीक्षक के साथ बैठक कर पिछले एक साल के अपराध आंकड़ों की समीक्षा की। उन्होने बताया कि जनपद में अपराध नियंत्रण की स्थिति सामान्य रही है। करीब 80 प्रतिशत मामलों का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि शेष मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी कार्यालय के निरीक्षण में भी अकाउंट, विशेष जांच शाखा और डीसीआरबी में रिकॉर्ड्स का रखारखाव बेहतर पाया गया। ई-ऑफिस प्रणाली के तहत कार्यों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

# मन में एकता का भाव ज़रूरी: शरद

### 0बबराला में सृष्टि नववर्ष मेला महोत्सव का हुआ शुभारम्भ

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर पंचायत बबराला द्वारा राजघाट रोड बस स्टैंड मैदान पर तीन दिवसीय सृष्टि नववर्ष मेला महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूल के बच्चों व कलाकारों ने किये।

संघ के विभाग प्रचारक शरद ने कहा कि दृष्टि से ही सृष्टि है। नव संवत्सर केवल एक नए वर्ष का आरंभ नहीं, बल्कि सृष्टि के सृजन का दिन भी है। इस दिन ब्रह्मा जी ने संसार की रचना की थी और इसी कारण इसे ब्रह्म संवत् भी कहा जाता है।भारत माता का चित्र घर पर लगाये भारत के लिए समर्पण का भाव जागृत करे।मन मे एकता का भाव नहीं तो सभी व्यर्थ है। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि मानव की रक्षा सनातन संस्कृति ही कर सकती है। मेला से आपसी सौहार्द बढ़ता है। नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि हमें भाव, धर्म व संस्कृति की डोर से माला के फूल और मोती पिरोने हैं। मेले के माध्यम से सभी को साथ लेकर चलना है। मेले में नगर के लोगों ने स्वंय फ्लेक्स लगाकर सहयोग किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने श्रीगणेशाय देवा, वीणा वादनी ज्ञान की देवी अपनी दया बरसा देना, सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आये हैं व शिव तांडव पर नृत्य किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू, बबराला चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, ईओ अमरेश तिवारी, मंजू दिलेर, ओमवीर खाड्गवशी, दीपक यादव, अरुणकान्त वार्ष्णेय, स्वामी पुनितानन्द, बिपिन, कुमोद वार्ष्णेय, राकेश सम्भली, डा. सुधीन्द्र, उमाकान्त शर्मा, प्रशान्त वार्ष्णेय, योगेन्द्र राजपूत, सुनीत, नितिन, आकाश, मनकीत आदि रहे। मंच संचालन संजीव सोनी ने किया।





बबराला- तीन दिनी सृष्टि नव वर्ष मेला के शुभारम्भ पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते।

## होटलों, रेस्टोरेंट पर आने लगी सिलेंडर की दिक्कत

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भले ही गैस की किलल्लत नहीं होने के दावे किये जा रहे हों, लेकिन ाहोटलों, ढाबों और ठेला खामेचे वालों को इसकी किल्लत होने लगी है। जिसके चलते उपलों के दिन बहुरने लगे हैं।

## पाश्चात्य शिक्षा के परिवेश में भारतीय संस्कृति का अभाव

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय शिक्षा बोर्ड की जिला स्तरीय संगोष्ठी में पूर्व आईपीएस च चेयरमैन भारतीय शिक्षा बोर्ड डा.एन पी सिंह ने विस्तार से समस्त जिलों से आए प्रबंधकों विद्यालयों के प्रबंधकों, प्राचार्यों, उद्योपतियों से भारतीय शिक्षा बोर्ड की आवश्यकता के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होने बताया कि आधुनिक पाश्चात्य शिक्षा के परिवेश में शिक्षा में भारतीय संस्कृति और संस्कारों का अभाव है और केवल धन कमाने का ही उद्देश्य है। जबकि भारत में लगातार छात्र छात्राओं का नैतिक पतन होता जा रहा है। पढ़ लिखकर भी बच्चे अपराध करने से नहीं डर रहे आये दिन बलात्कार आत्महत्याएं बढ़ रही हैं, भौतिक चकाचौंध के वातावरण में माता-पिता का अपमान, सामाजिक समरसता, राष्ट्रके प्रति सकारात्मक सोच का अभाव दिखता है। भारतीय शिक्षा बोर्ड की मूल भावना है बच्चों को भारतीय संस्कृति, वेद, शास्त्र , उपनिषद, गीता आध्यात्मिक शिक्षाओं के साथ आधुनिक कंप्यूटर साइंस व सनातन के साश्वत मूल्यों के साथ प्रकृति के मूल से जोड़कर गुणवत्तापूर्ण व संस्कारयुक्त ,चरित्रवान बनाना हैइसके लिये भौतिकतावादी चकाचौंध से मानस का विचार परिवर्तन करना होगा।

# 70 बीघा चारागाह की कब्जाई भूमि मुक्त कराने की कार्रवाई शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सार्वजनिक उपयोग अथवा ग्राम समाज की भूमि मुक्त कराने को चल रहे अभियान में राजस्व प्रशासन ने 70 बीघा चारागाह की भूमि पर किए गए अवैध कब्ज़े से मुक्त कराने की कार्रवाई शुरू की जबकि कुछ मकानों को निशान लगाकर चिन्हित किया।

थाना नखासा क्षेत्र के ग्राम महराना ग्राम समाज की पशु चरागाह भूमि पर अवैध कब्ज़ा कर खेती और मकानों का निर्माण आदि कर लिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब 70 बीघा जमीन, जो पशुओं के चरने के लिए निर्धारित है, उस पर कुछ दबंगों ने जबरन कब्जा कर फसल बो दी है। इस पर मकान भी बना लिए है। इस वजह से गांव के पशुपालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और पशुओं के लिए चारे का संकट गहराने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस मामले की शिकायत की गई, लेकिन अब जाकर प्रशासन

### 0ग्रामीणों की शिकायत पर महरना पहुंचा राजस्व प्रशासन

हरकत में आया है। शिकायत के बाद राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जिसमें कई लेखपाल और नायब तहसीलदार बबलू कुमार शामिल रहे। टीम ने जमीन की पैमाइश शुरू की। जिससे कि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके और कब्जा हटाने की कार्रवाई की जा सके। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन भारी पुलिस बल और आरआरएफ को भी मौके पर तैनात किया। राजस्व अधिकारियों ने स्पष्ट कहा है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ़ कार्रवाई करते हुए चरागाह भूमि को जल्द ही कब्जामुक्त कराया जाएगा, जिससे ग्रामीणों और पशुपालकों को राहत मिल सके।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-शासन से नामित सभासद का मुंह मीठा कराकर स्वागत करते।

## सभासद नामित होने पर किया स्वागत

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर पंचायत गुन्नौर में महीपाल सिंह, अंजू वार्ष्णेय, जूलियस जबकि नगर पंचायत बबराला में योगेन्द्र सिंह,संजीव वर्मा व विवेक गुप्ता को सभासद नामित किये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।नगर गुन्नौर में चेयरमैन खुशबू प्रजापति के आवास पर उनके प्रतिनिधिधर्मेन्द्र प्रजापति ने महीपाल सिंह व जूलियस को सभासद नामित होने पर उनका पटका पहनाकर स्वागत किया। चेयरमैन प्रतिनिधि धर्मेन्द्र प्रजापति ने कहा कि नामित सभासद नगर पंचायत का पूर्ण सहयोग व कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करेंगे। इस दौरान इंदीवर सिंह, सचिन, हर्षित वार्ष्णेय, उमेश चन्द्र, प्रशान्त वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## अवैध खनन के विरोध में धरना स्थल पर आज होगी महापंचायत

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** गैर जनपद की अनुमति पर जिले में खनन के खिलाफ़ भाकियू असली ने मोर्चा खोल दिया है। पूर्व निर्धारित चेतावनी के साथ भाकियू असली के कार्यकर्ता जुनावइ से साधुमणी रोड पर स्थित महाबली टी प्वाइंट पर बुलन्दशहर के पट्टे के नाम पर सम्भल की भूमि पर कराये जा रहे अवैध खनन को रोकने की मांग की। ग्यारवें दिन भी जारी रहा धरना स्थल पर कल आज महा पंचायत आयोजित होगी। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह मोजूद रहेंगे महापंचायत की तैयारियों के लिये भाकियू असली की टीमो ने पूरे जनपद जनसंपर्क किया। जनसंपर्क टीम मे मुख्य रूप से चौधरी संजीव गांधी, राजपाल यादव, जयवीर सिंह यादव, दिलशाद, सचीन यादव, रिशीपाल यादव, सुरजपाल, दिलीप, महाराज यादव, केदारी, भूरे शर्मा, कल्याण सिंह आदि मौजूद रहे हैं।

## जिले के 171 लाभार्थियों को मिली एकलाख की पहली किश्त

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत प्रदेश के 90 हजार परिवारों को 900 करोड़ की अनुदान राशि का अंतरण उनके खातो में किया गया। बटन दबाते ही जनपद में 171 लाभार्थी परिवारों को 01 लाख रुपए की पहली किस्त मिली। जिससे लाभार्थी महिलाओं के चेहरे खिल उठे। उत्तर प्रदेश की पहचान हर गरीब को पक्का मकान'पीएम आवास योजना के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का लखनऊ से सजीव प्रसारण को कलक्ट्रेट सभागार में किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 के अंतर्गत जिले में 171 लाभार्थी परिवारों को भी पक्के मकान हेतु 01 लाख रुपए की पहली किश्त की धानराशि उनके खाते में अंतरित की गई।

## 16 लाख में हुई ठेका साप्ताहिक पैंठ बाज़ार की नीलामी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** नगर पंचायत सिरसी के साप्ताहिक पैंठ बाजार ठेके की नीलामी खुली बोली के माध्यम से की गई। नगर पंचायत के सभागार कक्ष में लगी बोली में मैसर्स ए आर कन्स्ट्रक्शन की ओर से मौहम्मद इस्लाम की सोलह लाख रूपये की बोली लगायी। जबकि विज्ञापन, होर्डिंग, यूनिपोल, के ठके नीलामी के लिए तीन की सर्वाधिक बोली गोल्डन कन्स्ट्रक्शन की ओर से बोली गई।

## दो छात्रों को मिली रोजगार पाने में सफलता

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कौशल विकास के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित रोजगार मिशन कार्यक्रम के तहत रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इसमें 42 कंपनियों ने सहभागिता की और 2000 प्रशिक्षुओ को चयनित किया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालय एवं इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## एक नज़र इधर भी

## 27वीं शब में मुकददस किताब मुकम्मल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** 27 वीं शब में मुकददस किताब मुकम्मल होने पर दुआईया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम नूरियों सराय स्थित मस्जिद चिश्तिया नूरानी में आयोजित कार्यक्रम में रमजान माह की फजीलत ब्यां की। उललेमाओं ने कहा कि इस महीने की इबादत और मुकददस पाक की तिलावत का अलग ही मजा है। इस दौरान मुकददस किताब मुकम्मल करने पर हाफिल साहब की गुल पोशी के साथ नजराने पेश किए जाते हैं। साथ ही सलातो सलाम निजाम सम्भली ने पढ़ा। हाफिज जाकिर हुसैन, ने कहा कि मुकददस किताब दुनिया की वो वाहिद किताब है जिसकी हिफाजत का जिम्मा खुद अल्लाह ने लिया है।



सम्भल-सैंट जीलानी पब्लिक स्कूल में रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदार।

## रमजान का पाक महीना देता है सब्र व इंसानियत का संदेश:कलीम

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** मौहल्ला देहली दरवाज़ा स्थित सैंट जीलानी पब्लिक स्कूल में रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में पहुंचे रोजेदारों ने अमनो-अमान की दुआ की।

इस मौके पर जहां राजैनतिक लोग सदर विधायक पुत्र सुहैल इकबाल, सुहैल चमन, सईद अख्तर इसराईली, इतरत हुसैन बाबर ने रोजेदारों के बीच बैठकर इफ्तार में शिरकत की। जबकि अधिवक्ता समाज में खुसरा सरवत बब्ली, सदर शाही जामा मस्जिद जफर अली एड. के अलावा अन्य लोग भी शामिल हुए। वहीं स्वयं सेवी संस्थाओं से सैकड़ों लोग इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। वहीं धार्मिक उलेमा भी बड़ी संख्या में रोजा इफ्तार पार्टी में पहुंचे। इफ्तार पार्टी में शामिल सभी लोगो ने एक साथ मिलकर बैठकर इफ्तार किया। इस दौरान सैंट जीलानी पब्लिक स्कूल के संस्थापक यजदानी मियां ने खिताब करते हुए कहा कि रमजान का पाक महीना बड़ी ही अकीदत का माहीना है। माहे रमजान का सभी को सम्मान करना चाहिये। उन्होने कहा कि रमजान का पाक महीने में रोजा रखने के साथ इबादत कर गुनाहों से माफी मांगनी चाहिए। कलीम अशरफ ने कहा कि रमाजान का पाक महीना सब्र और इंसानियत का संदेश देता है। इस पाक महीने में रोजा इफ्तार कराने से दिल को बहुत चैन मिलता है। जबकि रोजे की बरकत से खुदा गुनाहों को माफ करता है। उन्होने इस पाक महीने में गरीबों का भरपूर ख्याल रखने और उनकी अधिक से अधिक सहायता करने का भी आहवान किया। इस मौके पर मौलाना कलीम अशरफ, खुसरो जब्बाद लेखपाल, तारिक, अयाज, भूरा भाई फैजान अशरफ, मौलाना नईम अशरफ, मौलाना मोईन अशरफ, गाजी अशरफ, कय्यूम भाई, बाबर, उसमान, तारिक बदरे आलम, मौलाना कामिल मिस्बाही, मौलाना फजैल अशरफ, कारी रय्यान अशरफ, मौलाना इजहार अशरफ आदि शामिल हुए।

## अनिल नगर पंचायत के सभासद नामित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** नगर पंचायत बोर्ड में शासन द्वारा तीन सभासदों को नामित किया गया है। जिनमें अनिल श्रीमाली भी शामिल हैं। कस्बे के मौहल्ला सादक सराय



निवासी अनिल श्रीमाली मध्यम वर्ग से आते हैं। लेकिन भाजपा के कर्मठ व वफादार कार्यकर्ता है। पार्टी ने उनकी संगठन में निठा व लगन को देखते हुए नगर पंचायत का सभासद नामित किया है। सभासद नामित होने पर चेयरमेन कौसर अब्बास के अलावा फुरकान सैफी के साथ ही अन्य सामाजिक व पार्टी से जुड़े लोगों ने अनिल को मुबारकबाद दी।

## मंदिर व रास्ता निर्माण कराने को ग्रामीणों ने सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उपजिलाधिकारी गुन्नौर को पत्र सौंप कर ग्रामीणों ने मन्दिर निर्माण एंव मन्दिर पर पक्की रास्ता बनाने की मांग की। गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव पहलवाड़ा, जियानगला व मक्सूदनपुर की सीमा के मध्य भगवान शंकर जलेश्वर महादेव के शिवलिंग के अस्तित्व में आने पर क्षेत्र के श्रृद्धालुओं की शिवलिंग दर्शन व जलाभिषेक करने को दूर-दूर से अपार भीड़ आने लगी।यहाँ तहसील प्रशासन गुन्नौर द्वारा त्रिपाल लगाकार व्यवस्था की गई। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से मन्दिर का निर्माण व पक्की रास्ता का निर्माण कराये जाने की मांग की।इस दौरान मटरू भगतजी ,राजेश कुमार,बाबा जयगिरी, दानवीर भगतजी हेतराम, जगदीश, सत्यराम होमवीर, रामप्रसाद,सतीश, जुगेन्द्र, सोनपाल, सोन, सौवीर आदि रहे।

# मुकद्दस किताब मुकम्मल होने पर सजी नूरानी महफिल

### 0शाही जामा मस्जिद में वालिन्टियरों को बांधी पगड़ी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** रमजान के मुबारक महीने मे नगर की शाही जामा मस्जिद मे तरावीह के दौरान कुरआने पाक मुकम्मल होने पर नूरानी महफिल का आयोजन किया गया और मुकददस किताब सुनाने वाले हाफिज को सम्मानित किया गया।

शाही जामा मस्जिद कमेटी की ओर से विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रमजान के मुबारक महीने मे नमाजे तरावीह का आयोजन किया। जिसमे हाफिज इंतेजार हुसैन ने बेहद खुबसूरत अंदाज मे मुकददस किताब को सुनाया और नमाजिये ने सुना। मुकददस किताब मुकम्मल हुआ तो मस्जिद मे नूरानी महफिल सजाई गई जिसका शुभारम्भ मुकददस किताब की तिलावत से करते हुए बारगाहे रसूले पाक सलल्लाहु अलेहिवसल्लम मे नाते पाक के नजराने पेश किए। तत्पश्चात नमाजे तरावही अदा कराने वाले हाफिज साहब को नजराने पेश करते हुए फूलो से स्वागत किया गया। जबकि मुल्क और देश दुनिया में अमन व तरक्की की दुआ करायी गयी। इसके अलावा जुमा अलविदा की नमाज शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने के लिए लगाये गये वालिन्टर और पदाधिकारियों को पगड़ी बांधी गई। इस अवसर पर सदर जफर अली एड., सचिव मशहूद अली फारूकी, मौ. सलमान, मुम्ताज, सुहैल खां, सईद अख्तर इसराईली, नाजिम सैफी, फुरकान वारसी आदि मौजूद रहे।



सम्भल- शाही जामा मस्जिद में ुकददस किताब मुकम्मल होने पर कार्यक्रम में भाग लेते।

**विज्ञप्ति/प्रवेश हेतू सूचना**

**डीएलएड (B T C) प्रशिक्षण 2025 हेतु ऑन लाइन आवेदन**

**सितारा बन्नो मेमोरियल डिग्री कॉलेज**

**बिलारी रोड, सिरसी, जिला-सम्भल ( कॉलेज कोड 750002 )**

**अल्पसंख्यक संस्थान**

डी एल एड (B T C) प्रशिक्षण हेतु ऑन लाइन आवेदन NCTE/ SCERT से मान्यता प्राप्त एवं सम्बद्ध डी एल एड (बीटीसी) प्रशिक्षण 2025 हेतृ निर्गत शासनादेश संख्या-1169/68- 4-2025-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 दिनांक 12.11.2025 एवं शासनादेश संख्या 653/ 15.11.2025 दिनांक 10 जून 2025 तथा यथा संशोधित शासनादेश संख्या 612/15.11.2017 दिनांक 25.05.2017 के अनुपालन व परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ. प्र. की विज्ञप्ति दिनांक 12 नवम्बर 2025 के अनुक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

**नोट:-** समस्त अर्हताएं सूचना NCTE/SCERT के मानकानुसार।

अधिक जानकारी के लिए कॉलेज में सर्म्पक करे।

**-:मोबाइल नम्बर:- 8171869153, 9808982326, 9219250005**

# अपहरण की साजिश रच रहे पांच शातिर बदमाश गिरफ्तार, हथियार व कार बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में थाना मैनाठेर पुलिस और एसओजी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपहरण की साजिश रच रहे शातिर अपराधियों के गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी बिलारी के नेतृत्व में 16/17 मार्च की रात मैनाठेर पुलिस और एसओजी की टीम फरीदपुर अंडरपास के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि उमरी-सब्जीपुर रोड स्थित कब्रिस्तान के पास एक सफेद कार में कुछ संदिग्ध लोग किसी बड़े व्यापारी के अपहरण की योजना बना रहे हैं। सूचना पर



त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की और पांच आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सारिक उर्फ लाला, इमरान, जाने आलम, रिजवान उर्फ बड़ा और एक अन्य इमरान के रूप में हुई है। सभी आरोपी मुरादाबाद जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक सफेद बलेनो कार बरामद की है, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। पुलिस को जांच में पता चला कि वाहन का वास्तविक नंबर अलग है। इसके अलावा एक देशी पिस्टल, तीन तमंचे, नौ जिंदा कारतूस और एक चाकू भी पुलिस टीम ने बरामद किया है।

चौंकाने वाली बात यह रही कि आरोपियों के पास अपहरण के लिए इस्तेमाल होने वाला सामान भी मिला, जिसमें बेहोश करने के इंजेक्शन, सिरिंज, रस्सी, दुपट्टा, टेप और अन्य उपकरण शामिल हैं।

पुलिस ने तीन मोबाइल फोन, फर्जी आरसी और नकदी भी जब्त की है।पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह आर्थिक तंगी के चलते 'डिजाइन वर्ल्ड आई एन सी के मालिक का अपहरण कर मोटी फिरौती वसूलने की योजना बना रहे थे।

गिरोह में शामिल एक आरोपी ने फैक्ट्री में काम करने के दौरान मालिक की पूरी रेकी की थी।पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनके फरार अन्य साथियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में हुआ 'क्षितिज' पत्रिका का विमोचन, छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में पहल

**मुरादाबाद।** राजकीय हाई स्कूल वीरपुर बरियार की वार्षिक पंख पत्रिका 'क्षितिज' का विमोचन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में गरिमामय समारोह के बीच किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक



देवेंद्र कुमार पांडे, अचल त्यागी सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पत्रिका का लोकार्पण किया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने 'क्षितिज' पत्रिका की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करती है, बल्कि उन्हें सही करियर दिशा और लक्ष्य निर्धारण में भी मार्गदर्शन देती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पत्रिकाएं विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।विद्यालय की प्रधानाचार्या अलका राज ने अपने संबोधन में कहा कि 'क्षितिज' पत्रिका छात्रों के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। इसमें विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों, लेख, कविताएं और शैक्षणिक सामग्री को स्थान दिया गया है, जिससे उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है।उन्होंने पत्रिका के सफल संपादन और प्रकाशन के लिए विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने इस पहल को सराहनीय बताया और भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक प्रयासों को जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### बोनी ऐनी पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइन स्थित बोनी ऐनी पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जूनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और सर्वांगीण विकास के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नृत्य, कविता और समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक कार्यक्रम में शामिल हुए और अपने बच्चों को मंच पर सम्मानित होते देख गर्व और खुशी व्यक्त की। विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और बढ़ा।विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता भटनागर ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रेजुएशन डे विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सकारात्मक वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।उन्होंने यह भी कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थी अपनी अगली कक्षाओं में प्रवेश कर नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने किया अपने हुनर का प्रदर्शन, अधिकारियों ने की सराहना



मुरादाबाद। पारकर इंटर कॉलेज में आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे, शिक्षाविद् शतानंद शर्मा तथा कॉलेज के प्रधानाचार्य मेजर एस.के. नाथन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।प्रदर्शनी में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, ड्रोन तकनीक और आधुनिक विज्ञान पर आधारित कई आकर्षक एवं उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए। छात्रों के मॉडलों में रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान की झलक साफ देखने को मिली, जिसने उपस्थित अधिकारियों और दर्शकों को काफी प्रभावित किया।निर्णायक मंडल ने सभी मॉडलों का गहन मूल्यांकन करते हुए उत्कृष्ट प्रस्तुतियों का चयन किया और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान निर्धारित किए। आयोजकों के अनुसार विजेता छात्रों को शीघ्र ही सम्मानित किया जाएगा। साथ ही प्रदर्शनी में चयनित 15 प्रतिभागी अब मंडल स्तर की प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे।इस अवसर पर अधिकारियों ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हैं, बल्कि उन्हें नवाचार और नई तकनीकों के प्रति प्रेरित भी करते हैं। उन्होंने शिक्षकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों को प्रयोगात्मक शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करें।कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और छात्रों ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया।

### पुलिस ने किया पैदल गश्त, सुरक्षा का दिया आश्वासन

**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद सतपाल अंतिल के निर्देशान में क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा आशीष प्रताप सिंह ने थाना भोजपुर पर उपनिरीक्षक गण का ओ आर किया और लंबित विवेचनाओं व प्रार्थना पत्रों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इसके बाद कस्बा भोजपुर में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पैदल गश्त की गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, एस एस आई महेश पाल मालिक, उपनिरीक्षक जुगेन्द्र तेवतिया, उपनिरीक्षक पंकज कुमार, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक माही अब्बास, उपनिरीक्षक शराफत हुसैन, उपनिरीक्षक मौसम रानी, उपनिरीक्षक अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय में डायरिया से बचाव और उपचार को लेकर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद। जिला** अस्पताल में डायरिया से बचाव और उपचार को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का संचालन एएनएमटीसी की छात्राओं द्वारा अस्पताल के बच्चा वार्ड में किया गया, जहां मरीजों के परिजनों और आम लोगों को डायरिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।अभियान के दौरान छात्राओं ने बताया कि डायरिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को दिन में तीन या उससे अधिक बार पतले या पानी जैसे दस्त होते हैं। यह बीमारी मुख्य रूप से दूषित पानी, गंदे भोजन और स्वच्छता की कमी के कारण फैलती है। उन्होंने लोगों को इसके प्रमुख लक्षणों के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि लगातार दस्त, उल्टी, कमजोरी, बुखार और शरीर में पानी की कमी इसके संकेत हो सकते हैं।इसके साथ ही छात्राओं ने डायरिया के खतरे के संकेतों के बारे में भी जानकारी दी, जैसे अत्यधिक कमजोरी, पेशाब कम होना, आंखों का धंस जाना और सुस्ती आना। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेने की सलाह दी गई।अभियान में उपचार के तौर पर ओआरएस घोल के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। बताया गया कि डायरिया होने पर शरीर में पानी और लवण की कमी को पूरा करने के लिए ओआरएस का सेवन बेहद जरूरी है। इसके साथ ही 14 दिनों तक जिंक टैबलेट देने की भी सलाह दी गई, जिससे बीमारी जल्दी ठीक होती है और




दोबारा होने का खतरा कम होता है।इस जागरूकता अभियान में एएनएमटीसी की ट्यूटर इंचार्ज फिरोज बी, हॉस्पिटल मैनेजर कुलदीप सक्सेना और ट्यूटर रश्मि चाहल उपस्थित रहीं। वहीं छात्राओं में उजाला, यासमीन, सलोनी, सुहानी सहित अन्य छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता अपनाने और सुरक्षित पानी के उपयोग का संदेश दिया गया।

## मस्जिदों में हुआ कुरआन मुकम्मल

कुंदरकी। नगर के मोहल्ला तकिया अरब शाह की मस्जिद में इमाम नबाब अजहर व हाफिज फरहान ने कुरआन सुनाया। इसके अलावा काजी वाली मस्जिद में इमाम अनीस रजा अजहरी ने कुरान सुना कारी अहमद रजा ने सुना। लाइनपार जामा मस्जिद में कुरआन मुकम्मल हुआ। जिसमें समाजसेवी हसमत रजा ने कारी साहब को उमरे के टिकिट व 10 हजार रुपए का हार नजराने में दिया। वी ग्राम जैतपुर पट्टी की जामा मस्जिद में कुरआन मुकम्मल में 10 हजार रुपए वी दो बैटरी मस्जिद के लिए दी।

किले वाली मस्जिद में कुरान मुकम्मल हुआ जिसमें 5 हजार रुपए कारी साहब व सुनने वाले को भी 5 हजार रुपए दिए।

# ईद-उल-फितर को लेकर नागफनी थाने में सीओ कोतवाली की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आगामी त्यौहार ईद-उल-फितर को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को थाना नागफनी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, व्यापारी वर्ग के प्रति. निधियों तथा पीस कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सुनीता दहिया ने उपस्थित लोगों से अपील की कि सभी लोग मिलजुल कर त्योहार को भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस और जनता दोनों की संयुक्त जिम्मेदारी है। यदि कोई संदिग्ध



गतिविधि या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने की भी सलाह दी।बैठक में मौजूद गणमान्य लोगों ने भी पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। सभी ने एक स्वर में कहा कि मुरादाबाद की गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।अंत में क्षेत्राधिकारी ने सभी को धन्यवाद देते हुए आपसी सहयोग और समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि ईद-उल-फितर का पर्व जिले में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके।

# नवदुर्गा पर्व से पहले व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग, शिवसेना ने नगर पालिका को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नवदुर्गा पर्व के मद्देनजर नगर में साफ-सफाई, बिजली और पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए मंगलवार को शिवसेना पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रघुराज यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गुरुवार से नवदुर्गा पर्व शुरू हो रहा है, ऐसे में सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की स्थिति में नगरवा. सियों को पानी की दिक्कत न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। साथ ही मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने, खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने और खंभों पर लगी लाइटों की मरम्मत कराने की मांग की गई। इसके अलावा मंदिर परिसर के आसपास चूने से रंगोली बनवाने, खराब पड़े ठंडे पानी के फ्रिज दुरुस्त कराने और टूटी सड़कों की मरम्मत कराने की भी मांग उठाई गई, ताकि



त्योहार के दौरान श्रद्धालुओं और नगरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने शिवसेना पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि सभी मांगों को जल्द पूरा कराया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, हरी बाबू, सुशील शर्मा, दिनेश आजाद, विनोद यादव, भूरा भाई, अमित गुप्ता, अमन गुरुजी, मयूर गुप्ता, सौरभ सक्सेना, रवि शंकर शर्मा, कुश सक्सेना, रवि शंकर रस्तोगी, गौतम सहित अन्य शिवसैनिक शामिल रहे।

# राज्यमंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र

## युवाओं को रोजगार देना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मुख्य उद्देश्य: राज्यमंत्री गुलाब देवी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार को एस. एम. कॉलेज में आयोजित वृहद रोजगार मेले में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने पहुंचकर चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लेकर चयन किया गया, जिनमें 10 हजार से 40 हजार रुपये तक वेतन की पेशकश की गई। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज को सशक्त बना सकें। उन्होंने कहा कि रोजगार मिलने से न केवल युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे रोजगार मेलों के



माध्यम से युवाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न कंपनियों से जुड़ने का अवसर मिलता है, जिससे उन्हें अपनी योग्यता के अनुसार बेहतर विकल्प मिलते हैं। सरकार का प्रयास है कि तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं। इस दौरान उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनसे ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रशासन व अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# मूल्यांकन के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**■ मूल्यांकन कार्य के लिए समय पर पहुंचें शिक्षक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं के निष्पक्ष, सुसंगत और त्रुटिरहित मूल्यांकन के लिए मंगलवार को एस. एम. इंटर कॉलेज के मीटिंग हॉल में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रवक्ता मनोज कुमार ने उप प्रधान परीक्षकों, परीक्षकों एवं अंकेक्षकों को परिषद की गाइडलाइन के अनुसार मूल्यांकन प्रक्रिया की बारीकियों और उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मूल्यांकन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक शिक्षक को पूर्ण सतर्कता व सावधानी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन में छोटी सी गलती भी छात्र के भविष्य को प्रभावित कर सकती है, साथ ही पूरी परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े कर सकती है। इसलिए पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए कि उप प्रधान परीक्षक पहले स्वयं उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर आदर्श प्रतियां तैयार करेंगे, जिनके आधार पर सहायक परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही उप प्रधान परीक्षक द्वारा परीक्षकों के कार्य का निरीक्षण भी किया जाएगा। सभी परीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे 18 मार्च 2026 को निर्धारित समय पर मूल्यांकन केंद्र पर पहुंचकर अपने-अपने कक्ष में बैठकर कार्य संपन्न करें। उप नियंत्रक राजेश गुप्ता ने बताया कि मूल्यांकन केंद्र पर अनुशासन बनाए रखने के लिए मोबा. इल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक छात्र को उसकी मेहनत का सही मूल्य दिलाना और परीक्षा परिणाम को पूरी तरह निष्पक्ष व त्रुटिरहित बनाना है। इस अवसर पर उपनियंत्रक राजेश गुप्ता, पर्यवेक्षक संजीव सक्सेना, योगेश बाबू, सहउप. नियंत्रक मनोज कुमार प्रवक्ता, संजीव कुमार, मोहम्मद मुकीम, ममता शर्मा, विनीता रानी, नेहा श्रीवास्तव, आकाश शर्मा, ए.के. सिंह, नेमचंद, सत्यपाल जयप्रकाश, समंद्र, अभिषेक त्यागी, सौरभ गुप्ता, कृष्ण अवतार, संजीव कुमार, शिवम दिवाकर, डिप्टी शंकर आदि विभिन्न विद्यालय के उप प्रधान परीक्षक तथा परीक्षक उपस्थित रहे।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे शैक्षिक दस्तावेजों में मेरा नाम ANSAR HUSAIN दर्ज है जबकि आधार कार्ड में **ANSAR HUSSAIN** दर्ज है आज के बाद मुझे **ANSAR HUSAIN पुत्र अब्दुल वाहिद निवासी ग्राम नसीरपुर अल मदार धर्म कांटे के पास नसीरपुर पोस्ट मैनाठेर तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।**

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( जू०डि० ) कोर्ट नम्बर-5 महोदय, जिला मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** - 503/2024
**तारीख पेशी:** 21.04.2026
**हरी किशन बनाम अनस महफूज**

हरी किशन पुत्र भगवानदास निवासी शिव नगर जयंतीपुर रोड आशा मस्जिद के सामने तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

अनस महफूज पुत्र स्व. श्री सैय्यद महफूज अली निवासी लाकड़ी वालान मुगलपुरा अव्वल तहसील व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादी।**

चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 04 के 21 दिवस को 10. 00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रुपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा। मेरे हस्तारक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 03 के 17 दिवस को निकाली गई।

**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( जू०डि० ) कार्ट नं05, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैं अपनी पुत्री पायल को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में पायल के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन/लोन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **वीर सिंह पुत्र लाखन सिंह निवासी ग्राम मेंदनीपुर पोस्ट बीजना तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र आयान पुत्र सलीम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में आयान के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
**सलीम पुत्र लतीफ निवासी गुलाब बाग हरथला थाना सिविल लाईन तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# टीएमयू में खूब गुदगुदा गए हास्य-व्यंग्य के कवि शैलेश लोढ़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में आयोजित कवि सम्मेलन में शैलेश लोढ़ा ने अपनी अनूठी प्रस्तुति और हास्य-व्यंग्य से मेहमानों और हजारों स्टुडेंट्स को खूब गुदगुदाया। व्यंग्यकार गो. विंद राठी ने समाज की विसंगतियों पर कड़ा प्रहार किया। वीर रस के कवि अशोक चारण ने अपनी प्रभावी आवाज और अदायगी से वाहवाही लूटी। शैलेश लोढ़ा ने भारत की बड़ी आबादी की कहानी पर केंद्रित अपनी कविता- जिंदगी मुझे तुझसे प्यार है... को सुनाया। उन्होंने समाज में रिश्तों में खत्म होते भरोसे पर बोले- गजल वही रहती है, उन्मूल बदल जाते हैं अदालत तक जाते-जाते बयान बदल जाते हैं। कवयित्री मनु वैशाली ने प्रेम गीतों पर पूरा पंड़ाल झूमता नजर आया। गीतकार अभिसार गीता शुक्ल ने प्रेम और विरह की रचनाओं से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। शैलेश लोढ़ा ने अपने संबोधन में कहा, ष्मैं जीवन में पहली बार देख रहा हूं, तीन पुश्तें संग-संग शिक्षा, संस्कृति और साहित्य की समृद्धि के प्रति समर्पित हैं।ष उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे मोबाइल से दूरी बनाकर किताबों को आत्मसात करें। अभिभावकों को अनमोल सलाह देते हुए बोले, वे अपने बच्चों की तुलना कभी भी दूसरों से न करें। साथ ही स्टुडेंट्स को भी सफलता के टिप्स देना नहीं भूले, बोले- वे जीवन में कभी निराश न हों। असफल होने पर भगवान पर विश्वास करते हुए अपना कर्म करें।




## टीएमयू में कवि शैलेश लोढ़ा बोले, पैर छूने सरीखे संस्कार को जीवंत रखने की दरकार

**मुरादाबाद।** दीक्षांत समारोह के अंतिम दिन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में आयोजित कवि सम्मेलन में हास्य-व्यंग्यकार, अभिनेता एवम् लेखक श्री शैलेश लोढ़ा स्वामी महावीर का भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा, दुनिया में संभावित तीसरे युद्ध के मद्देनजर भगवान महावीर के सिद्धांतों की प्रासंगिक पर बोले, 2600 साल बाद भी भगवान महावीर आज भी अनुकरणीय हैं, क्योंकि जो शस्त्र ग्रहण करता है वह वीर होता है, लेकिन जो शस्त्र त्याग करता है वहीं महावीर कहलाता है। टीएमयू की तीन पीढ़ियों- कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, ग्रुप वाइस चेयरमेन श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन को साधुवाद देते हुए बोले, मैं जीवन में पहली बार देख रहा हूं, तीन पुश्तें संग-संग शिक्षा, संस्कृति और साहित्य की समृद्धि के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने ओपन थियेटर में स्टुडेंट्स के विशाल समूह से मुखातिब होते हुए कहा, संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए स्टुडेंट्स को मोबाइल से दूरी बनानी होगी। मोबाइल को छोड़कर किताबों को आत्मसात करना होगा, क्योंकि बुक्स हमारी सच्ची मित्र हैं। न तो वे डिस्चार्ज होती हैं। न सिग्नल डाउन होता है। न ही मोबाइल की फ्लैश मानिंद नेत्रों को कमजोर करती हैं। हमें युवाओं पर भरोसा करना होगा, क्योंकि युवा ही सभ्यता, संस्कृति और साहित्य के ध्वज वाहक हैं। अभिभावकों को अनमोल सलाह देते हुए बोले, वे अपने बच्चों की तुलना कभी भी दूसरों से न करें। साथ ही स्टुडेंट्स को भी सफलता के टिप्स देना नहीं भूले, बोले- वे जीवन में कभी निराश न हों। असफल होने पर भगवान पर विश्वास करते हुए अपना कर्म करें। साथ ही बोले, इश्क कहा नहीं, किया जाता है। मुहब्बत में शब्दों से ज्यादा इमोशन जरूरी है। दुनिया में कलम की ताकत को सर्वोपरि बताते हुए बोले, विश्व में जो भी क्रांति, बदलाव, आन्दोलन आदि कलम की ताकत से ही हुए हैं। श्री लोढ़ा ने लघु कहानी सुनाते हुए आत्म विश्वास और अति आत्म विश्वास की व्याख्या भी की। अंग्रेजी को महज लैंग्वेज बताते हुए बोले, भारतीय भाषाएं ज्ञान की त्रिवेणी हैं। भारतीय भाषाओं में सच्चे रिश्ते हैं। अपनापने की खुशबू है। उन्होंने तेजी से गिरती संस्कृति पर चिंता जताते हुए कहा, अनुज पैर छूने की भारतीय संस्कृति को जीवंत रखे। दुनिया में भारत ही एकमात्र ऐसा मुल्क हैं, जहां पैर छूने की परम्परा है। हमें अपने बच्चों को पैर छूने की संस्कृति से इसलिए दूर नहीं रखना चाहिए क्योंकि वे भी तो जाने, पांव के नीचे जो छाले हैं, उन्हीं ने तो बच्चे पाले हैं।

## एक नजर


### शंकर भवन और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक फाइनल में



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे स्टाफ वर्ग के एनुअल स्पोर्ट्स मीट शौर्य-2026 में क्रिकेट के सेमीफाइनल मैच में शंकर भवन और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक ने फाइनल में जगह बनाई। शंकर भवन ने स्कूल ऑफ साइंसेज को 40 रन से हराया, जबकि यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक ने स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज, स्कूल ऑफ लॉ की संयुक्त टीम को 39 रन से हराया। बैडमिंटन में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक और स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज, स्कूल ऑफ लॉ की संयुक्त टीम महिला वर्ग के डबल्स में फाइनल में पहुंची। सिंगल्स में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक और स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशंस की संयुक्त टीम के बीच फाइनल मुकाबला होगा।

## भाजपा महानगर कार्यालय पर भजन एवं सुंदरकांड पाठ का हुआ भव्य आयोजन

**मुरादाबाद।** चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ से पूर्व भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय, बुद्धि विहार में भजन एवं भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी और श्रद्धालु शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत बालाजी संकीर्तन मंडल के मोहन कपूर और अर्चना कपूर द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद उन्होंने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। भजनों के उपरांत सुंदरकांड पाठ का विस्तृत और भावपूर्ण वाचन किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु ताली बजाते हुए प्रभु श्रीराम और हनुमान जी की भक्ति में लीन नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।



सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान, पूर्व सांसद वीर सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

इसके अलावा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह, गौ सेवा आयोग सदस्य दीपक गोयल समेत महानगर, मोर्चा और विभिन्न प्रकोष्ठों के अनेक पदाधिकारी, पार्षदगण एवं कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस धार्मिक आयोजन ने न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया, बल्कि संगठनात्मक एकता और सामाजिक समरसता का भी संदेश दिया।

## कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का नवे दिन

**मुरादाबाद।** कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के नवे दिन मुरादाबाद महानगर के समस्त ब्लॉक एवं शहरी क्षेत्र में 2787 टीमों द्वारा व्यक्तियों का परीक्षण किया गया। इस क्रम में टीम द्वारा घर-घर जाकर ऐसे मरीजों की खोज की गई जिसके शरीर पर त्वचा के रंग से हल्के या गाढे रंग का कोई भी निशान हो। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ भास्कर अग्रवाल ने बताया कि टीमों द्वारा अभी तक 2150125 व्यक्तियों की जांच की गई है, जिसमें से 851 संभावित रोगियों की खोज की गई है। ऐसे संभावित मरीजों को पर्ची देकर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया है, जहां उनकी जांच की जा रही है। इस प्रक्रिया में अब तक 31 रोगियों में कुष्ठ रोग की पुष्टि हो चुकी है। डॉ अग्रवाल ने बताया कि टीम द्वारा ऐसे घरों में जहां पर सभी लोगों की जांच नहीं हो पाई है, वहां पर जांच के दूसरे दिन एवं अभियान के 14 दिन दोबारा भ्रमण किया जाना है। शहरी क्षेत्र की टीमों की जांच जिला नाभिक टीम के रामानंद बाजपेई द्वारा की गई।




## आज से बालिकाओं के लगेगी एचपीवी की वैक्सीन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** आज से 3 महीने तक बालिकाओं के एचपीवी की वैक्सीन निशुल्क लगाई जाएगी उक्त जानकारी चंद्रशेखर यादव ने दी। उन्होंने बताया कि 18 मार्च से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में 14 वर्ष से 15 वर्ष के बीच की बालिकाओं का एचपीवी वैक्सीनेशन होगा। जिसमें बच्चों को आधार कार्ड एवं मोबाइल साथ लेकर आना है उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाती है डॉक्टर राजीव द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम लगा दी गई है तथा वैक्सीन कक्ष, रजिस्ट्रेशन कक्ष एवं ऑब्जरवेशन कक्ष की तैयारी पूर्ण हो चुकी है आज से 3 माह तक सीएचसी पर यह टीकाकरण होता रहेगा।

## बंदों के लिए तोहफे के तौर पर आता है रमजान का महीना: अरमान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** रमजान का महीना बंदों के लिए तोहफे के तौर पर आता है इस महीने जो संपन्न है उन्हें मौका दिया जाता है कि वह गरीबों मजबूरो यतीमो वेवाओ की दिल खोलकर मदद करें। उक्त विचार अरमान चौधरी रईस ने व्यक्त किये उन्होंने बताया कि वैसे तो साल में 12 महीने होते हैं लेकिन अल्लाह को मानने वालों के लिए साल के 12 महीना में से 11 महीने तो बंदों के लिए होते हैं जबकि एक महीना जिसे रमजान कहते हैं बंदों के लिए तोहफे के तौर पर आता है।



## पुराने विवाद को लेकर खेत पर खड़े काट दिए पेड़ पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** पुराने विवाद को लेकर कुछ लोगो ने खेत पर खड़े 190 पॉपुलर के पेड़ काट दिए पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शेखूपुरा निवासी अनुज कुमार पुत्र रघुवीर सिंह का कहना था कि 20 फरवरी की रात को 12:00 बजे गांव के प्रमोद पुत्र राजाराम राजवीर पुत्र मुख्तियार सिंह अमित पुत्र राजवीर सिंह राजपाल पुत्र मुख्तियार सिंह और रितिक पुत्र राजपाल प्रमोद के घेर से निकले और उसके खेत पर जाकर पॉपुलर के 190 पेड़ काट डाले सुबह जब उसने खेत पर जाकर देखा तो घटना का पता लगा इन लोगों से शिकायत की तो इन्होंने पेड़ काटने की हामी भरते हुए गाली गलोज करना शुरू कर दिया पीडित के मुताबिक वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी उक्त लोग जाते दिखाई दिए किसान इस मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंचा और कार्रवाई की मांग की पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## केरल स्टोरी 2 फिल्म दिखाकर बालिकाओं को किया जागरूक



**कांठ( शाह टाइम्स )** श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान मुरादाबाद के तत्वाधान में आज वेब सिनेमा में 300 बेटियों को केरल स्टोरी 2 फिल्म दिखाइ गई। संस्थान के संस्थापक गुरु अरविंद चौधरी ने बताया कि सभी को व्यवस्थित तरीके से इस मूवी को दिखाया गया काफी लोग बच्चियों के साथ कार्यक्रम में पहुंचे उन्होंने वेब सिनेमा संचालकों का भी आभार व्यक्त किया उन्होंने बताया कि लड़कियां 12:00 बजे से पहले ही वहां पहुंचनी शुरू हो गई थी।

जिससे सभी को निशुल्क टिकट उपलब्ध कराए गए और जलपान की व्यवस्था संस्थान के द्वारा कराई गई। इस फिल्म को दिखाने का मुख्य उद्देश्य बेटियों को जागरूक करना था लड़कियों ने सनातन की बेटियों के साथ फिल्म में हुए दुर्व्यवहार को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया और इस सबसे बचने के प्रति काफी प्रेरित हुई। उन्होंने कहा कि अगर कोई सामाजिक फिल्म दिखाई जाती है तो हमें बच्चों को ले जाकर उसे दिखाना चाहिए। इस मौके पर विपिन चौधरी आचार्य धीर शांत राजेश रस्तोगी अनिल सिक्का उदय चौधरी पारस चौधरी इंद्रपाल सिंह बिट्टू प्रजापति व अन्य काफी लोग मौजूद रहे।

## नगर पंचायत में सभासद नामित करने से हर्ष का माहौल

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नगर पंचायत में सरकार द्वारा सभासद नामित किए जाने की घोषणा से हर्ष का माहौल है। जारी हुई लिस्ट के मुताबिक नगर पंचायत कांठ में प्रीति जाटव पत्नी देवराज सिंह जाटव मोहल्ला फकीरगंज, गौरव बिश्नोई पुत्र वीरेंद्र कुमार बिश्नोई बिशनपुरा, मोहित चौहान पुत्र गोपाल सिंह निवासी फकीरगंज म एवं उमरी कला में सतीश कुमार दिवाकर पुत्र ओमप्रकाश मंगल का बाजार, लइक अहमद पुत्र बन्ने हसन मोहल्ला ठेकेदारान और अनिल कुमार दिवाकर पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी मंगल का बाजार के नाम घोषित किए गए इसकी जानकारी मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त हो गया हालांकि एक पदाधिकारी द्वारा उन्हें शामिल न किए जाने पर नाराजगी भी व्यक्त की जा रही है। मगर घोषित हुई लिस्ट से हर्ष का माहौल है और नामित सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही है।



## धीमी गति से चल रहा सड़क निर्माण नए गांव तक पहुंचा लेकिन पुलिया आज भी नहीं हुई चौड़ी

**कांठ ( शाह टाइम्स )** धीमी गति से मुख्य हाइवे पर चल रहा सड़क निर्माण नए गांव तक पहुंच चुका है लेकिन इस मार्ग में पडने वाली पुलियों को आज तक भी चौडा नहीं किया गया है तो क्या यह काम सड़क निर्माण के बाद पूरा होना है लोग इसे लेकर चर्चा कर रहे हैं। बतादे की सहसपुर से छजलैट तक सड़क का चौड़ीकरण होना था करीब सवा साल पहले इस पर काम शुरू हुआ जो आज तक भी पूरा नहीं हो पाया रसूलपुर रेलवे फाटक तक सड़क पर बजरी डालकर चौड़ीकरण किया गया लेकिन नगर में करीब 800 मी का टुकड़ा ऐसे ही छोड़ दिया गया इसके बाद होली से पहले फिर सहसपुर बॉर्डर से अंतिम कोट सड़क पर डालने का काम शुरू हुआ लेकिन उसकी रफ्तार इतनी कम थी कि वह भी अभी कांठ तक नहीं पहुंच पाया सहसपुर से नए गांव तक पहुंचने में इस काम को भी महीना लग गया अब सड़क निर्माण नए गांव तक आ चुका है लेकिन वहां से कांठ तक पढ़ने वाली पुलिया कासमपुर और लाल मस्जिद के सामने आज भी संकरी है जिनका चौड़ीकरण कराया जाना था। मगर सड़क निर्माण से पहले इस काम को पूरा ना कराना कई सवाल खड़े कर रहा है नगर के लोगों ने सड़क निर्माण के साथ-साथ ही पुलियों को भी चौड़ा कराए जाने की मांग उठाई है।





### बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र आकाश को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवाकि संबंध विच्छेद कर लिए है। अब भविष्य में आकाश के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**राम सिंह पुत्र प्रभु दयाल निवासी मकान नंबर 103/2 मोहल्ला कुरेशियान तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

### बेदखली/सम्बन्ध विच्छेद सूचना

हमने अपने पुत्र मौ. इमरान व पुत्रवधू श्रीमती तनकीम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन एवं मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मौ. इमरान व उसकी पत्नी तनकीम का हमसे व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मौ. मोगिस पुत्र शरीफ अहमद व श्रीमति दुख्तर जहां निवासी पीर का बाजार करूला थाना मझोला, जिला मुरादाबाद।**



## युवती को बहला फुसला कर ले जाने पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एक ग्रामीण ने मुकदमा दर्ज कराया कि बीते दिन उसकी 16 साल की बेटी को रात 8 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर लेकर गया। आसपास तलाश करने पर कहीं कुछ पता नहीं लगा। मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण के मामले में युवक पर मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण के मामले में एक युवक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराया की 15 मार्च को रात्रि 11 बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी को गांव का ही विष्णु पुत्र धर्मपाल अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। आसपास काफी तलाश के लेकिन कहीं कुछ पता नहीं लगा। अनहोनी की आशंका को लेकर कोतवाली में मुक. दमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

## गांधी स्मारक महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन

**सुरजननगर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान गाँधी स्मारक महाविद्यालय, सुर. जननगर-जयनगर में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आज हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए।आज आयोजित दौड़ के पुरुष वर्ग में बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र विश्वजीत शर्मा ने अपनी गति का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बी.ए. द्वितीय वर्ष के रेयान अंसारी दूसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में बी.ए. प्रथम वर्ष की आँचल ने स्वर्ण पदक जीता और बी.ए. तृतीय वर्ष की कल्पना ने द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।विजेता छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भूपेन्द्र सिंह द्वारा मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये अनुशासन और टीम भावना भी विकसित करते हैं।कार्यक्रम का सफल संचालन शारी. रिक शिक्षा विभाग के डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह एवं डॉ. देवेन्द्र प्रकाश द्वारा किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

## गुरु जंभेश्वर शोभा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**कांठ( शाह टाइम्स )** गुरु जंभेश्वर शोभा यात्रा आज हरथला से धूमधाम से निकाली गई शोभा यात्रा हरथला से प्रारंभ होकर लोदीपुर धाम पर पहुंची शोभायात्रा में धार्मिक झांकियां के साथ संत समाज एवं जन मानस पद यात्रा करते हुए निकले बताया गया कि इसके बाद लोदीपुर धाम मंदिर पर ध्वजारोहण किया गया और रात 8:00 बजे आरती जागरण प्रवचन कीर्तन संतों और अतिथियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। आज 18 मार्च को लोदीपुर धाम में वार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा।



## द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव दर्शन मेले का 19 मार्च से होगा शुभारंभ

**कांठ( शाह टाइम्स )** द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव दर्शन मेले का कांठ के रामल. ीला मैदान में 19 मार्च से शुभारंभ होगा जो की 23 मार्च तक चलेगा उक्त जानकारी संगठन के पदाधिकारी द्वारा दी गई उन्होंने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बरेली के स्थानीय सेवा केंद्र कांठ द्वारा उक्त कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें 12 द्वादश ज्योर्तिलिंगम व्यसन मुक्ति प्रदर्शनी ज्ञान योग पथ प्रदर्शनी 3क शो कुंभकरण जागरण एवं 30 फीट ऊंचा ज्योर्तिलिंगम होंगे कार्यक्रम प्रात: 8:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलेगा उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस पावन अवसर पर रामलीला परिसर में पधार कर लाभ उठाए जाने का आह्वान किया है।

## मदीना मस्जिद में नमाजे तरावीह में कुरान मुकम्मल

**बिलारी।** नगर के बस स्टैंड के निकट स्थित मदीना मस्जिद में नमाजे तराबीह में कुरान मुकम्मल हुआ। कारी हाफिज आदिल साहब ने कुरान पढ़कर मुकम्मल किया। इस दौरान उन्होंने सामूहिक दुआ की, और अल्लाह से गरीबों मजलूमों की मदद व देश की सलामती और सभी को रोजगार अता करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट पूर्व सदस्य कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार व इंतखाब पाशा, बंटी भाई, इरफान सैफी, हाजी अरकान, मोहम्मद फैज आरिफ पाशा, रईस पाशा, गुच्छन पाशा, जमीर अंसारी, नाजिम अंसारी, शारिक सैफी समीर आदि नमाजी उपस्थित रहे।



### कार्यालय ग्राम पंचायत बहोरनपुर कलां
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 17.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बहोरनपुर कलां विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 01.04.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 01.04. 2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विजयपाल की दुकान से यशपाल के कौने तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 60 मी0 | 272218.48 | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | मौ0 शमी के घर से नौसे के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 40 मी0 | 151615.00 | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बहोरनपुर कलां**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

### कार्यालय ग्राम पंचायत गनेशपुर देवी
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 17.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत गनेशपुर देवी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 31.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 31.03. 2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीडब्लूडी रोड से असरफ अली के मकान तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 16 मी0 | 85498.06 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 2 | आरसीसी रोड से कलुआ के मकान तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 60 मी0 | 345010.79 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 3 | असलम के मकान से भूरा के मकान तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 45 मी0 | 324145.42 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 4 | मुस्तकीम के मकान से 0पीडब्लूडी रोड तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 90 मी0 | 339109.78 | 1000 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें**:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत गनेशपुर देवी**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

### कार्यालय-ग्राम पंचायत बरवारा मजरा वि0 खं0, (मुरादाबाद)

पत्रांक मोमो / ग्रा0 पं0 बरवारा मजरा ग्राम निधि एवं केंद्रीय वित्त 2025-26 दिनांक-17/03/2026

**निविदा सूचना**

विकास खंड मुरादाबाद की ग्राम पंचायत बरवारा मजरा में पंचायती राज अधिनियम व नियमावली 1947 ( यथा - संशोधित 1994 ) के नियम संख्या 157 से सहपठित नियम संख्या 152 ( क ) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33-3-2021-225712021 के क्रम में ग्राम निधि एवं केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फॉर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन लागत जी.एस.टी. | निविदा का प्रकार | सामग्री/पूर्ण कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि 2% रु. में | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | काशीपुर रोड से अनवर के घर तक नाली निर्माण कार्य | 266774 | सामग्री आपूर्ति | 219219 | 4384.38 | 250 | 03 माह |
| 2 | काशीपुर रोड से अनवर के घर तक सी सी टाइल्स निर्माण कार्य | 494090 | सामग्री आपूर्ति | 435095 | 8701.9 | 250 | 03 माह |
| 3 | रईस अहमद के घर से सदिक मियां के घर तक नाली व टाइल्स निर्माण कार्य | 147725 | सामग्री आपूर्ति | 118490 | 2369.8 | 250 | 03 माह |
| 4 | गोट रोड से कैलिबर ग्लोबल स्कूल तक नाली कार्य | 174285 | सामग्री आपूर्ति | 141250 | 2825 | 250 | 03 माह |
| 5 | गोट रोड से कैलिबर ग्लोबल स्कूल तक सीसी टाइल्स कार्य | 223888 | सामग्री आपूर्ति | 199306 | 3986.12 | 250 | 03 माह |
| 6 | गोट रोड से शहजादे की टॉल तक नाली व सीसी टाइल्स निर्माण कार्य | 232822 | सामग्री आपूर्ति | 193537 | 3870.74 | 250 | 03 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत नाली मरम्मत / पलिया मरम्मत / सीसी टाइल्स मरमत कार्य | 124968 | सामग्री आपूर्ति | 97694 | 1953.88 | 250 | 03 माह |

1-कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है
2- आयकर व्यापार का नियम अनुसार दे होगा
3- कार्यों का अनुबंध सक्षम स्तर से अनुमोदन / स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत किया जाएगा
4- कार्य देश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरांत किया जाएगा
5- इस निविदा को बिना कारण बताएं पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढ़ाने या घटाने का अधिकार हस्ताक्षरी के पास होगा

**निविदा से सबधित विवरण** -

| क्र0 सं0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारंभ | 18-03-2026 | सुबह 10:00 बजे |
| 2 | निविदा समाप्त | 25-03-2026 | दोपहर 12:00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने की दिनांक | 25-03-2026 | दोपहर 03:00 बजे |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बरवारा मजरा
विकास खंड एवं जिला मुरादाबाद

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बरवारा मजरा
विकास खंड एवं जिला मुरादाबाद

### सर्वसाधारण को सूचना

पासपोर्ट में मेरा पहले नाम झूमा झा था, वर्तमान में मेरा नाम झूमा देबनाथ झा है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**झूमा देबनाथ झा पत्नी डॉ० सुधांशु कुमार झा पुत्री स्व० अनिल कुमार निवासनी 195, एच०आई०जी०, प्रीतम नगर, प्रयागराज- 211011**





**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर

**● आईपीएल-2026 : सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के, कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे**



**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 में एक दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा, जहां युवा जोश का सामना अनुभवी सितारों से होगा। इस सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के हैं, जबकि दूसरी ओर कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे।

आईपीएल के 19वें सीजन यानी आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। इस सीजन के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की भिड़ंत एमं चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से होनी है। दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी-20 लीग में इस बार युवा जोश बनाम अनुभव, यानी एक खास मुक.ाबला देखने को मिलेगा। एक ओर ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उम्र 19 साल से भी कम है और जो पहली बार इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं, वहीं दूसरी तरफ कई अनुभवी दिग्गज हैं जो वर्षों के अनुभव के साथ मैदान में उतरेंगे। यही वजह है कि आईपीएल 2026 में नई पीढ़ी और पुराने सितारों के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिल सकती है।

आईपीएल 2026 के पांच सबसे युवा खिलाड़ी

**वैभव सूर्यवंशी**- आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी सबसे युवा खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे। वैभव की उम्र अभी सिर्फ 14 साल है। पिछले सीजन वैभव ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी को खासा प्रभावित किया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वैभव ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक लगाया था। उन्होंने 35 गेंदों में शतक लगाया था। वैभव ने 7 मुकाबलों में 206 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 252 रन बनाए थे।

**आयुष म्हात्रे**- 16 जुलाई 2007 को जन्मे चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। फिलहाल आयुष की उम्र 18 साल 160 दिन है। आयुष के लिए पिछला सीजन शानदार रहा था। उन्होंने 7 मुकाबलों में 188 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 240 रन बनाए थे। आयुष से चेन्नई सुपर किंग्स को इस सीजन दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**साहिल पारिख**- आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले साहिल पारिख तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। साहिल की उम्र फिलहाल 18 साल 199 दिन है। साहिल को दिल्ली कैपिटल्स ने आक्शन में 30 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया है। आगामी सीजन में साहिल से दिल्ली को बढ़िया प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**सात्विक देसवाल**- आईपीएल के लिए हुए आक्शन में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सात्विक देसवाल को 30 लाख में खरीदा था। सात्विक इस सीजन खेलने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। उनकी उम्र 18 साल 275 दिन है। सात्विक बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज हैं। सात्विक को अगर प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता है, तो वह अपनी गेंदबाजी से छाप जरूर छोड़ना चाहेंगे।

**विहान मल्होत्रा**- अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपनी बल्लेबाजी से हर किसी को प्रभावित करने वाले विहान मल्होत्रा आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। विहान की फिलहाल उम्र 18 साल 356 दिन है। विहान को आरसीबी ने 30 लाख में खरीदा है। आईपीएल के पांच सबसे उम्रदराज खिलाडी

**एमएस धोनी**- आईपीएल 2026 में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी मैदान पर उतरेंगे। धोनी की उम्र 44 साल है। पिछले दो सीजन से धोनी बल्लेबाजी क्रम में काफी नीचे बैटिंग करने आ रहे हैं। आईपीएल 2025 में धोनी का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। वह 14 मुक.ाबलों में 135 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 196 रन ही बना सके थे।

**रोहित शर्मा**- मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। रोहित इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन में 38 साल की उम्र में खेलेंगे। रोहित के लिए पिछला सीजन बल्ले से शानदार रहा था। उन्होंने 15 मुकाबलों में 149 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 418 रन बनाए थे।

**विराट कोहली**- रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पिछले सीजन पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले विराट को.हली आईपीएल 2026 में खेलने वाले तीसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। आगामी सीजन में कोहली 37 साल की उम्र में खेलते हुए नजर आएंगे। आईपीएल 2025 में खेले 15 मुकाबलों में विराट ने 144 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 657 रन बनाए थे।

**ईशांत शर्मा**- आईपीएल 2026 में ईशांत शर्मा 37 साल की उम्र में हिस्सा लेंगे। ईशांत गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे। हालांकि, आईपीएल 2025 में ईशांत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। वह 7 मुक.ाबलों में सिर्फ 4 विकेट निकाल सके थे और उनका गेंदबाजी इकोनामी भी 11.18 का रहा था।

**अजिंक्य रहाणे**- आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करने वाले अजिंक्य रहाणे इस सीजन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे।

---

**खेल विशेष**

## आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी छठे नंबर से नीचे नहीं उतरें : एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने को है और एक बार फिर सभी की नजरें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी पर रहेगी। धोनी इस लीग की शुरुआत से ही हर सीजन में खेले हैं और फैंस फिर उन्हें मैदान पर उतरता हुआ देखेंगे। धोनी ने इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। अब टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने धोनी को सलाह दी है। डिविलियर्स ने धोनी के बल्लेबाजी क्रम पर बेबाक राय रखी है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी का छठे नंबर से नीचे नहीं उतरना चाहिए क्योंकि आठवें और नौवें स्थान पर उतरना उनकी मौजूदगी के साथ न्याय नहीं होता। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है और 44 साल के धोनी फिर येलो जर्सी में नजर आएंगे। सीजन की शुरुआत से पहले डिविलियर्स ने इस करिश्माई खिलाड़ी से पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजी क्रम में बहुत नीचे खेलने की रणनीति को बदलने की अपील की। वहीं, सीएसके ने आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले सैमसन को ट्रेड करने का फैसला किया, जो उनकी भविष्य की योजनाओं का हिस्सा था। धोनी की भूमिका पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा कि यह बहुत मुश्किल है और सीधा-सीधा मामला नहीं है। ब्रांड बनने में वर्षों लगते हैं और सीएसके ने धोनी की शख्सियत के साथ कई वर्षों में यह साम्राज्य खड़ा किया है जो हमेशा से वहां मौजूद रहे हैं। जब आप सीएसके का नाम लेते हैं, तो तुरंत आपके दिमाग में धोनी का नाम आता है। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में उनकी भूमिका पूरी तरह से उस ब्रांड को जितना हो सके, उतना मजबूत बनाए रखने की रही है।

---

## आईपीएल स्टार यश दयाल की नोएडा में शादी, प्रयागराज में होगा रिसेप्शन



**● यश दयाल मीडिया एंफ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से विवाह बंधन में बंध गए हैं**

**प्रयागराज, वार्ता।** प्रयागराज के रहने वाले भारतीय क्रिकेटर यश दयाल मीडिया इंफ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से विवाह बंधन में बंध गए है।

दोनो ने करीबी रिश्तेदार और मित्रों की मौजूदगी में नोएडा में फेरे लिए है जबकि उनका रिसेप्शन प्रयागराज में होगा जिसमें खेल जगत की खास हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। यश दयाल के विवाह की की पुष्टि उनके पिता चंद्रपाल दयाल ने की है। उन्होंने बताया कि यश दयाल एक सप्ताह के भीतर प्रयागराज आएंगे, जिसके बाद यहां उनके सम्मान में एक रिसेप्शन आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह में खेल जगत से जुड़े कुछ खास मेहमानों के शामिल होने की संभावना है। सोशल मीडिया पर यश दयाल की शादी से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी तेजी से वायरल हो रही हैं। प्रयागराज के रहने वाले यश दयाल ने क्रिकेट की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है और वर्तमान में भारतीय क्रिकेट से जुड़े प्रमुख तेज गेंदबाजों में गिने जाते हैं। शादी की खबर सामने आने के बाद परिवार, रिश्तेदारों और परिचिंतों में खुशी का माहौल है। प्रयागराज के चकिया स्थित उनके घर पर भी उत्साह का वातावरण है और सभी उनके घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं। यश दयाल के पिता चंद्रपाल दयाल सरकारी कर्मचारी हैं।

---

## द. अफ्रीका की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को हराया

**● द. अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 18 रनों से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली**



**हैमिल्टन, वार्ता।** ताजमिन ब्रिट्स (53), कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट (नाबाद 41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अयाबोंगा खाका (चार विकेट) और एन म्लाबा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुक.ाबले में न्यूजीलैंड को 18 रनों से शिकस्त दी।

इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला ने टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 177 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सुने लुस और ताजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े। सातवें ओवर में अमेलिया केर ने सुने लुस 21गेंदों में (31) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। ताजमिन ब्रिट्स ने 43 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 53 रनों की पारी खेली। उन्हें 13वें ओवर में अमेलिया केर ने आउट किया। एनेरी डर्कसन (2), क्लो ट्रायॉन (2) और एन डीक्लर्क (चार) रन बनाकर आउट हुई। लॉरा वोल्वाड्र्ट ने 33 गेंदों में चार चौके लगाते हुए नाबाद 41 रन बनाए। कायला रेनेके ने नौ गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 28 रन ठोके। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर और जेस केर ने दो-दो विकेट लिए। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला टीम को अयाबोंगा खाका की अगुवाई वाले दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने 19-1 ओवर में 159 रन पर ढेर कर मुकाबला 18 रनों से जीत लिया। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान अमेलिया केर ने सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। इजी शार्प (29), सोफी डिवाइन (25), मैडी ग्रीन (18), ब्रुक हॉलिडे (16) और जेस केर (14) रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए अयाबोंगा खाका चार विकेट लिए। एन म्लाबा को तीन विकेट मिले। एनेरी डर्कसेन, एन डी क्लर्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

---

## न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को हराया

**● कीवियों ने द. अफ्रीका को 68 रनों से दी मात, डवेन कॉन्वे को उनकी शानदार बैटिंग के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया**



**हैमिल्टन, वार्ता।** डेवन कॉन्वे (60) की अर्धशतकीय पारी के बाद लॉकी फार्ग्युसन और बेन सीयर्स (तीन-तीन विकेट) की बेहत.रीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 68 रनों से मात दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों सीरीज 1-1 से बराबर कर ली हैं। डेवन कॉन्वे को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 15-3 ओवरों में 107 रन ही बना सकी और 68 रनों मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए जॉर्ज लिडे ने 12 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 33 रन बनाए। इसके अलावा रूबिन हरमन (19), वियान मुल्डर (16), जेसन स्मिथ (13) और जेसन स्मिथ (10) रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फार्ग्युसन और बेन सीयर्स तीन-तीन विकेट लिए। मिचेल सैंटनर को दो विकेट मिले। जिमी नीशम और कोल मैककोन्ची ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 175 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। डेवन कॉन्वे ने 49 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। निक केली 12 गेंदों में (21) और कप्तान मिचेल सैंटनर 14 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। कोल मैककोन्ची ने 12 गेंदों में (नाबाद 18) और जॉश क्लार्कसन ने नौं गेंदों में नाबाद 29 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए वियान मुल्डर ने दो विकेट लिए।

---

## चोटिल जॉर्डन हरमन शेष टी-20 मैचों से हुए बाहर



**हैमिल्टन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज जॉर्डन हरमन दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेब्यू करते हुए, हरमन को रविवार को माउंट माउंगानुई के बे ओवल में खेले गए पहले टी-20 मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी, जिसके बाद वह मैच में आगे हिस्सा नहीं ले पाए। अब चिकित्सा जांच के लिए किए गए स्कैन से ग्रेड-2 टियर की पुष्टि हो गई है। दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक हरमन की जगह किसी और खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है।

---

## पिंडली की चोट के कारण डेन वैन नीकेर्क न्यूजीलैंड दौरे से हुई बाहर



**● डेन वैन नीकेर्क चार साल के अंतराल के बाद दिसम्बर में टी-20 टीम में वापस आई थीं**

**हैमिल्टन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की ऑलराउंडर डेन वैन नीकेर्क पिडली की चोट के कारण न्यूजीलैंड दौरे के बाकी मैचों से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अनुसार, 32 साल की इस खिलाड़ी को दाहिनी पिडली में चोट लगी है।

दोनों टीमों के बीच पहले महिला टी- 20 मैच से पहले उन्हें परेशानी महसूस हुई थी। वह उस मैच में नहीं खेलीं और अब न तो शेष टी-20 मैचों और न ही उसके बाद होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में हिस्सा लेंगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने उनकी जगह एनेके बॉश को टीम में बुलाया है।

डेन वैन नीकेर्क चार साल के अंतराल के बाद दिसम्बर में टी-20 टीम में वापस आई थीं। उन्होंने आयरलैंड और फिर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेले थे। पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच न खेल पाने के बाद, वह न्यूजीलैंड में इस प्रारुप में खेलने के लिए तैयार थीं।

---

## डीडीसीए ने प्रतिका रावल व उद्धव मोहन को किया सम्मानित

**● सम्मान समारोह में प्रतिका रावल को 51 लाख व जूनियर टीम के मोहन को 11 लाख का नकद पुरस्कार दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के विश्व कप विजेताओं प्रतिका रावल और उद्धव मोहन को सम्मानित किया।

यहां आयोजित सम्मान समारोह में सोमवार को प्रशासक, पत्रकार और खिलाड़ी भारतीय खेलों की विभिन्न उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए थे। सम्मान समारोह के दौरान डीडीसीए ने एकदिवसीय विश्व.कप 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा रही रावल को 51 लाख के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता मोहन को राष्ट्रीय जूनियर टीम के साथ उनकी उपलब्धि के लिए 11 लाख का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

समारोह में डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि उन खिलाड़ियों को सम्मानित करना हमेशा खास होता है, जो दिल्ली की व्यवस्था से उभरकर सामने आए हैं और जिन्होंने देश का गौरव के साथ प्रतिनिधित्व किया है। इस तरह की उपलब्धियां उन अनगिनत युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करती हैं, जो इसी राह पर चलने का सपना देखते हैं। एक संघ के तौर पर, हमारा मानना है कि प्रतिभा की अगली पीढ़ी को निखारने में पहचान और प्रोत्साहन की अहम भूमिका होती है। रावल ने कहा कि जब आपको इतने बड़े मंच पर सम्मानित किया जाता है, खासकर डीडीसीए और रोहन सर द्वारा, तो सचमुच बहुत अच्छा लगता है।

---

## घुटने की चोट के चलते बेवन जैकब्स दूसरे टी-20 से हुए बाहर



**● बेवन जैकब्स की जगह टीम में अनकैप्ड खिलाड़ी कैटेन क्लार्क को शामिल किया**

**हैमिल्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के मध्यमक्रम के बल्लेबाज बेवन जैकब्स अपने बाएं घुटने में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 मुकाबले से बाहर हो गए हैं।

उनकी जगह टीम में अनकैप्ड खिलाड़ी कैटेन क्लार्क को शामिल किया गया है। 23 साल के जैकब्स माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले टी-20 के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय अपने बाएं घुटने के बल गिर पड़े थे, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा।

उनके घुटने का स्कैन किया गया, जिसमें पता चला कि उनके घुटने के एक तरफ हड्डी में चोट (बोन ब्रूजिग) लगी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि जैकब्स के मैदान पर वापसी की समय-सीमा तय करने के लिए अभी और जांच की आवश्यकता है। क्लार्क ने सुपर स्मैश टूर्नामेंट में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी, जहां वह सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। 26 साल के इस दाएं हाथ के ओपनर ने नौ पारियों में कुल 431 रन बनाए, जिसमें ओटागो के खिलाफ एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

---

## खालसा, किरोड़ी मल व विवेकानंद कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के पहले दिन मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज और विवेकानंद कॉलेज ने जीत हासिल की। पुरुष वर्ग के मैच में खालसा कॉलेज ने इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान (आईजीआईपीईएस) को 6-0 से हराया। विजेता टीम के लिए विपिन ने चार गोल किए, जबकि मनीष और तनुज ने एक-एक गोल दागे। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के विपिन को चुना गया। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान में उद्घाटन समारोह में खिली धूप में पीएसपीबी के सलाहकार ललित वत्स मुख्य अतिथि थे और दिल्ली यूनिवर्सिटी के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सरिता त्यागी विशिष्ट अतिथि थीं। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा करके उनका हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मेहमानों के साथ एसजीटीबी खालसा कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद के सहायक निदेशक डा. सुशील कुमार और पद्म श्री पुरस्कार विजेता डा. रवि चतुर्वेदी ने किया। किरोड़ी मल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को 11-2 से हराया। समर सिंह और रोहित डांगी ने चार-चार गोल किए। मैन ऑफ द मैच समर सिंह को चुना गया। महिला वर्ग में विवेकानंद कॉलेज ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 1-0 से हराया।

# बिना केवाईसी व ओटीपी नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर, अफवाहों पर प्रशासन सख्त

## भावना भारत गैस एजेंसी पर प्रशासन की मौजूदगी में गैस वितरण, कई बार हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में गैस सिलेंडर को लेकर उठ रहे विवाद और बार-बार हो रहे हंगामों के बीच प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बिना केवाईसी व ओटीपी कराए नहीं मिलेगा गैस कासिलेंडर। व्यवस्था लागू कर दी है। पूर्ति निरीक्षक जयवीर सिंह व कंपनी के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि गैस की कोई कमी नहीं है, बल्कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। प्रशासन के अनुसार अब किसी भी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर तभी दिया जाएगा, जब वह अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी बताएगा। बिना ओटीपी के सिलेंडर वितरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य कालाबाजारी, अनियमित वितरण और फर्जी तरीके से सिलेंडर उठाने पर रोक लगाना है। ज्ञात हो कि बीते दिनों कुछ गैस एजेंसियों पर निर्धारित समय से पहले, अधिक कीमत पर सिलेंडर देने और सही उपभोक्ताओं को गैस न मिलने की शिकायतें सामने आई थीं। इन मामलों को लेकर कई बार उपभोक्ताओं ने एजेंसियों पर हंगामा भी किया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। इन्हीं हालातों को देखते हुए प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए ओटीपी प्रणाली लागू की है।

ताकि हर सिलेंडर सही उपभोक्ता तक पहुंचे और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर तुरंत रोक लगाई जा सके। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे गैस की किल्लत जैसी अफवाहों पर ध्यान न दें और अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर को चालू रखें। यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो तुरंत संबंधित विभाग को सूचना दें। प्रशासन का मानना है कि इस नई व्यवस्था से न केवल वितरण प्रणाली में पारदर्शिता आएगी, बल्कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित होगा।

# ई-रिक्शाओं की बढ़ती संख्या से चन्दौसी में जाम की समस्या गंभीर

**चन्दौसी।** शहर में लगातार बढ़ती ई-रिक्शाओं की संख्या के चलते जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। अनुमानित तौर पर शहर में 5 हजार से अधिक ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। स्थिति यह है कि यदि कुछ मिनटों के लिए भी यातायात रुक जाए तो सड़कों पर ई-रिक्शाओं की लंबी कतारें लग जाती हैं। हालांकि प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिसकर्मी और होमगार्ड तैनात हैं तथा 35ए रेलवे फाटक पर भी पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं, इसके बावजूद जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। शहर की सड़कों के चौड़े होने के बावजूद वाहन चालकों द्वारा मनमाने ढंग से वाहन खड़ा करने और बीच सड़क से ही वाहन मोड़ने के कारण यातायात बाधित होता है। मंगलवार को फव्वारा चौक से संयुक्त चिकित्सालय तक जाम की स्थिति बनी रही, जहां पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। कई स्थानों पर ई-रिक्शाओं की तीन-तीन लाइनें लग जाने से सड़कें संकरी प्रतीत होती हैं। वहीं एस.एम. कॉलेज के आसपास परीक्षा समाप्त होने के बाद वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है। प्रशासन द्वारा कई बार ई-रिक्शाओं के लिए वनवे रूट लागू करने का प्रयास किया गया, लेकिन इसका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो सका। परिणामस्वरूप आम नागरिकों को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।



## एक नजर



### एसडीएम से मिले व्यापारी व भाजपा पदाधिकारी गैस सिलेंडर संकट और जाम की समस्या उठाई

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में बढ़ती गैस सिलेंडर की समस्या और कमालपुरी चौराहे पर लगने वाले दैनिक जाम से निजात दिलाने के लिए मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम ठाकुरद्वारा प्रीति सिंह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ही मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।प्रतिनिधिमंडल में भाजपा से पूर्व विधान सभा प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय प्रताप सिंह,मंडल अध्यक्ष भाजपा नगर दीपक बाल्मीकि, और व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंघल सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। उन्होंने एसडीएम को अवगत कराया कि हाल के दिनों में क्षेत्र में गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसडीम प्रीति सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही आपूर्ति सुचारु कराने का आश्वासन दिया। वहीं, प्रतिनिधिमंडल ने नगर के व्यस्ततम चौराहों में से एक कमालपुरी चौराहे पर रोजाना लगने वाले भीषण जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने बताया कि इस जाम की वजह से आमजन को घंटों परेशान होना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रतिनिधिमंडल ने दो प्रमुख सुझाव रखे – चौराहे पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए और दिन के समय भारी वाहनों का नगर में प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित किया जाए। एसडीएम ने इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करने और संबंधित विभागों से वार्ता कर जल्द ही उचित कार्रवाई का भरोसा दिया।

### भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त सभासदों का भव्य स्वागत




**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका परिषद में हाल ही में नामित नए सभासदों का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में फूलमालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर आशुतोष अग्रवाल, सुधीर नायक, हेमेंद्र प्रताप, मोनिका रानी (धर्मपत्नी पवन पुष्पद) एवं श्रीमती अंशु वर्मा (धर्मपत्नी गौरव वर्मा) को पार्टी कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं ने आपस में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया और साथ ही इन सभी सभासदों के माध्यम से पार्टी के जिला, प्रदेश और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि नए सभासद ठाकुरद्वारा नगर के विकास और जनसेवा के कार्यों में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करेंगे। इस स्वागत समारोह में भाजपा विधानसभा प्रत्याशी (2022) ठाकुर अजय प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष दीपक बाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, डॉ. आफताब हासमी, ओमपाल सैनी, सत्यप्रकाश गुप्ता, नागेंद्र लांबा, संजीव चौहान सहित बड़ी संख्या में प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एसएम कॉलेज में राज्यमंत्री ने साझा कीं शिक्षा और अनुशासन पर यादें



**चन्दौसी।** अंग्रेजी शासनकाल में स्थापित एस.एम. कॉलेज अपनी समृद्ध शैक्षिक परंपरा और अनुशासन के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध रहा है। इस महाविद्यालय ने अनेक राजनेताओं, अधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों को शिक्षा दी है, जिन्होंने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी कॉलेज का नाम रोशन किया है। मंगलवार को आयोजित वृहद रोजगार मेले के अवसर पर माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी कॉलेज पहुंचीं। इस दौरान वह प्राचार्य कक्ष में गईं, जहां प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने उनका स्वागत किया। कॉलेज परिसर में प्रवेश करते ही राज्यमंत्री की पुरानी यादें ताजा हो गईं, क्योंकि यहां से कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिक्षा प्राप्त की है। राज्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहा. सिक महाविद्यालय की पहचान दूर-दूर तक है और यहां का अनुशासन सदैव सराहनीय रहा है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ ज्ञान की ज्योति को निरंतर आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने कॉलेज में बेहतर अनुशासन बनाए रखने और रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्रों को शिक्षा के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे वे भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद सम्भल पुलिस की एंटी रोमियो टीमों द्वारा 'मिशन शक्ति फेज-05' के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में मंगलवार को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बालि. काओं को जागरूक किया गया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने



चौपाल लगाकर बालिक. ाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा महिला संबंधी समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता भी बताई गई। अभियान के अंतर्गत एंटी रोमियो टीमों ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। महिला पावर लाइन 1090, आपातक. ालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिसकर्मियों ने पंपलेट वितरित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुए किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की अपील की।

# त्योहारों से पहले पुलिस सतर्क, सीओ ने की समीक्षा बैठक व पैदल गश्त



**ठाकुरद्वारा।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने थाना भोजपुर पहुंचकर अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान ठाकुरद्वारा, डिलारी, भगतपुर, भोजपुर क्षेत्र के उपनिरीक्षकों के साथ ओआर (ऑर्डरली रूम) किया गया, जिसमें लंबित विवेचनाओं और प्रार्थना पत्रों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। क्षेत्राधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को समय पर न्याय मिल सके और थाने पर अनावश्यक लंबित प्रकरणों का बोझ न बढ़े।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य में तेजी लाते हुए पारदर्शिता बनाए रखना अनिवार्य है। साथ ही जनता से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत क्षेत्राधिकारी ने पुलिस बल के साथ कस्बा भोजपुर में पैदल गश्त की। इस दौरान बाजार, मुख्य मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया और त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। पुलिस की इस सक्रियता से जहां आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है, वहीं असामाजिक तत्वों में भी हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हिंदू नववर्ष व होलिकोत्सव पर भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन

**चन्दौसी।** सीएमएस धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को हिंदू नववर्ष एवं होलिकोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ, जिसके बाद भजन और काव्य प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत सक्सेना, सुशील सक्सेना, चुन्नू सक्सेना, एस.एन. श्रीवास्तव, आकाश सक्सेना, अवकाश सक्सेना, विपिन सक्सेना, दिवाकर सक्सेना, नीरज सक्सेना, नवीन सक्सेना, रविंद्र सक्सेना, अश्विनी सक्सेना, आलोक श्रीवास्तव, कविता सक्सेना, आशा बिसारिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# इरशाद खान बने नगर पंचायत कुन्दरकी के नॉमिनेट सभासद

## संजय दिवाकर और जुली सैनी को भी मिली जिम्मेदारी





**कुन्दरकी।** नगर पंचायत कुन्दरकी में नॉमिनेट सभासदों की घोषणा के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। जारी सूची में इरशाद खान को नॉमिनेट सभासद बनाया गया है, जिसके बाद उनके समर्थकों में खासा उत्साह है और उन्हें बधाइयां दी जा रही हैं। इरशाद खान लंबे समय से क्षेत्र में सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं और आम जनता की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंच. ाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव और जनसंपर्क को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं संजय दिवाकर और जुली सैनी को भी नगर पंचायत कुन्दरकी का नॉमिनेट सभासद बनाया गया है। दोनों ही अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहे हैं और समाजसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान रहा है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि इन तीनों प्रतिनिधियों के शामिल होने से नगर पंचायत के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। नॉमिनेट सभासद बनने के बाद तीनों ने विधायक रामवीर सिंह और नगर के लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनता की सेवा करेंगे।

# एसएम कॉलेज में वृहद रोजगार मेले का आयोजन




**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को एस.एम. कॉलेज में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में हीरो, एलआईसी, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, एयरटेल, एसआईएस सहित कुल 49 कंपनियों ने प्रतिभाग कर युवाओं का साक्षात्कार लिया और योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया।

कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि आईटीआई, जीटीआई व विभिन्न तकनीकी ट्रेड से शिक्षित युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार प्रदान किया जाएगा। हीरो कंपनी के एचआर ने जानकारी दी कि चयनित अभ्यर्थियों को प्रारंभिक वेतन 12 से 14 हजार रुपये तक दिया जाएगा, साथ ही ओवरटाइम का अलग से भुगतान भी होगा। हीरो मोटर्स कंपनी से आए संजीव कुमार पांडेय ने कहा कि उनकी कंपनी लिमिटेड कंपनी है।

उनके द्वारा साक्षात्कार के बाद नौ अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया है। विज्डम कैरियर सॉल्यूशन के एचआर ने कहा कि युवाओं को समय पर ही कैरियर का चुनाव कर लेना चाहिए। दोपहर करीब दो बजे माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, भाजपा नेता सुधीर मल्होत्रा और चंद्रसेन दिवाकर मेले में पहुंचे। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर कंपनियों के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देने का आह्वान किया। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों को मंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में एस.एम. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव, नोडल प्रधानाचार्य श्रुति गुप्ता, राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह पाल, सेवायोजन अधिकारी सुधाकर मिश्रा, अनूप चौरसिया, विष्णु सक्सेना सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# न्याय पंचायत हुसैनपुर छिरावली के संकुल शिक्षकों द्वारा प्राथमिक विद्यालय छिरावली में मार्च माह की मासिक संकुल बैठक का आयोजन



**कुंदरकी।** मंगलवार को 'न्याय पंचायत हुसैनपुर छिरावली' के संकुल शिक्षकों द्वारा प्राथमिक विद्यालय छिरावली में मार्च माह की मासिक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ सभी संकुल शिक्षकों द्वारा माँ शारदे के आगे दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। सभी शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की वंदना की गयी। श्रीमती मुमताज जहाँ जी (वरिष्ठ अध्यापक) को मीटिंग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मीटिंग में सभी शिक्षकों द्वारा एक दूसरे को अपना परिचय दिया गया। इसके बाद सभी संकुल शिक्षकों द्वारा एजेंडे के अनुसार विभिन्न गति. विधियां यथा। स्कूल चलो अभियान एवं नामांकन वृद्धि रणनीति, रिमीडियल शिक्षण और शिक्षण योजना, मेगा पी.टी.एम., अभिभावक सहभागिता योजना एवं रिपोर्ट कार्ड वितरण उत्सव तैयारी। विभागीय प्राथमिकता सत्र :- टी एल एम, इको क्लब फॉर मिशन लाइफ, स्पोर्ट एवं फिजिकल एजुकेशन। समेकन एवं धन्यवाद- महत्वपूर्ण बिंदुओं की पुनरावृत्ति । के द्वारा बैठक का सफल संचालन किया गया। इसके पश्चात सभी संकुलों द्वारा बारी बारी से शिक्षक संदर्शिका, शिक्षक डायरी, निपुण प्लस एप, निपुण तालिका का उचित उपयोग शिक्षकों द्वारा शिक्षण व आंकलन में अधिक से अधिक करने के लिए कहा गया। इसके पश्चात विद्यालय की श्रीमती विभूति अग्रवाल द्वारा ज्स्ड के माध्यम से एक गतिविधि कराई गई। इसके पश्चात ज्स्ड निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण किया गया। संकुलो द्वारा कक्षा कक्ष में प्रिंट रिच मटेरियल,बिग बुक, कार्य पुस्तिका में ट्रेकर भरने, संदर्शिका का उपयोग करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती राक. ेश देवी द्वारा नए सत्र की कार्य योजना पर चर्चा की गई। इसके पश्चात संकुल शिक्षकों द्वारा डीसीएफ भरा गया। विद्यालय का भौतिक परिवेश अत्यंत मनमोहक था व विद्यालय के समस्त स्टाफ का आपसी सामंजस्य काा. बले तारीफ था। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती राकेश देवी जी के द्वारा मीटिंग का सफल आयोजन किया गया तथा उनके प्रेरक शब्दों के साथ मीटिंग समाप्त की गई ।

# आईएफटीएम में 'कॅरियर काउंसलिंग' विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की ओर से अपने पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए "कॅरियर काउंसलिंग" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सही कॅरियर पथ, रुचि-आधारित कौशल विकास और उद्योग की मांगों के अनुसार विशेषज्ञ चुनने में मदद करता हैं। इस कार्यशाला में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के एलुमनाई हेड डॉ. निखिल गुप्ता ने बतौर रिसोर्स पर्सन अपने वक्तव्य में सही कॅरियर के चुनाव करने में सहायता करने वाले विभिन्न पहलओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थी वर्तमान नौकरी बाजार के रुझानों और आवश्यकताओं से अवगत होते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कॅरियर काउंसलिंग कार्यशालाएं विद्यार्थियों के अंदर तनाव कम करके उनकी आत्म-जागरूकता बढ़ाती हैं और उन्हें उनके सुनहरे भविष्य के लिए निर्णय लेने में सक्षम बनाती हैं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने बताया कि कॅरियर काउंसलिंग विषय पर आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और कौशल के अनुसार सही कॅरियर पथ चुनने में मार्गदर्शन करना रहा। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों के अन्दर उपजे भ्रम को दूर करने, आत्मविश्वास बढ़ाने, सही शैक्षिक विकल्प चुनने और सुनहरे भविष्य के लिए निर्णय लेने में सहायक होती है, जिसके फलस्वरूप उन्हें नौकरी में संतुष्टि मिलती है। कार्यक्रम के दौरान बिजनेस मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव, होटेल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया एवं कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना की उपस्थिति रही। कार्यशाला के सफल आयोजन में कार्यक्रम व स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की संयोजिक डॉ. आरती गर्ग समेत स्टुडेंट डेवलपमेंट सेल के सदस्यों श्री अक्षय शर्मा, सुश्री ज्योति सिंह, डॉ चारू दत्ता, श्री आकाश मौर्य का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला में स्कूल के सभी शिक्षकों के अलावा 80 से अधिक छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 18 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईरान का खेल

डोनाल्ड ट्रंप के जीत के दावों के बावजूद ईरान की क्षमता का गलत आकलन सामने आया है। होर्मुज स्ट्रेट संकट, सहयोगी देशों की बेरुखी और बढ़ती तेल कीमतों ने अमेरिका पर दबाव बढ़ाया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, जबकि विश्लेषक इसे अमेरिका-इजरायल की बड़ी रणनीतिक चूक मान रहे हैं। ईरान के खिलाफ ऑपरेशन एपिक फ्यूरी लॉन्च करने के बाद से अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप दर्जनों बार दोहरा चुके हैं कि यह जंग उन्होंने करीब जीत ही ली है और तेहरान बातचीत के लिए गिड़गिड़ा रहा है। हालांकि दो हफ्ते से ज्यादा वक्त बाद भी जो जमीनी हकीकत है, वह बताती है कि ईरान की क्षमताओं को आंकने में अमेरिका-इस्राइल से चूक हो गई। यह बात ट्रंप की उन अपीलों से भी जाहिर हो रही है, जो उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर की हैं। ट्रंप चाहते हैं कि नैटो और दूसरे देश भी होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने के लिए आगे आएं। उन्होंने जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और फ्रांस का नाम लिया है। हालांकि किसी भी देश ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। ऑस्ट्रेलिया ने तो साफ तौर पर इनकार कर दिया है, जबकि जापान ने कानूनों का हवाला दिया है। इस बेरुखी पर ट्रंप ने नैटो को धमकी दी है, तो पेइचिंग को याद दिलाया है कि होर्मुज स्ट्रेट से होकर उसका रु. 90 प्रतिशत तेल जाता है और उनकी चीन यात्रा टल भी सकती है। दुनिया दबाव की यह रणनीति टैरिफ वॉर में भी देख चुकी है। दूसरों को इस लड़ाई में खींचने की बेताबी बताती है कि ट्रंप फंसा महसूस कर रहे हैं। अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एकतरफा युद्ध तब शुरू किया, जब समझौते को लेकर बातचीत चल रही थी और माना जा रहा था कि इस बार कोई रास्ता निकल सकता है। इस एकतरफा फैसले का ही असर था कि ब्रिटेन ने शुरू में अपने सैन्य अड्डे इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी थी, जिसे लेकर ट्रंप आज तक नाराज बताए जाते हैं। अमेरिका-इजरायल केवल ईरान की ताकत को ही भांपने में गलत साबित नहीं हुए, बल्कि यह समझने में भी चूक कर गए कि संघर्ष कितना व्यापक हो सकता है। अब इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। धरती का सबसे व्यस्त तेल मार्ग बंद है। बढ़ती अनिश्चितता ने क्रूड ऑयल के दाम को 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंचा दिया है। पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था दबाव का सामना कर रही है। बड़ी चूक। हालात पर साफगोई की उम्मीद ट्रंप से अब भी नहीं की जा सकती है। वह तो अपने दावे पर कायम हैं कि ईरान समझौता करना चाहता है, जबकि तेहरान बार-बार कह रहा है कि अमेरिका को उसकी आक्रामकता का जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी मीडिया और वहां के कई राजनेता मान रहे हैं कि वॉशिंगटन से बड़ी चूक हो गई। ईरान युद्ध पश्चिम एशिया को लेकर अमेरिका के गलत आंकलनों और पूर्वाग्रहों का एक और उदाहरण है।

## भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया



राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या के सभी हथकंडे आजमाए, लेकिन पार्टी विधायकों तथा नेताओं की सतर्कता के कारण भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया और कुछ क्रॉस वोटिंग कराने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की शानदार जीत हुई, भाजपा हाईकमान हर कीमत पर हरियाणा से राज्यसभा की सीट हासिल करना चाह रहा था, भाजपा ने इसके लिए क्रॉस वोटिंग कराने के सभी हथकंडे अपनाने की कोशिश की, यहां तक कि गुजरात के उपमुख्यमंत्री को हरियाणा में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा, लेकिन कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया, हरियाणा में रात में अंधेरे में भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की।

**दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सदस्य कांग्रेस कार्य समिति और पार्टी सांसद**

# दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है

आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवेदनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिका. रिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनी. तिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।



'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्व इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है। यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है। विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विच. ारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिए दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नए सोच के साथ नए रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरुआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

**...साभार डीटी**

# विकास का अनोखा मोड़, चीजों का लुप्त हो जाना

**नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवतः उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा।**

सांप बड़े विचित्र कशेरुकी जीव होते हैं। इनका शरीर इतना पतला होता है कि इसमें दूसरे फेफड़े के लिए जगह नहीं होती। यह अपनी जीभ से सूंघते हैं और सबसे खास बात तो यह कि इनकी टांगें नहीं होती। अब एक दर्जन से अधिक सांप प्रजातियों के जीनोम को अनुक्रमित कर उन उत्परिवर्तनों का पता लगाया गया है जिनके कारण टांगें लुप्त हुई थीं। कई अन्य लक्षणों से सम्बंधित डीएनए भी पता चले हैं। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में चेंग्दू इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजी के सरीसृपविज्ञानी जिया-तांग ली और उनके सहयोगियों ने सांपों के 12 कुलों की 14 प्रजातियों के जीनोम का अनुक्रमण किया। सैंपल में शामिल सांप जैव विकास की 15 करोड़ वर्षों की अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उन 11 सांप प्रजातियों के जीनोम भी शामिल कर लिए जिन्हें पहले अनुक्रमित किया जा चुका था। सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में टीम ने बताया है कि भुजाओं के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन द्धपीटीसीएच1ऋ में तीन स्थानों से डीएनए खंड गायब थे। पूर्व शोधकर्ताओं का ख्याल था कि पीटीसीएच1 की गतिविधि को नियंत्रित करने वाले डीएनए खंड में उत्परिवर्तन कुछ हद तक टांगों के गायब होने के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन अब लग रहा है कि स्वयं जीन में हुए उत्परिवर्तन भुजाओं के ]ास के लिए जिम्मेदार है। सभी सांपों में पीटीसीएच1 में एक जैसे उत्परिवर्तन पाए गए और इस आधार पर यह टांगों के लोप का कारण लगता है। और तो और, जब ली की टीम ने चूहों में एक समकक्ष जीन में वही उत्परिवर्तन किए तो चूहों के पैर की उंगलियों की हड्डियां बहुत छोटी हो गई थीं।



इसके अलावा उन्होंने सांपों की अन्य आनुवंशिक विशेषताओं को भी देखा है। पूर्व में किए गए अधूरे जीनोम के विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना था कि सरीसृपों ने दृष्टि के मुख्य जीन को खो दिया है। लेकिन नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवतः उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा। लेकिन इन जीन्स के अभाव में यदि सांप का बायां फेफड़ा बनता भी है तो उसका आकार बहुत छोटा होता है।

# एपस्टीन फाइल्स : धन और प्रभाव में पीछे छूट गई मनुष्यता

एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलें केवल किसी एक व्यक्ति के अपराधों का दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे उस वैश्विक मानसिक स्थिति का प्रतिबिंब हैं, जिसमें सत्ता, धन और प्रभाव ने मनुष्यता को पीछे छोड़ दिया। यह तथ्य अपने आप में चिंताजनक है कि जिन नामों का उल्लेख इन फाइलों में आया है, वे अलग-अलग देशों, संस्कृतियों, रंगों, जातियों और धर्मों से आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या किसी एक समाज की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जो स्वयं को नियमों से ऊपर मानने लगती है।

जब किसी व्यक्ति के पास अत्यधिक शक्ति और साधन आ जाते हैं, तब उसके भीतर यह भ्रम जन्म लेने लगता है कि उसके लिए हर सीमा शिथिल है। यही भ्रम धीरे-धीरे संवेदनहीनता में बदल जाता है। दूसरे मनुष्य को वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं, बल्कि अपने सुख का साधन समझने लगता है। नाबालिग बालिकाएं, जिनका संरक्षण समाज का कर्तव्य है, ऐसे विकृत दृष्टिकोण में सबसे आसान शिकार बन जाती हैं, क्योंकि वे कमजोर होती हैं, निर्भर होती हैं और अक्सर अपनी पीड़ा व्यक्त करने में असमर्थ होती हैं।

आधुनिक समय की उपभोक्तावादी संस्कृति ने इस विकृति को और बढ़ाया है। जब जीवन का उद्देश्य केवल भोग, प्रदर्शन और सुख-साधनों का संग्रह बन जाता है, तब नैतिक विवेक धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। मनोरंजन उद्योग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और दिखावटी जीवनशैली ने देह को वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उम्र, मर्यादा और सहमति जैसी अवधारणाएं गौण होती चली गईं। परिणामस्वरूप, कुछ लोगों के लिए अपराध भी एक 'विशेष सुविधा' जैसा बन गया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब लगभग हर देश में कानून हैं, अंतर्राष्ट्रीय संधियां हैं और मानवा. धिकारों की घोषणाएं हैं, तब भी ऐसे अवैधानिक कृत्य वर्षों तक कैसे चलते रहे। इसका उत्तर यही है कि कानून पुस्तकों में तो जीवित रहते हैं, लेकिन जब उन्हें लागू करने वाली संस्थाएं प्रभाव, भय या स्वार्थ से ग्रस्त हो जाती हैं, तब न्याय निष्प्रभावी हो जाता है। जब अपराध करने वाले ही सत्ता और व्यवस्था के केंद्र में हों, तब सामान्य नागरिक के लिए न्याय पाना कठिन हो जाता है और प्रभावशाली लोगों के लिए हर दरवाजा अपने आप खुलता चला जाता है। यहीं से समाज में दोहरी व्यवस्था जन्म लेती है एक आम आदमी के लिए और दूसरी ताकतवर लोगों के लिए। जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती। मीडिया, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर न हो। तीसरे, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना अनिवार्य है। सत्ता में बैठे लोगों के कार्यों पर निरंतर निगरानी, स्वतंत्र जांच और समयबद्ध न्याय ही ऐसे नेटवर्क को पनपने से रोक सकते हैं। चौथे, सांस्कृतिक स्तर पर यह पुनः स्थापित करना होगा कि संयम, मर्यादा और करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सभ्यता की पहचान हैं। जिन समाजों ने इन मूल्यों को जीवित रखा है, वे आज भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। एपस्टीन प्रकरण हमें यह याद दिलाता है कि नैतिक पतन अचानक नहीं होता, वह धीरे-धीरे तब होता है जब समाज छोटी-छोटी अनैतिकताओं को नजरअंदाज करता रहता है। यदि आज भी हमने समय रहते चेतना नहीं जगाई, तो नाम, स्थान और चेहरे बदलते रहेंगे, पर अपराध की प्रकृति बनी रहेगी। इसलिए यह केवल दूसरों की कहानी नहीं है, यह हम सभी के लिए आत्मपरीक्षा का अवसर है कि हम किस प्रकार का समाज भविष्य की पीढ़ियों को सौंपना चाहते हैं।

जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती।



**-साभार आर.आर.**



मलेशिया। सेपांग स्थित कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची ईरान की महिला फुटबॉल टीम की सदस्य।

## यूएई तट से 23 समुद्री मील पूर्व में पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला: यूकेएमटीओ

**लंदन।** ब्रिटिश नौसेना ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पूर्वी तट पर फुजैराह से 23 समुद्री मील पूर्व में एक पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया है। रॉयल नेवी के ब्रिटेन समुद्री व्यापार कार्यालय (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यूकेएमटीओ को फुजैराह (ओमान की खाड़ी) से 23 समुद्री मील पूर्व में एक घटना की सूचना मिली है। लंगर डाले हुए एक टैंकर ने अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला होने की सूचना दी है। इस हमले में उसे मामूली क्षति हुई है। इसमें चालक दल के किसी सदस्य को चोट नहीं आई है।

# पश्चिम एशिया युद्ध पर चीन के बाद रूस की भी चेतावनी

## मास्को ने तुरंत युद्ध रोकने और बातचीत शुरू करने की अपील की, नागरिकों की सुरक्षा पर जताई चिंता

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य टकराव के बीच रूस ने सभी पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने की अपील की है। इससे पहेल होर्मुज संकट पर चीन ने भी अमेरिका को चेतावनी दी थी। रूस के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मौजूदा संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है और इससे आम नागरिकों की जान पर खतरा बढ़ गया है।

रूस ने कहा कि हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और इसे तुरंत रो. कने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक रास्ता अपनाना जरूरी है। रूस ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में हिंसा का नया और खतरनाक दौर शुरू हो गया है। मंत्रालय के मुताबिक इस हमले के बाद क्षेत्र में तनाव तेजी से बढ़ा है और अब तक

**■ रूस के अनुसार इस कदम ने पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और अब लगातार अधिक घातक हमले हो रहे हैं**



सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। रूस ने कहा कि इस संघर्ष का कोई स्पष्ट अंत नजर नहीं आ रहा है और इससे क्षेत्रीय स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई ने मध्य पूर्व में हिंसा के अभूतपूर्व चक्र को जन्म दिया है। बयान में कहा गया कि यह हमला बिना उकसावे के किया गया था। रूस के अनुसार इस कदम ने पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और अब लगातार अधिक घातक हमले हो रहे हैं। रूस ने कहा कि इस युद्ध का सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है। मंत्रालय ने बताया कि ईरान और खाड़ी के अरब देशों में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। रूस ने सभी पक्षों से अपील की कि वे नागरिक इलाकों और बुनियादी ढांचे पर हमले बंद करें। बयान में कहा गया कि नागरिकों की मौत और पीड़ा को तुरंत रोकना जरूरी है। रूस ने कहा कि इस संघर्ष का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। यह समुद्री मार्ग दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम माना जाता है। रूस के अनुसार इस मार्ग में बाधा आने से वैश्विक व्यापार और तेल बाजार पर गंभीर असर पड़ सकता है। रूस ने कहा कि वह इस संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। मास्को ने कहा कि उसके पास ऐसे संसाधन और कूटनीतिक क्षमता है जिससे दीर्घकालिक और स्थायी समाधान में मदद मिल सकती है। रूस ने सभी पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने और बातचीत की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की है।

## इराकी हिजबुल्लाह ने की अपने वरिष्ठ कमांडर के मौत की घोषणा

**बगदाद/ब्रसेल्स।** ईरान से संबद्ध इराकी मिलिशिया, कताइब हिजबुल्लाह ने मंगलवार को अपने एक वरिष्ठ कमांडर, अबू अली अल-अस्करी की मौत की घोषणा की।यह हाल के दिनों में समूह के शीर्ष नेताओं की हत्या की दूसरी घटना है। इससे पहले मिलिशिया ने पुष्टि किया था कि बगदाद स्थित उसके एक कार्यालय को निशाना बनाकर किए गए हमले में एक अन्य वरिष्ठ नेता अबू अली अल-अमीरी मारा गया था। ये घटनाएं इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया और अमेरिका के बीच बढ़ती शत्रुता के बीच हुई हैं जिसमें दोनों पक्षों ने हाल के हफ्तों में एक दुसरे पर हमलों की सूचना दी है। इससे पहले हिजबुल्लाह समूह ने बगदाद के बाहर एक अमेरिकी हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट के पास रेस्टोरेंट में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी में फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे के पास एक रेस्टोरेंट में मंगलवार तड़के हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमलावर वारदात के बाद से फरार है। शुरुआती जांच के अनुसार, एक सशस्त्र व्यक्ति स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3:45 बजे (स्थानीय समयानुसार) रेस्टोरेंट के भीतर दाखिल हुआ और वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। हमले में घायल दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### निर्यात सामान वापस आने पर आयात नहीं माना जाएगा : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया है कि ईरान युद्ध की वजह से रास्ता नहीं मिलने के कारण यदि कोई निर्यात किया गया सामान वापस आता है तो अनलोडिग होने पर उसे घरेलू सामान के रूप में ही माना जाएगा और आयात नहीं माना जाएगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा राज्य मंत्री जतिन प्रसाद ने लोकसभा में मंगलवार को एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि वैश्विक माहौल में जो सामान निर्यात हो रहा है उसे निर्धारित जगह पर पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### रवीना टंडन नजर आएंगी गार्नियर कलर नेचुरल्स के नए कैंपेन में


**मुंबई।** गार्नियर ने पहली बार अभिनेत्री रवीना टंडन को ब्रांड की बालों का पोषण करने वाली हेयर कलर रेंज, गार्नियर कलर नेचुरल्स, का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस साझेदारी के साथ एक नया कैंपेन शुरू हो रहा है, जिसमें रवीना टंडन नजर आएंगी। यह कैंपेन, ब्रांड की प्राकृतिक दिखने वाले और चमकदार हेयर कलर्स में भरोसेमंद विशेषज्ञता को रवीना की टाइमलेस अपील के साथ जोड़ता है, जो हर उम्र के लोगों की पसंद है।

# ईरान ने कसा होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा

## पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंचा, जंग खत्म होने के संकेत नहीं, बढ़ेगा वैश्विक ऊर्जा संकट

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंच गया और इसके खत्म होने के कोई संकेत भी नहीं मिल रहे हैं। ईरान ने समुद्री परिवहन के लिए प्रमुख मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा और कस दिया है। इन घटनाक्रमों से वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंकाएं और अधिक बढ़ गई हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई के हवाले से तसनीम समाच. ार एजेंसी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुश्मन देशों के लिए बंद है, मित्र देशों के लिए नहीं।

उन्होंने कहा कि इस समुद्री मार्ग को किसी भी ऐसे देश के लिए नहीं खोला जाएगा जो ईरान पर हमला करना चाहता हो। इस जलमार्ग से जहाजों का आवागमन विशेष परिस्थितियों में होगा। ईरान के सशस्त्र बल इस मार्ग को नियंत्रित करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में आवश्यक उपाय करने का अधिकार रखता है। दुनिया के पांचवें हिस्से के परिवहन वाले इस जलमार्ग पर व्यवधान पैदा होने से तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। ईरान ने सोमवार को दुबई हवाईअड्डे के साथ ही खाड़ी देशों में अमे. रिकी सैन्य ठिकानों और ऊर्जा क्षेत्रों को निशाना बनाया। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ड्रोन हमले के बाद एक ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई। मध्य ईरान के मरकजी प्रांत में रात भर चले हमलों में पांच लोग मारे गए और सात घायल हो गए। समाचार एजेंसी ने बताया कि अराक शहर के बाहरी इलाके में एक आवासीय क्षेत्र और महल्लात काउंटी में एक आवासीय इमारत पर हमला किया गया। मरकजी प्रांत के ही खोमेन शहर में एक लड़कों के स्कूल को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान में नए साल (नौरोज) के आगमन से ठीक पहले मनाए जाने वाले पारंपरिक अग्नि उत्सव 'चहारशंबे सूरी' को लेकर इस बार भारी तनाव की स्थिति बनी हुई है। ईरानी प्रशासन ने नागरिकों को चेतावनी जारी करते हुए इस साल किसी भी प्रकार ऐसे त्योहार को मनाने पर रोक लगा दी है जिसमें लोग एक जगह जमा होकर नाचते गाते हैं। 'चहारशंबे सूरी' पर्व फारसी कैलेंडर के अंतिम मंगलवार की रात को मनाया जाने वाला एक प्राचीन उत्सव है। इसमें लोग अलाव जलाकर उसके ऊपर से गुजरते हैं और कूदते हैं, जिसे शुद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक माना जाता है। आधुनिक समय में यह उत्सव आतिशबाजी और दावतों के रूप में तब्दील हो गया है, जो वसंत के आगमन और नौरोज की खुशी का संकेत देता है। ईरानी रेड क्रिसेंट, दमकल विभाग और आपातकालीन सेवाओं के जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि मौजूदा युद्ध की स्थिति और सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए लोगों को सड़कों पर नहीं उतरना चाहिए। प्रशासन का तर्क है कि इस समय चिकित्सा प्रणाली और आपातक. ालीन संसाधनों को सुरक्षित रखना अनिवार्य है ताकि उन पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। स्वतंत्र पर्यवेक्षकों और विपक्षी नेताओं का मानना है कि उत्सव पर यह रोक सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि असंतोष को दबाने के लिए लगाई गई है। जनवरी में हुए देशव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शासन डरा हुआ है। कई प्रांतीय अधिकारियों ने इस उत्सव को 'राष्ट्रीय व्यवस्था और सुरक्षा के लिए खतरा' करार दिया है। अधिकारियों का दावा है कि 'दुश्मन' इस तरह की भीड़ का फायदा उठाकर अशांति फैला सकता है।



**■ ईरान में नए साल (नौरोज) के आगमन से ठीक पहले मनाए जाने वाले 'चहारशंबे सूरी' त्योहार पर सरकारी रोक**

## पश्चिम एशिया में जंग के बीच चीन की बड़ी पहल

**■ ईरान, लेबनान और पड़ोसी देशों को आपातकालीन मानवीय सहायता की घोषणा**

**बीजिंग।** चीन ने पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच मानवीय संकट को कम करने के लिए ईरान, जॉर्डन, लेबनान और इराक को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मंगलवार को एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में इसकी आधिकारिक घोषणा की। प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि वर्तमान में चल रहे युद्ध और संघर्षों ने ईरान तथा इस क्षेत्र के अन्य देशों के नागरिकों के लिए असहनीय मानवीय आपदा पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि चीन संबंधित देशों के लोगों के प्रति गहरी सहानुभूति रखता है और इस कठिन समय में उनके साथ खड़ा है। चीन का यह कदम उन क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए है जहां युद्ध के कारण बुनियादी सुविधाओं और जीवन रक्षक वस्तुओं की भारी कमी हो गई है। चीन ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर शांति बहाली की अपील की है। जियान ने जोर देकर कहा कि चीन शांति को बढ़ावा देने और तत्काल युद्धविराम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखेगा।

## धर्म के राजनीतिकरण के खिलाफ एकजुट हो विश्व समुदाय

**■ यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतानेनी का इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया में आह्वान**

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतानेनी ने मंगलवार को धर्म के राजनी. तिकरण और आस्था को हथियार बनाने के बढ़ते खतरों के खिलाफ वैश्विक सतर्कता का आह्वान किया।

पर्वतानेनी इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) और 'यूनाइटेड नेशंस अलायंस ऑफ सिविलाइज. ेशन' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया' को संबोधित कर रहे थे। राजदूत ने 'इस्लामोफोबिया के नैरेटिव' का उपयोग करने के लिए पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और कहा कि संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए आस्था का उपयोग करना चिंता. जनक है। पर्वतानेनी ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धार्मिक पहचान के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह धार्मिक पहचान को हथियार बनाने और इसे संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस्तेमाल करने की बढ़ती प्रवृत्ति और खतरों पर ध्यान दे, चाहे वह सरकारी पक्ष की तरफ से हो या गैर-सरकारी पक्ष की ओर से। भारत का पश्चिमी पड़ोसी अपने पड़ोस में इस्लामोफोबिया की काल्पनिक कहानियां गढ़ने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। राजदूत ने सभा से पड़ोसी देश के मानवाधिकार रिकॉर्ड का मूल्यांकन करने का आग्रह किया और सवाल उठाया कि अहमदिया समुदाय के व्यवस्थित दमन और अफगान शरणार्थियों की जबरन वापसी को कैसे उचित ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई आश्चर्य कर सकता है कि इस देश में अहमदिया समुदाय के क्रूर दमन, या असहाय अफगानों की बड़े पैमाने पर वापसी या रमजान के इस पवित्र महीने में हवाई बमबारी अभियानों को क्या कहा जाएगा? राजदूत ने चुनिंदा नैरेटिव (विमर्श) के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि धर्म का राजनीतिकरण शिकायतों का समाधान नहीं करता है। हम ऐसे ढांचे के खिलाफ सावधानी बरतने का आग्रह करते हैं जो केवल एक ही आस्था पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बिना इसके सभी रूपों में 'रिलिजियोफोबिया' (धर्म के प्रति डर) को संबोधित किए। पर्वतानेनी ने धर्म या विश्वास के आधार पर असहिष्णुता और भेदभाव के सभी रूपों के उन्मूलन पर 1981 के संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र को एक 'संतुलित और स्थाई साधन' बताया जो 'किसी को विशेषाधिकार दिए बिना सभी धार्मिक अनुयायियों के अधिकारों की रक्षा करता है।

## हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर सहयोगी देशों के रुख से ट्रम्प नाराज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगी देशों की आलोचना करते हुए कहा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को सुरक्षित करने के लिए उन्होंने जिस गठबंधन का प्रस्ताव रखा है, उसके प्रति सहयोगियों में 'उत्साह' की कमी है।

हॉर्मुज जलडमरूमध्य से ही दुनिया के ऊर्जा संसाधनों के पांचवें हिस्से की जहाजों से जरिए आपूर्ति की जाती है। ट्रम्प ने सोमवार देर रात ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान के साथ संघर्ष जल्द ही खत्म हो सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस हफ्ते किसी समाधान की संभावना कम है। उन्होंने इस सैन्य अभियान का बचाव करते हुए कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए यह जरूरी था। ट्रम्प ने कहा कि यह अभियान जल्द ही खत्म हो जाएगा। हमारी दुनिया कहीं ज्यादा सुरक्षित होगी। गौरतलब है कि ईरान ने 28 फरवरी को अमे. रिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों के जवाब में इस क्षेत्र से होकर गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी थी जिसके बाद फारस की खाड़ी से होने वाली जहाजों की आवाजाही काफी हद तक कम हो गई है। ट्रम्प ने ब्रिटेन की प्रतिक्रिया पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर द्वारा इस संघर्ष में नाटो को शामिल करने में दिखाई गई हिचकिचाहट से मैं 'खुश नहीं हैं' और बहुत हैरान हूं।

## रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने 206 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए: रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने पिछली रात 206 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पिछली रात वायु रक्षा प्रणालियों ने 206 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों को रोककर नष्ट कर दिया। बयान के अनुसार, 62 ड्रोन ब्रायांस्क क्षेत्र में, 43 मॉस्को क्षेत्र में , 28 क्रास्नोडार क्षेत्र में, 18 क्रीमिया में, 12 स्मोलेंस्क क्षेत्र में, 9 कलुगा क्षेत्र में, 8 बेलगोरोड क्षेत्र में, 6 रोस्तोव क्षेत्र में, 4 लेनि. नग्राद क्षेत्र में, 3 अस्त्रखान क्षेत्र में और 1 अदिगेया गणराज्य में मार गिराए गए। इसके अलावा, आजा. ेव सागर के ऊपर 12 ड्रोनों को भी नष्ट किया गया है।

# ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प

## नाटो देश बोले: ये हमारी लड़ाई नहीं, होर्मुज का रास्ता खुलवाने से किया इन्कार, 17 दिन बाद हालात बदले

**वाशिंगटन।** ईरान में खामेनेई समेत 40 से भी ज्यादा अधिकारियों के मारे जाने के बाद अमेरिका को यह जंग बड़ी कामयाबी नजर आ रही थी। लेकिन 17 दिन बाद हालात बदल चुके हैं। युद्ध का कोई साफ अंत नजर नहीं आ रहा है। ईरान ने जवाब में होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते तेल आपूर्ति रोक दी, जिससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बड़ी चोट पहुंची है।

ट्रम्प अब अपने सहयोगी नाटो देशों से होर्मुज में रास्ता खुलवाने की अपील कर रहे हैं। हालांकि इन देशों ने साफ कर दिया है कि वे होर्मुज स्ट्रेट में अपने वारशिप नहीं भेजेंगे। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर नाटो देश इस अहम समुद्री रास्ते को फिर से खोलने में मदद नहीं करते, तो नाटो का भविष्य खराब हो सकता है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा।



**■ द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा**

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि इस मामले में कभी कोई फैसला नहीं हुआ, इसलिए जर्मनी के सैन्य योगदान का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार खत्म होनी चाहिए, लेकिन बमबारी करके उसे झुकाना सही तरीका नहीं है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने भी अमेरिका पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह यूरोप का युद्ध नहीं है और जब अमेरिकी नौसेना खुद इतनी ताकतवर है, तो कुछ यूरोपीय जहाज क्या कर लेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उनका देश इस बड़े युद्ध में नहीं फंसेगा। उन्होंने माना कि होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलना जरूरी है ताकि तेल बाजार स्थिर रहे, लेकिन यह आसान काम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी कदम ज्यादा से ज्यादा देशों की सहमति से ही उठाया जाएगा। यूरोपीय देशों ने सैन्य कार्रवाई की बजाय कूटनीति पर जोर दिया है। होर्मुज स्ट्रेट बहुत अहम है क्योंकि यहां से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की सप्लाई होती है, जो फिलहाल ईरान के कारण प्रभावित हो रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर सोमवार को लंदन में मिडिल ईस्ट की स्थिति पर आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते हुए। इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि इस संकट का हल बातचीत से ही निकलना चाहिए और उनका देश किसी नौसैनिक मिशन को बढ़ाने के पक्ष में नहीं है।



# सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा

**मुंबई।** अभिनेत्री अदा शर्मा सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो का किरदार निभाती नजर आएंगी। अदा शर्मा अपने आने वाले प्रोजेक्ट में एक आलसी, भ्रष्ट और पूरी तरह से अनप्रेडिक्टेबल सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी। पारंपरिक सुप. रहीरो जहां दुनिया को बचाते हैं, वहीं उनका किरदार नियम तोड़ता है, झूठ बोलता है और शायद दुनिया को बचाने के बजाय उसे तबाह करना भी चाह सकता है। हाल ही में सामने आए फर्स्ट लुक ने सोशल मीडिया पर काफी उत्साह पैदा कर दिया है। फैंस आदा के किरदार 'वेल्ली' की झलक देखकर उत्साहित हैं और फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस अजीब और अनोखे कॉन्सेप्ट वाला सुपरहीरो दर्शकों को कुछ नया और मनोरंजक देने का वादा करता है। अदा शर्मा ने हमेशा यह साबित किया है कि वे खुद को किसी एक जॉनर तक सीमित नहीं रखतीं। उन्होंने पहली बार हॉरर फिल्म 1920 से ध्यान खींचा, फिर केरला स्टोरी में इंटेंस ड्रामा दिखाया, सनफ्लावर सीजन 2 में अपनी कॉमिक टाइमिंग दिखाई और कमांडो में हाई-ऑक्टेन एक्शन किया। वहीं बस्तर: द नक्सल स्टोरीमें उन्होंने एक गंभीर और ग्रिटी किरदार निभाया है।

## काशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जियोहॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम

**मुंबई।** अभिनेत्री कशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। इससे दर्शकों को गीता की प्रेरणादायक कहानी और शिक्षा के लिए उसके संघर्ष को फिर से देखने का अवसर मिलेगा। सिनेमाघरों में रिलीज के बाद से ही इस फिल्म को उसके अर्थपूर्ण संदेश और भावनात्मक कहानी के लिए सराहा गया है, वहीं मुख्य भूमिका निभाने वाली काशिका कपूर के दमदार अभिनय को दर्शकों ने खास तौर पर पसंद किया है।यह फिल्म महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करती है, जो राष्ट्रीय पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावना को भी दर्शाती है। ग्रामीण पृष्ठभूमि में आधारित यह कहानी गीता नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सामाजिक दबावों और बाधाओं के बावजूद अपनी पढ़ाई पूरी करने और बेहतर भविष्य बनाने का सपना देखती है। फिल्म की कहानी के केंद्र में काशिका कपूर हैं, जिन्होंने गीता के किरदार को बेहद सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ निभाया है। आयुष्मती गीता मैट्रिक पास की खास बात यह है कि यह मनोरंजन के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी देती है।

## नाइजीरिया: तीन भीषण धमाकों से दहला बाजार

**■ 23 की मौत और 100 से अधिक घायल**

**अबुजा।** नाइजीरिया के मैदुगुरी शहर में सोमवार शाम हुए तीन सिलसिलेवार बम धमाकों में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और 108 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन हमलों में शहर के व्यस्ततम इलाकों को निशाना बनाया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि संदिग्ध आत्मघाती हमलावरों ने 'मंडे मार्केट', 'यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल' के गेट और 'पोस्ट ऑफिस क्षेत्र में आईईडी के जरिए ये विस्फोट किए। धमाके उस समय हुए जब इन इलाकों में लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी, जिससे हताहतों की संख्या में इजाफा हुआ। विस्फोटों के तुरंत बाद सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके। प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि वर्तमान में मैदुगुरी में स्थिति सामान्य हो गई है। हालांकि पूरे शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। इन घातक हमलों की जिम्मेदारी अब तक किसी भी समूह ने नहीं ली है। मैदुगुरी क्षेत्र लंबे समय से उग्रवादी गतिविधियों से प्रभावित रहा है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108